ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



अमिताभ बच्चन स्टार 'सेक्शन 84' में डायना पेंटी...

पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 04 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-168 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम आज करेंगे राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार 4 अप्रैल को सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक होनी है। इस बैठक में सड़क दुर्घटना रोकने व लोगों को जागरूक करने पर चर्चा होगी। बैठक में विशेष तौर पर गोल्डन ऑवर पर रणनीति तय की जाएगी। चूंकि दुर्घटना के बाद का पहला घंटा नाजुक होता है। इस बैठक से पहले परिवहन विभाग के अधिकारियों ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि पिछली राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक 18 फरवरी 2021 को हुई थी। सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य बैठकों में लिए गए निर्णय को लागू करने की अनुमति दी जाए।

### रिम्स पर 10 हजार का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को रिम्स की बदहाली और आउटसोर्सिंग के जरिए कर्मियों की नियुक्ति के मामले में सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रिम्स पर दस हजार का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने रिम्स की ओर से जवाब दाखिल करने में बार-बार की जा रही देरी पर नाराजगी जाहिर करते हुए यह जुमार्ना लगाया। रिम्स की बदहाली को लेकर दायर कई जनहित याचिकाओं पर हाई कोर्ट एक साथ सुनवाई कर रहा है।

### राज्यपाल से मिलीं बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने राज भवन में भेंट कर उन्हें अपने कार्य के निष्पादन में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। टाना भगत संघ, केन्द्रीय कमिटी, लोहरदगा के एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज भवन में भेंट की। राज्यपाल को शिष्टमंडल ने भूमि अतिक्रमण, भूमि के हस्तांतरण के साथ टाना भगत आवासीय विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया। राज्यपाल ने स्थानीय प्रशासन को तत्काल इस समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 04 अप्रैल को संध्या 6:14 और सेहरी का समय 05 अप्रैल को सुबह 4:22 मिनट में

## बोरिंग कराने पर जुर्माना नहीं लगने देंगे : महापौर

**राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया आवाज, खबर का हुआ असर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम के तुगलकी फरमान के जारी होने के साथ ही पलामू में राजनीति का भी दौर शुरू हो गया है। निगम के तुगलकी फरमान को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से निगम वासियों के लिए आवाज बनकर उठाया। खबर प्रकाशित होने के बाद लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया भी दी। जिसका असर हुआ कि निगम की मेयर अरुणा शंकर ने तत्काल सक्रिय होते हुए इसपर संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि निगम वासियों को बोरिंग करने या कराने वालों पर कोई टैक्स या जुर्माना नहीं लगेगा। अगर सरकार द्वारा इस तरह का पत्र आया भी है। जिसके आलोक में निगम आयुक्त ने नोटिस निकाला है, तो किसी को चिंता करने की बात नहीं है। एक सप्ताह के अंदर बोर्ड की बैठक कर इसे निरस्त कर दिया जाएगा। महापौर ने कहा कि जहां एक तरफ सरकार हर घर शुद्ध जल अब तक नहीं दे पा रही है। वहां इस तरह का टैक्स या जुर्माना लेने का कोई हक सरकार या निगम को नहीं है। उन्होने कहा कि मैंने एवं सांसद बीडी राम ने कई बार सरकार को पत्र दिया है। 160 करोड़ की शहरी जलापूर्ति योजना, जिसकी राशि केंद्र सरकार एडीबी द्वारा झारखंड सरकार को निर्गत कर दी गई है। उस योजना को जल्द शुरू करें। लेकिन टेंडर होने के बाद भी सारी प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद सरकार के पास फाइल लंबित है। उन्होंने कहा कि कोयल नदी पर 5 फीट नीचे से 5 फीट ऊपर इस पार से उस छोर तक बांध (अनिकेट) बनाना हमारे शहर के जल स्तर को बढ़ाने के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्णय होगा। जिसे हमारे बोर्ड द्वारा पारित कर दिया गया है। जल्द इसका डीपीआर बनवाकर सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी जाएगी। यह योजना शहर के लिए माइलस्टोन साबित होगा। महापौर ने कहा कि गर्मी के दिन में हर निगमवासी को उनके घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जायेगी।

## 100 करोड़ के घोटाले में संजय तिवारी का समर्पण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के मिड डे मील अकाउंट से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिग मामले में वांछित आरोपित भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने 25 मार्च को सरेंडर करने का आदेश दिया। इसके बाद उसने कोविड-19 जांच की एक रिपोर्ट ईडी कोर्ट को दी और फरार हो गया। ईडी ने संजय की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट हासिल किया। उसके रांची के अरगोड़ा स्थित आवास पर छापा मारा पर वह नहीं मिला। इस बीच ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच कराई। इसमें साफ हुआ कि कोविड सर्टिफिकेट फर्जी था। यह साबित होने पर रिम्स के शेष पृष्ठ 11 पर

## 25 लाख के इनामी गौतम सहित

# पांच नक्सली ढेर



### मुठभेड़ में मारा गया माओवादी टेक्निकल एक्सपर्ट

**मेदिनीनगर।** पलामू सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ हुए मुठभेड़ में मारा गया माओवादियों का टॉप कमांडर अजित उर्फ चार्लीस और गौतम पासवान संगठन के टेक्निकल एक्सपर्ट्स थे। ये दोनों माओवादियों के लिए नई नई तकनीक को विकसित किया करते थे।अजित उर्फ चार्लीस माओवादियों के लिए इम्प्रोवाइज मिसाइल विकसित कर रहा था जबकि झारखंड बिहार सीमा पर इसी ने माओवादियों के लिए रॉकेट लॉन्चर बनाया था।सुरक्षा बलों ने झारखंड बिहार सीमा पर छकरबंधा में जून 2022 में अभियान के दौरान बड़ा खुलासा किया था। सुरक्षाबलों को यह जानकारी मिली थी कि माओवादी इम्प्रोवाइज मिसाइल विकसित कर रहे हैं, सुरक्षाबलों को मौके से मिले दस्तावेज वीडियो से यह जानकारी मिली थी कि अजित उर्फ चार्लीस मिसाइल विकसित कर रहा है, मौके से सुरक्षा बलों को कुछ अवशेष भी मिले थे।अजित का मिसाइल शेष पृष्ठ 11 पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चतरा जिला अंतर्गत लावालौंग थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में कम से कम पांच हार्डकोर माओवादी नक्सली मारे गए। इनमें 25 लाख का इनामी और बिहार एवं झारखंड पुलिस के लिए लंबे समय से वांटेड नक्सली कमांडर गौतम पासवान भी शामिल है। जंगली इलाके में हुई इस मुठभेड़ के बाद पुलिस सर्च अभियान चला रही है। इसमें कई ए.के-47 और इंसास राइफलों के अलावा बड़ी संख्या में हथियार, बम-बारूद की बरामदगी हुई है। एसपी राकेश रंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पांच नक्सली मारे गए हैं और अभियान जारी है। पुलिस का कहना है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या पांच से भी ज्यादा हो सकती है। पूरे इलाके की तलाशी के बाद पूरी जानकारी सामने आ पाएगी। बताया गया कि चतरा जिला पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां पलामू जिले से सटे लावालौंग थाना क्षेत्र के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रही थीं। इसी दौरान जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में पुलिस और अर्धसैन्य बल के जवानों ने भी मोर्चा लेकर फायरिंग की। दोनों तरफ से लगातार लगभग तीन घंटे तक फायरिंग होती रही। अंततः पुलिस को भारी पड़ता देख ज्यादातर नक्सली फरार हो गए। तलाशी के दौरान अब तक पांच नक्सलियों के शव बरामद होने की सूचना है। इनके नाम हैं 25 लाख का इनामी नक्सली गौतम पासवान, अजीत उरांव उर्फ चार्लीस, अमर गंझू उर्फ धीरू, नंदू उर्फ अजय यादव और संजीत भुइयां उर्फ सागर। हालांकि इनकी पहचान की आधिकारिक तौर पर फिलहाल पुष्टि नहीं की गई है। अभियान में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन, जैप, आईआरबी के साथ-साथ पलामू और चतरा के जिला बल के दस्ते शामिल हैं। चतरा एसपी राकेश रंजन भी मौके पर कैंप कर रहे हैं।

## जमशेदपुर में होटल ताज, रांची में कैंसर हॉस्पिटल खुलेगा : सीएम

**नवीन मेल नेटवर्क। जमशेदपुर**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कहा कि बहुत जल्द जमशेदपुर में होटल ताज और रांची में टाटा कैंसर हॉस्पिटल खुलेगा। इससे शहर और राज्य की जनता के साथ बाहर के लोगों को फायदा होगा। सोरेन ने कहा कि इंडस्ट्री को चलाने और उसके प्रबंधन तथा मजदूर कैसे अच्छे से काम करें, इस पर टाटा समूह काम करता है। इसमें टाटा समूह की बहुत बड़ी भूमिका होती है। सरकार के मुखिया के रूप में हमारी यह सोच रही है कि राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार का सृजन होगा। इसके लिए कैसी नीतियां बनानी हैं, उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कैसे नीतियां बनानी हैं, इस पर ज्यादा फोकस रहता है। सरकार बनने के बाद हमने नई उद्योग नीति बनाई है। इसके बाद कई उद्योगों के प्रबंधन ने यहां आने की इच्छा जताई है। संयोग से उस उद्योग नीति को सार्वजनिक करने के मौके पर कई उद्योग घराने के लोग समारोह में शामिल थे। उस पर सहमति भी बनी। यहां टिनप्लेट कंपनी की विस्तारीकरण योजना कंपनी परिसर में शिलान्यास करने के बाद उन्होंने कहा कि आज टाटा समूह की टिनप्लेट कंपनी का विस्तारीकरण किया जा रहा है। झारखंड की उद्योग नीति के तहत ही टाटा स्टील अपना भी एक्सटेंशन करेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण कई चुनौतियां थीं, फिर भी राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए हमलोगों ने प्रयास किया। इससे पहले बोकारो का सीमेंट प्लांट भी अपने एक्सटेंशन की स्थिति में था, लेकिन कई कारणों से वह अपने आपको फैला नहीं पाया। सीएम ने कहा कि टाटा समूह की ओर से यहां दो हजार करोड़ रुपए का निवेश हो रहा है। प्रत्यक्ष रूप से एक हजार लोगों को इसमें रोजगार मिलेगा। निश्चित ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कम से कम पांच से सात हजार लोग इसका लाभ उठाएंगे। इस देश को लोगों ने जाना है तो टाटा और बिड़ला समूह की वजह से ही जाना है। देश और राज्य को आगे बढ़ाने में टाटा समूह की बहुत बड़ी भूमिका रही है। टाटा समूह होटल व्यवसाय में भी अपनी अलग पहचान रखता है। राज्य में खनिज सम्पदा काफी मात्रा में है। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मजबूती से कई काम किए हैं। इस कारण टाटा समूह यहां अपने ताज समूह को भी यहां लाने के प्रयास में है। इसके लिए हर प्रयास किए जाएंगे। समारोह में स्वागत भाषण टिनप्लेट कंपनी के एमडी आरएन मूर्ति ने दिया। उन्होंने मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विशिष्ट अतिथि शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम के लीज आवंटन मामले में ईडी और सरकार से जवाब तलब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को खान विभाग के मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटित करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार और ईडी को जवाब दाखिल करने को कहा है। खान आवंटन मामले में राज्य सरकार और ईडी प्रतिवादी हैं। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की। उन्होंने पूर्व के एक मामले का हवाला देते हुए इस मामले को भी मेंटेनेबल नहीं बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला सुनवाई के योग्य नहीं है। इसी तरह का एक मामला शिव शंकर शर्मा एवं अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका है। इस याचिका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अन्य के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट के खंडपीठ की ओर से पारित आदेश को पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। ऐसे में फिर इस मामले को उठाना सही नहीं लगता है। मामले को महाधिवक्ता की ओर से मेंटेनेबल नहीं बताए जाने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि यह मामला अलग है। इसमें हेमंत सोरेन ने अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है। जब उन्होंने खान आवंटित किया था, तब वो खान मंत्री थे। इसके बाद खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की दलील को सुनने के बाद राज्य सरकार, ईडी को जवाब देने को कहा है। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह एवं विशाल कुमार ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत शेष पृष्ठ 11 पर

## लेवी वसूलने के आरोप में तीन गिरफ्तार



### छापामारी दल में

चैनपुर थाना प्रभारी, उदय कुमार गुप्ता, एसआई बिट्टू कुमार साहा,रवि कुमार चौरसिया, एएसआई राजीव कुमार एवं चैनपुर थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में लेवी मांगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि 2 अप्रैल को ग्राम रबदा के लालमुनी चौधरी के द्वारा थाना में लिखित आवेदन दिया गया कि मोबाईल नं0 8521940441 से उनके मोबाईल नं0 - 8084399835 पर टीपीसी के नाम पर दो व्यक्ति 50000 रुपए की लेवी की माँग कर रहे थे और जान मारने की धमकी देकर 10000 रूपया फोन पे के माध्यम से लेवी ले लिया गया है और पैसा के लिए लगातार धमकी दी जा रही है। आवेदन पर पुलिस अधीक्षक पलामू के आदेशानुसार सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग मेदिनीनगर, पलामू के निर्देशन में छापामारी टीम का गठन कर कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त अमित कुमार साव, फिरोज अंसारी, अब्दुल वाहिद अंसारी को लेवी मांगने में प्रयुक्त मोबाईल एवं सीम तथा फोन पे के माध्यम से पैसा लेने में प्रयुक्त मोबाईल एवं सीम के साथ 2 अप्रैल की रात्री में ग्राम नेउरा एवं ग्राम सेमरा से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तीनो अभियुक्तो ने बताया कि वे तीनो अपना ग्रुप बनाकर उग्रवादी संगठन के नाम से डर दिखाकर लालमुनी चौधरी से पैसा लिये हैं। वही क्षेत्र के अन्य कारोबारियों से भी जल्दी फोन कर पैसा मांगने वाले थे। तीनों अभियुक्तो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमित कुमार शेष पृष्ठ 11 पर

## दिक्कत : सुबह से ही सर्वर डांवाडोल, लोग परेशान

**एजेंसी। मुंबई**

सोमवार को सुबह से देर शाम तक भारतीय स्टेट बैंक के कई ग्राहकों को नेट बैंकिंग और यूपीआई सेवा के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई एसबीआई उपयोगकताओं ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर बैंक सर्वर धीमी होने के कारण हो रही परेशानी के बारे में बताया। इन ट्वीट्स में लोगों ने सर्वर डाउन और नॉन-रिस्पॉन्सिव होने की बात कही है। एसबीआई की जो सेवाएं प्रभावित हुईं, उनमें नेट बैंकिंग, यूपीआई भुगतान और आधिकारिक एसबीआई ऐप (योनो) शामिल हैं। इससे पहले एक अप्रैल को भी एसबीआई की ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित रही थी। इससे पहले 1 अप्रैल, 2023 को एसबीआई ने सर्वर रखरखाव की सूचना दी थी। वार्षिक समापन गतिविधियों के कारण बजे तक आईएनबी/योनो/यूपीआई की सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। दोपहर एक बजकर 30 मिनट से चार बजकर 43 मिनट तक इंटरनेट बैंकिंग, योनो और यूपीआई सेवाओं को बाधित रहने की बात कही गई थी। भारतीय स्टेट बैंक ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी।

**सोमवार को सुबह से ही एसबीआई ग्राहक रहे परेशान :** देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नेट बैंकिंग समेत कई सेवाएं सोमवार सुबह से ही ठप रहीं। कई उपभोक्ताओं ने फंड ट्रांसफर में आने वाली दिक्कतों की शिकायत भी की है। एसबीआई का सर्वर डाउन होने के कारण हो रही परेशानियों के बारे में कई ग्राहकों ने शिकायत कही है। कई ग्राहकों ने बताया है कि उनके क्रेडिट कार्ड पेमेंट तक नहीं हो पा रहे हैं।

**एजेंसी के डायमंड जुबली समारोह में बोले पीएम**

## सीबीआई का नाम इंसाफ का ब्रांड

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सोमवार को अपने 60 वर्ष पूरे होने पर डायमंड जुबली मना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समारोह का उद्घाटन किया। इस दौरान सीबीआई से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के मामलों का संग्रह भी जारी किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहाः देश की प्रीमियम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के रूप में 60 वर्ष का सफर आपने पूरा किया है। ये 6 दशक निश्चित रूप से अनेक उपलब्धियों के रहे हैं। ये सीबीआई के बीते वर्षों के सफर को दिखाता है। सीबीआई ने अपने काम से, अपने कौशल से सामान्य जन को एक विश्वास दिया है। आज भी जब किसी को लगता है कि कोई केस असाध्य है तो आवाज उठती है कि मामला सीबीआई को दे देना चाहिए। लोग आंदोलन करते हैं कि केस उनसे लेकर सीबीआई को दे दो। यहां तक कि पंचायत स्तर पर भी कोई मामला आता है तो लोग कहते हैं कि इसे सीबीआई को दे देना चाहिए। न्याय के, इंसाफ के एक ब्रांड के रूप में सीबीआई हर जुबान पर है। प्रधानमंत्री ने शेष पृष्ठ 11 पर

**तनाव** साहिबगंज में मूर्ति तोड़ी गई, इंटरनेट सेवा ठप

## तीन घंटे तक एनएच-80 जाम, शहर में पथराव

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास स्थित बजरंगबली की प्रतिमा को सोमवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने एनएच-80 को तीन घंटे तक जाम कर दिया। शहर में जमकर पथराव किया। एक धार्मिक स्थल को भी आग के हवाले कर दिया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। उपायुक्त के निर्देश पर दिन में करीब सवा एक बजे से लेकर मंगलवार सुबह नौ बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। तनाव को देखते हुए डीसी ने एहतियातन यह कदम उठाया है। उन्होंने जियो और एयरटेल के अलावा बीएसएनएल के प्रबंधकों से बात की और उनसे आग्रह किया कि मंगलवार सुबह 9 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दें, ताकि किसी भी अफवाह को फैलने से रोका जा सके। घटना सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। देखते ही देखते पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। लोगों ने



पथराव शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। हालात ज्यादा बिगड़ते देख जिला और पुलिस-प्रशासन को सड़क पर उतरना पड़ा। साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने फ्लैग मार्च किया। उन्होंने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की।

एसपी ने स्थिति को संभालने के लिए 64 जमादार, जैप-9 की 60 महिला जवानों के साथ-साथ जैप-1 एसआईआरबी के 200 जवानों को भी तैनात कर दिया। जिला मुख्यालय के सभी सरकारी पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कायम करने के लिए सड़क पर उतार दिया गया। एसी, डीईओ, डीएसओ, एसडीओ, सीओ, बीडीओ समेत 9 दंडाधिकारी तैनात किये गये हैं। बरहड़वा के एसडीपीओ प्रदीप उरांव के नेतृत्व में 4 इंस्पेक्टर और 13 थाना के प्रभारी पूरे इलाके में गश्ती कर रहे हैं। पूरा साहिबगंज शहर बंद हो गया है। दुकानों से लेकर स्कूल-कॉलेज तक बंद हैं। हालांकि, मैट्रिक की परीक्षा जारी है। हालांकि हंगामे के बीच प्रशासन ने स्थानीय मूर्तिकार राजू पाल की मदद से क्षतिग्रस्त प्रतिमा को ठीक करवा लिया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी इलाके में शांति बहाली करने में जुटे हुए हैं। उपायुक्त ने जिले के लोगों से अपील की है कि वे शांति एवं सौहार्द को बनाये रखें।

## NEWS इन ब्रीफ

### परीक्षा देने जा रही छात्रा बाइक से गिरकर घायल

**मेदिनीनगर।** इंटर की परीक्षा देने जा रही छात्रा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी रजिया परवीन सोमवार की दोपहर इंटर की परीक्षा देने मेदिनीनगर जा रही थी। तभी रास्ते में शाहपुर चौक के पास वह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वही दुर्घटना होने के बाद रजिया परवीन परीक्षा से वंचित रह गई।

### निगम ने किया जनता के साथ छलावा : धनंजय

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में हो रही समस्याओं को लेकर समाज सेवी धनंजय त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता किया। उन्होंने कहा कि पांच सालों में नगर निगम के द्वारा सिर्फ जनता के साथ छलावा किया गया है और सिर्फ कार्यो के नाम पर पैसे की उगाही और दुरुपयोग किया गया है। जहां पहले से सड़क बने हैं उस पर कालीकरण किया जा रहा है और जहां सड़क की जरूरत है वहां सड़क का निर्माण भी नहीं कराया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत है पर नगर निगम के द्वारा पानी की व्यवस्था नहीं की जा रही है। अंबेडकर पार्क बना कर शहर की जनता को मूर्ख बनाया गया है । पार्क के नाम पर करोड़ो की राशि का दुरुपयोग किया गया है । वही नगर निगम के द्वारा बोरिंग करवाने वाले और बोरिंग करने वाले वाहन संचालक को भी अब महंगी रकम का चालान कटवाने का फरमान जारी किया गया है । उन्होंने कहा कि निगम के द्वारा लगातार निगम के लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आने वाले समय में निगम के लोगों को एकजुट होने को कहा। ज्ञात हो कि निगम चुनाव में शहर के कई दिग्गजों के द्वारा अपनी दावेदारी पेश की जा रही है । निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है।

### सांप के काटने से 60 वर्षीय वृद्ध की स्थिति गंभीर



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सारी थाना क्षेत्र के ग्राम सतबहिनी निवासी अमेरिका रजवार उम्र 60 वर्ष गेहूंमन सांप के काटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अमेरिका रजवार सोमवार की सुबह अपने खेत पर काम करने गया था। तभी काम करने के दौरान अचानक उसे गेहूंमन सांप ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# महावीर जयंती पर मरीजों के बीच प्रसाद का वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के जुझारू कार्यकर्ता अरमान जैन ,उज्जवल जैन और अनिल जैन ने सदर अस्पताल के मरीजों के बीच प्रसाद का वितरण किया। मौके पर उपस्थित अनिल जैन ने कहा कि आज महावीर जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा के बाद लोगों ने निर्णय लिया कि प्रसाद का वितरण सदर अस्पताल में मरीजों के बीच भी किया जाए। इसी को लेकर रविवार की दोपहर सैकड़ों मरीजों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रसाद में देसी घी से बने पूरी बुंदिया और सब्जी का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के दौरान मरीजों के साथ-साथ अस्पताल के सभी कर्मचारियों के बीच भी प्रसाद का वितरण किया गया।

# नियोजन नीति के विरोध में पैदल मार्च का आयोजन


नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नियोजन नीति विरोधी मोर्चा पलामू के द्वारा सोमवार को झारखंड सरकार द्वारा पारित 60/40 नियोजन नीति के विरोध में एक दिवसीय पैदल मार्च का आयोजन किया गया । यह पैदल मार्च बीसीसी माइनर रेड़मा से पुराना ओवर ब्रिज छह मुहान, मुंसिफ महतो रोड होते हुए उपायुक्त कार्यालय जाकर संपन्न हुआ । मौके पर मार्च का नेतृत्वकर्ता आनंद कुमार ने कहा कि यह वर्तमान झारखण्ड सरकार युवा विरोधी के रूप में कार्य कर रही है । प्रारंभिक दौर से ही युवाओं को दिग्भ्रमित करते हुए अनेक नियम लागू करती रही है। सरकार इस गलत नियोजन नीति को तुरंत रद्द करते हुए अन्य राज्य की तर्ज पर झारखंड में भी 90/10 की नियोजन नीति




लागू करे । अन्य नेतृत्वकर्ता राहुल कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 22 वर्ष हो चुके । परंतु यहां के झारखंडी कौन है इसको सरकार अभी तक परिभाषित नहीं किया है। सरकार की गलत नीतियों के कारण युवाओं का भविष्य बिगड़ रहा है। आवश्यकता है युवाओं को ध्यान में रखकर नियोजन विधि बनाने की । मौके पर अनूप कुमार, अमित तिवारी,वीरेन्द्र कुमार,आशीष भारद्वाज, सुहैल आलम, सुनील सिंह, दयानन्द कुमार, मुकेश गुप्ता, रंजीत यादव , प्रीती कुमारी, सोनू कुमार, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार, विपुल कुमार, रमेश पांडे, साकेत कुमार,वीरेंद्र सर, राजन सर , कमलेश कुमार, रोहित दुबे, अविनाश सिंह संगीता कुमारी, सुशीला कुमारी, आशा कुमारी , ममता लकड़ा, कविता कुमारी, रंजना कुमारी, वैष्णवी, रिया अनिकेत, राजबली कुमार, रवि कुमार, विकास मेहता, विक्रम कुमार, राकेश, अभिषेक कुमार, मुकेश कुमार, सुषैण कुमार, विकेश कुमार, चंदन कुमार, विद्या भूषण मेहता, शैलेश दुबे, संतोष, राहुल,सत्यम , विकास मेहता, भूषण मेहता, नारायण यादव, जितेंद्र, मिथलेश, अरविंद सिंह सुभाष, अंकित, कृष्णा कुमार, रौशन कुमार, रोहन कुमार समेत हजारों लोग उपस्थित रहें।

# पलामू में मनाई जायेगी महावीर जयंती



### महावीर जयंती महोत्सव के तहत शहर में घर-घर मंगलाचार कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भगवान महावीर का जन्मोत्सव की शुरूआत सोमवार से होगी। इस मौके पर शोभायात्रा समेत कई आयोजन किये जायेंगें। शहर के स्थानीय पंचमुहान चौक पर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार को जैन समुदाय के द्वारा भगवान महावीर को मंदिर से निकाल कर भ्रमण कराया गया। जिसमें जैन समुदाय के कई लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बताया कि महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर श्री दिगंबर जैन मंदिर से सुबह अभिषेक, व शांतिधारा के बाद शोभायात्रा मुख्य मार्ग से निकाली जायेगी। भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला जायेगा। जैन समाज के लोगों मे बताया कि भगवान महावीर के जन्म महोत्सव को लेकर आज भगवान महावीर की रथयात्रा गाजे-बाजे के साथ मुख्य मार्गो से निकाली जायेगी। इस दौरान सोमवार की सुबह प्रभातफेरी मंदिर से निकालकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर बड़े जैन मंदिर जायेगी। महावीर जयंती महोत्सव के तहत शहर में घर-घर मंगलाचार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । जिसमें भगवान महावीर का दरबार, पालना झूलाना, राजा सिद्धार्थ के साथ सामूहिक नृत्य जैसे अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन जैन धर्म के 24 वें और अंतिम तीर्थकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। जैन धर्म के जानकारों के अनुसार भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व में बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। 30 वर्ष की युवा आयु में उन्होंने राजसी ठाट-बाट को त्यागकर सन्यास को अपना संसार बना लिया था और अंत तक इसी मार्ग पर चलते हुए मनुष्य को संमार्ग दिखाने का काम किया था।

### भगवान महावीर के पांच सिद्धान्त

भगवान महावीर ने मनुष्य के उत्थान के लिए पांच प्रमुख सिद्धांतो को बताया था। जिन्हें पंचशील सिद्धान्त के नाम से भी जाना जाता है। वह सिद्धांत हैं- सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य। सत्य और अहिंसा मनुष्य का पहला कर्तव्य है। वहीं अस्तेय यानि चोरी नहीं करने से आत्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अपरिग्रह अर्थात विषय या वस्तु के प्रति लगाव न रखने से व्यक्ति सांसारिक मोह को त्यागकर अध्यात्म के मार्ग पर निरंतर चलता रहता है और ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला व्यक्ति अपनी इन्द्रियों पर आसानी से नियन्त्रण प्राप्त कर लेता है।

### जिला परिषद ने क्षतिग्रस्त घर का लिया जायजा

# सीओ से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का किया आग्रह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम उताकी पंचायत निवासी धनेश्वर महतो का कुछ दिन पहले तेज आंधी,तूफान व बारिश की वजह से अल्बेस्टर नुमा घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके बाद उनके घर का पूरा परिवार प्लास्टिक लगाकर घर में रहने को मजबूर हो गया। इस बात की जानकारी पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को मिली। उन्होंने तत्काल भुक्तभोगी धनेश्वर महतो के घर पहुंचकर उनके घर का जायजा लिया। घर का जायजा लेने पर उन्होंने पता चला कि धनेश्वर महतो बहुत ही कष्ट में अपने घर में रह रहे हैं। उनके परिजनों की परेशानियों को देखते हुए। जिला परिषद ने पाटन अंचलाधिकारी को फोन लगाकर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की बात कही। अंचलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि भुक्तभोगी को जल्द ही लाभ पहुंचाया जायेगा। जिला परिषद ने अंचलाधिकारी को कहा है कि पिछले वर्ष भी पाटन क्षेत्र में कई जगहों पर आगजनी की घटना हो चुकी है,उन्हें भी अभी तक किसी प्रकार का मुआवजा या लाभ सरकार की ओर से नहीं मिला है। उन्होंने अगलगी की घटना में शामिल सभी भुक्त भोगियों को भी जल्द से जल्द मुआवजा देने की बात कही है।

# ओबीसी मोर्चा का पांच चरणों में आंदोलन की घोषणा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार के द्वारा जिला स्तरीय रोस्टर में सात जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने और अन्य जिलों में भी ओबीसी और अनुसूचित जाति का आरक्षण में भारी कटौती के विरोध में रविवार को प्रदेश ओबीसी मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ओबीसी समुदाय व अनुसूचित जाति के साथ जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर में कटौती से ओबीसी समुदाय में भारी आक्रोश है। बैठक में सर्वसम्मति से जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर को रद्द कर संशोधित करने की मांग, जाति आधारित जनगणना करने और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा 50% आरक्षण लागू करने की मांग सरकार से करने का निर्णय हुआ। इसे लागू कराने के लिए 5 चरणों में आंदोलन करने का निर्णय हुआ। पहले चरण में राज्य के प्रत्येक प्रखंड, जिले में मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी जिला अधिकारी के माध्यम से मांग पत्र सौपना, दूसरे चरण में सांसदों और विधायकों का घेराव कर हिसाब दो जवाब दो के तहत उन दबाव बनाया जायेगा। तृतीय चरण में सभी ब्लॉक और जिले में सामाजिक अधिकार न्याय मार्च निकाला जायेगा।

# अभाविप ने एनपीयू के कुलपति को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे के नेतृत्व में एनपीयू के कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया गया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा को रद्द किया जाए और पुनः कदाचार मुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाये। सियूईटी के माध्यम से विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में हो रहे नामांकन प्रवेश परीक्षा का परीक्षा केंद्र पलामू प्रमंडल में ही बनाया जाये। ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्र के छात्रों को सुविधा हो। पत्रकारिता विभाग में हो रहे छात्रों के पैसे का दोहन बिना पढ़ाई परीक्षा लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। नई शिक्षा नीति लागू होने के पूर्व से ही महाविद्यालयों में शिक्षकों की भारी



कमी को देखते हुए अविलंब कमी को पूरा किया जाये। सत्र 2019-22 बीए जनरल पास कोर्स के परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटि को अविलंब सुधारा जाये। विश्वविद्यालय के कुलपति राम लखन सिंह ने स्पष्ट किया कि पीएचडी एंट्रेंस में हुई गड़बड़ी हेतु जांच टीम का गठन किया जायेगा एवं जांच के उपरांत गड़बड़ी पाए जाने पर परीक्षा स्थगित कर पुनः परीक्षा आयोजित की जायेगी। सियूईटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा हेतु सामान्य छात्रों के सूविधा हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन कोई कदम आवश्यक रूप से उठायेगी। उक्त अवसर पर उपस्थित परिषद के एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक ने कहा कि इस विद्यालय के परीक्षा विभाग में अभी भी काफी अनियमितता देखने को मिल रही है। विश्वविद्यालय के व्यवसायी कोर्स में पैसे का दोहन हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन इसे अभिलंब ठीक करें ,अन्यथा विद्यार्थी परिषद सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन हेतु बाध्य होगी । मौके पर मुख्य रूप से रागिनी प्रसाद, इशा गर्ल्होत, अमन जयसवाल,चैनपुर के नगर मंत्री अमन गुप्ता,नगर सह मंत्री राहुल कुमार चेरों,रंजन कुमार मौजूद रहे।

### साहित्य समाज चौक का नाम समपूर्ण क्रांति चौक करने की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु,वरीय केन्द्रीय उपाध्यक्ष गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा, केन्द्रीय उपाध्यक्ष पूर्व डाकपाल रामनरेश राम, केन्द्रीय महासचिव सदीक अंसारी, केन्द्रीय सदस्य रहीम अंसारी व मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने 3 अप्रैल सोमवार को मेदिनीनगर में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त पलामू, नगर नगर निगम के महापौर,उपमहापौर व नगर आयुक्त से साहित्य समाज चौक का नामकरण सम्पूर्ण क्रान्ति चौक करते हुए लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है।

# ज्ञान विज्ञान समिती शिक्षा के प्रति कर रहा जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्ञान विज्ञान समिति अपने जन्म काल से ही शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाते रही है। वर्तमान सरकार लगातार शिक्षा बजट को कम करते जा रही है । परिणाम स्वरूप निम्न वर्ग एवं मध्यम वर्ग के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होते जा रहे हैं । ऐसी परिस्थिति में आम-आवाम को सतर्क ,सजग, एवं संवेदनशील बनाने के लिए ये पहल है । ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि पूरे राज्य में कला जत्था के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है । हम जत्था के माध्यम से शिक्षा बजट बढ़ाने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी के लिए हो इसके लिए सरकार से मांग करते हैं । ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के उपाध्यक्ष रामानुग्रह सिंह ने कहा कि हमारा संगठन शिक्षा के माध्यम से बेहतर समाज बनाने का काम करती है । हम पढ़ाकू समाज बनाना चाहते हैं ,शिक्षा के अभाव में समाज लड़ाकू बनते जा रहा है जो चिंता का विषय है। वहीं जिला सचिव अजय साहू ने कहा कि 4 अप्रैल 2023 दिन मंगलवार को कला जत्था का आगमन होने जा रहा है । यह जत्था चतरा से पलामू में प्रवेश करेगा ,जत्था का स्वागत पांकी में करेंगे। फिर तरहसी और लेस्लीगंज में कार्यक्रम होगा । इसके लिए स्वागत समिति का गठन किया गया है। पांकी में रामराज सिंह ,त्रिवेणी सिंह, प्रदेश यादव, धर्मेंद्र कुमार, प्रदीप चौरसिया ,विजय ठाकुर, सोनी कुमारी, मीना कुमारी, मीना देवी, गीता ओझा, शामिल है। इसी प्रकार तरहसी में कपिल देव सिंह, विक्रम सिंह, हेमंत पांडे, शोभा देवी, रीना कुमारी, सविता देवी, मनोरमा देवी, एवं लेस्लीगंज में सुधीर कुमार सिंह, अनीता देवी ,कविता देवी, पुष्पा देवी ,अंजिला देवी, नरेंद्र सिंह, कामता यादव, यदु राम ,परमेश्वर तिवारी ,शैलेश वर्मा, अनिल गिरी ,आदि ने तैयारी में लगे हैं। विदित है कि यह कला जत्था झारखंड से सभी जिला में भ्रमण करते हुए रांची में समापन होगा । पलामू के बाद जत्था गढ़वा, लातेहार लोहरदगा, से रांची पहुंचेगी। हम सभी शिक्षा प्रेमियों से, अपील करते हैं कि शिक्षा बचाओ देश बचाओ अभियान में शामिल होकर अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करें। समाज के सभी जनप्रतिनिधि व्यवसाय छात्र नौजवान मजदूर किसान सभी मिलकर शिक्षा के लिए काम करें, ताकि शिक्षित पलामू, सुंदर पलामू एवं आत्मनिर्भर पलामू के सपनों को साकार कर सकें।

# झारखंड कानू समाज का मिलन समारोह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड अंतर्गत नवगढ़ पंचायत के नावा में झारखंड कानू विकास संघ के नावा ईकाई का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिद्वार साव व मंच संचालन अवधेश विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत समाज के देव कंगाली बाबा को माल्यापर्ण कर सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । सभी आगंतुकों का स्वागत माल्यापर्ण और गीत से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरिद्वार साव ने कहा कि समाज में हम सभी को एकजुट होकर रहने की आवश्यकता है। जिससे लोगों को हर सुख दुख में साथ मिले । वही समाज की मुखिया संजू देवी ने कहा कि समाज के बुजुर्ग महिला व पुरुष को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन जिनका नहीं बन सका है । उनका पेंशन जल्द से जल्द बनवाने का कार्य करूंगी। कानू समाज के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशिष्ट प्रसाद ने कहा कि समाज में दहेज प्रथा को जड़ से समाप्त करने की जरूरत है । तभी सभ्य समाज का निर्माण होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश ने कहा कि समाज में सबको शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है। तभी समाज का विकास होगा। आज के मिलन समारोह में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भोला साहु, जिला सचिव विपिन बिहारी प्रसाद, कोषाध्यक्ष रामपृत साव ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनिल गुप्ता, मुरारी प्रसाद,मनोज प्रसाद, विजय प्रसाद ,अरविन्द कुमार ,अखिलेश साहू ,अशोक साहू, योगेन्द्र प्रसाद ,संतोष कुमार, राजेन्द्र साहू ,परमेश्वर साहू ,विरेन्द्र कुमार, मुखिया रूपवंति देवी ,प्रमीला देवी, गीता देवी, चिंता कुंवर, शिला देवी ,निरा देवी, मोहन साव, इंद्रदेव साव ,गुलाब साव ,प्रमिला देवी लीलावती देवी पुनम देवी, आरती देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# धरती और कलश से होती है ब्रह्मांड की सुरक्षा : कौशल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के केतार प्रखंड में विख्यात मां चतुभुर्जी शक्ति पीठ मंदिर में कलश स्थापना के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने नेपाल का रुद्राक्ष, कर्नाटक का चंदन, हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कलश और पौधा दोनों एक दूसरे का पूरक है । इसलिए कलश यात्रा में या स्थापना में पौधों की स्थापना अत्यंत जरूरी होता है। क्योंकि कलश के जल से धरती के जीवन और पौधा से ब्रह्मांड के तमाम जीवन की सुरक्षा होती है। वहीं छतरपुर के पंचायत डाली बाजार की मुखिया सह विपीएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने कहा कि बचपन से ही इस मंदिर में पूजा अर्चना करते आ रही हूं । देवी की बहुत बड़ी महिमा है। मंदिर के पुजारी और मेला कमिटी के लोगों में बालमुकुंद पाठक, हेमंत पाठक, कामेश्वर वैद्य, रमेश दुबेदी, विनोद वैद, उदयशंकर बैद, सुदामा त्रिपाठी, शिव शंकर वैद्य ने कहा कि पर्यावरणविद के द्वारा इसके पहले लगाए गए पौधे फल फूल दे रहे हैं। मंदिर के पुजारी ने पर्यावरणविद से पुनः जुलाई में मन्दिर परिसर में पौधरोपण का निमंत्रण भी दिया है। कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में यूनिक प्लाई के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, गौतम कुमार, ओमप्रकाश सिंह, कोमल जायसवाल, अवध किशोर, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिका जायसवाल, मुसाफिरखाना भाई आद्रिका, अनुषा, संतोष, मालदेव समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## निजात

### निगम ने किया पानी टैंकर का शुभारंभ

# हरी झंडी दिखाकर पानी टैंकर को किया रवाना

### मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो-तीन महीने में भीषण गर्मी पड़ने कि संभावना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा गर्मी के दस्तक को देखते हुए सोमवार को निगम के मेयर अरुणा शंकर , डिप्टी मेयर मंगल सिंह , डीडीसी सह नगर आयुक्त रवि आंनद , सहायक नगर आयुक्त परितोष कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पानी की टैंकर को रवाना कर इसका शुभारंभ किया । मौके पर सभी ने कहा कि गर्मी को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड में पांच पानी टैंकर भेजा जा रहा है।



ताकि लोगो को गर्मी में पानी की किल्लत न हो और उन्हें पानी के लिए इधर उधर भटकना न पड़े। मौके पर वार्ड पार्षद चंचला देवी, विवेका त्रिपाठी, कमर यास्मीन समेत कई वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पलामू में गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी पड़ती है। इस बार मार्च के महीने में मौसम में बदलाव होने के कारण ज्यादा गर्मी का एहसास नहीं हो पाया । परंतु मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो-तीन महीने में पलामू में भीषण गर्मी पड़ने वाली है। जिसकी तैयारी को लेकर नगर निगम की ओर से सभी वार्डो में पांच टैंकर को देने की घोषणा पूर्व में मेयर के द्वारा किया गया था। जिसे पूरा किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### दसवीं बोर्ड की परीक्षा संपन्न

**मेराल।** प्रखंड में चल रहे दसवीं बोर्ड की परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। दसवीं बोर्ड के लिए 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। तीन परीक्षा केंद्रों में प्लस टू उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय और मध्य विद्यालय था। सोमवार को संस्कृत विषय के साथ परीक्षा संपन्न हुआ। प्लस टू उच्च विद्यालय में कुल 788 बच्चे परीक्षा में शामिल थे। जिसमें 9 बच्चे अनुपस्थित रहे। वहीं मध्य विद्यालय में 402 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल थे। जिसमें 9 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कन्या मध्य विद्यालय में 218 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल थे।

### शहीद रघुनाथ महतो की जयंती समारोह पांच को

**खरौंधी (गढ़वा)।** आजसू पार्टी की ओर से आगामी 5 अप्रैल को उमंग वाटिका नवादा मोड़ में क्रांतिकारी वीर शहीद रघुनाथ महतो का जयंती समारोह आयोजित किया गया है। जिसमे पार्टी के सभी इकाई के जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पदाधिकरी भाग लेंगे। जिसकी जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी ने कहा वीर शहीद रघुनाथ महतो ने झारखंड के सभी समुदाए के लिए काम किए हैं। जिसका इतिहास गवाह है। रघुनाथ महतो ने अंग्रेजी हुक्मत के विरोध संघर्ष किए है। साथ ही अंग्रेजो से अंत तक लड़ते रहे। अगर आज वह होते तो झारखंड का दिशा और दशा दोनो अलग होता। उन्ही के याद में 5 अप्रैल को पूरे झारखंड में आजसू पार्टी जयंती मना रहा है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन-पूजन कर नये सत्र का शुभारंभ

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में सोमवार को नये सत्र का शुभारंभ किया गया। सत्र आरंभ के मौके पर विद्यालय परिसर में हवन अनुष्ठान किया गया। अनुष्ठान के दौरान कलश स्थापना की गई। वहीं सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और पुरोहित द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया गया। पूजन अनुष्ठान के लिए स्कूल के छात्र व छात्राओं द्वारा बनाएं हवन कुंड व उसके आस पास की अल्पना काफी मनमोहक रही। विद्यालय के सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नवीन सत्र से पूर्व हवन पूजन कर सत्र प्रारंभ किया जाता है। ताकि पूरे वर्ष विद्यालय परिवार पर कोई संकट ना आये सभी छात्र छात्राएं सुरक्षित रहें। प्रधानाचार्य ने अपने भाषण में कहा कि नए सत्र में नई उमंग के साथ नए कक्ष में भैया बहन प्रवेश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा की नए सत्र के लिए नई पुस्तक आदि का प्रयोग होना चाहिए। इस वर्ष सभी कक्षाचार्य एवं आचार्य, दीदी को कार्यशाला में बताई गई।

## उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# प्रखंड से सटे यूपी बॉर्डर का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** सोमवार को गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, मुखिया, उपमुखिया, पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवक के साथ समीक्षा बैठक किया। सर्वप्रथम गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने प्रखंड से सटे यूपी बॉर्डर का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय पहुंचे। गढ़वा डीसी ने अंचल कार्यालय में कम्प्यूटर से पेंडिंग आवेदन की जानकारी लिया। जहां अंचल कार्यालय में जाति, निवास, आय, मोटेशन, दाखिल खारिज सहित अन्य 500 आवेदन पेंडिंग पाया। जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में लापरवाही बरतने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर आनंद गुप्ता को निलबित कर दिया।



इसके बाद सभी पंचायत कर्मियों को 15 वां वित से 15 दिन के अंदर में सोखता, वर्मी कंपोस्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही मझिगांवा तथा खरौंधी में अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके अलावे आधार कार्ड को लेबर कार्ड से अपडेट करने का भी निर्देश दिया। इधर जेएसएलपीएस के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर चर्चा किया गया। कन्वर्जेंस में दीदी वाड़ी पेमेंट कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा बैठक का उद्देश्य सरकार का संचालित जनहित योजनाओं को पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी देना था। साथ ही उन्होंने कहा हर समस्या का समाधान पंचायत एवं ब्लाक में ही है। प्रत्येक पंचायत भवन को सशक्त करने के लिये सरकार कई तरह की व्यवस्था कर रही है। अब पंचायत में पंचायत कर्मी दो दिन पंचायत भवन में बैठे रहे हैं। पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र संचालित हो रही है। बैठक में सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी मुखिया को दिया गया है। इसके अलावे सरकार सभी सरकारी सस्थानों में बायोमेट्रिक सिस्टम लगा रही है।

अब कोई कर्मी दूसरे जगह जाकर बायोमिट्रिक उपस्थिति नहीं बना पाएंगे। उन्होंने कहा पुराना सिस्टम को अपडेट्स करके तीन से चार दिनों के अंदर बायोमेट्रिक सिस्टम को चालू कर दिया जायेगा। वही पानी के सवाल पर उन्होंने कहा पीएचडी विभाग को दिशा निर्देश दिया गया है।

जल्द ही पानी की समस्या से निपटने का उपाय किया जा रहा है। हर प्रखंड में 1- 1 टीम की व्यवस्था की जा रही है। ताकि लोगों को पानी की व्यवस्था किया जा सके। वही खरौंधी पंचायत सेवक केश्वर सिंह को बैठक में अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बैठक में एसडीओ आलोक कुमार, डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन, परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, ज्ञानेश्वर शुक्ला, बीडीओ गणेश महतो, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत प्रसाद, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया रिंकू देवी, मंजू देवी, श्वेता देवी, मनसा देवी, रामगहन मेहता, बिंदा देवी, फुल कुमारी देवी, प्रमोद राम, उप मुखिया आलोक कुमार, संतोष कुमार सिंह,सतीस राम, उदय अलबेला आदि लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने प्रखंड में संचालित योजनाओं का किया समीक्षा

**भवनाथपुर।** गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने सोमवार को भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार उपस्थित कर्मियों से मनरेगा,15वें वित्त, पीएम आवास योजना, प्रज्ञा केन्द्र सहित प्रखंड में संचालित योजनाओं का समीक्षा की। उन्होंने सभी कर्मियों को टीम भावना से काम करते हुए मुख्य रूप से प्रखंड में अधूरे योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। हमसभी को सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाने का कर्तव्य है। उपायुक्त ने कहा कि आवास के पहले किस्त लेकर घर नहीं बनाने वाले लाभुकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए नीलामी पत्र दायर कर 12 प्रतिशत ब्याज सहित पैसे की वसूली किया जाएगा। बैठक के बाद पंचायत समिति सदस्य चंदन ठाकुर ने आवेदन देकर पीडब्लूडी के खाली जमीन में बस स्टैंड बनाने, ग्रीन राशन कार्ड धरियों को राशन उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री आवास से बंचित लोगो की नाम जोड़ने सहित पांच सूत्री मांग पत्र दिया। आदिम जनजाति लहरहा निवासी रामप्रीत कोरवा ने उपायुक्त को आवेदन देकर आदिम जनजाति टोला लहरहा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराने, टाउनशिप से लेकर आदिम जनजाती टोला झुरही से लहरहा तक पीसीसी पथ निर्माण, वन में रह रहे आदिम जनजाति परिवार को वन पट्टा दिलाने की मांग किया। बैठक में एसडीओ आलोक कुमार, बीडीओ जयपाल महतो, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद रंजनी शर्मा, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, मुखिया बेबी देवी, सरिता देवी, शुकनी देवी, इसरत जहां, बेबी देवी, नंदलाल पाठक, बीपीओ दयानन्द प्रजापती, जेई श्याम कुमार चौधरी, प्रेमचंद गुप्ता, नागेंद्र शर्मा, सी आई इंतिखाब आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने श्री राधा कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष माथा टेका

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने सोमवार को विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री कृष्ण राधा जी की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेका तथा भगवान को चरण स्पर्श किया। इस दौरान मंदिर के विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्व सीएम को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात उन्होंने मंगल आरती कर श्री बंशीधर से गढ़वा जिला समेत झारखंड प्रदेश में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की। श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूर्व सीएम को चुनरी ओढ़ाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर होने के बाद भी समुचित विकास नहीं हो नाराज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राधा कृष्ण की 32 मन शुद्ध सोने की अलौकिक प्रतिमा मैंने आज तक कहीं नहीं देखा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री बंशीधर जी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं राज्य की जनता खासकर गरीब, किसान के घर परिवार में सुख शांति एवं खुशहाली की कामना करता हूं साथ ही राज्य में जो विनाशकारी सकती है उसे भगवान कंस की तरह विनाश करें। इधर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी देवी व भाजपा नेत्री लवली आनंद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नेताओं ने पूर्व सीएम को भगवान श्री बंशीधर जी का तस्वीर भेंट एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया। तथा उन पर पुष्प की वर्षा की। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, रमुना ब्लाक प्रमुख करुणा सोनी, भाजपा जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, जवाहर पासवान, भगत दयानंद यादव, लक्ष्मण राम, अशोक सेठ, संतोष दुबे, अरविंद कुमार तिवारी, जवाहर पासवान, आनंद प्रकाश कमलापुरी, संजय कांशयकार, मधुलता देवी, अनिता गुप्ताअनिल कुमार कमलापुरी, सुरेश विश्वरकमा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### पूर्व सीएम ने चतुर्भुजी मंदिर में दर्शन पूजन किया

**केतार (गढ़वा)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष रघुवर दास सोमवार की शाम क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के साथ मां चतुर्भुजी मंदिर पहुंचकर मां चतुर्भुजी का दर्शन पूजन किया। इसके तत्पश्चात उन्होंने अपने सरकार में बहाल हुए शिक्षक - शिक्षिकाओं को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। तत्पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को सिर्फ वोट बैंक नहीं मानती बल्कि अपना विशाल परिवार मानती है। भाषा विवाद खड़ा कर सरकार आपस में ही लड़ा रही है। उन्होंने कहा की नीति और नियत सही नहीं होने के कारण झारखंड का नौजवान सड़कों पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने लोगों से 11 अप्रैल को रांची चलने और इस भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने को कहा। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, हेमंत पाठक, विनोद भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, विकर्मा सिंह, प्रखंड प्रभारी राजा सिंह, कुण्डल सिंह, राम प्रसाद कमलापुरी, सिताराम जयसवाल, मिडिया प्रभारी रविन्द्र सोनी, बाबु लाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रमना में रघुवर दास का भव्य स्वागत

**रमना (गढ़वा)।** पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के रमना क्षेत्र में प्रवेश करते हीं जगह -जगह पर कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत के क्रम में किसी ने पूर्व सीएम को फूलमाला, पगड़ी, तलवार व शॉल भेंट किया। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते हीं पूर्व मुखिया अखिलेश्वर पांडेय के नेतृत्व में कबिसा गेट पर मुखिया प्रतिनिधि चुनु सिंह के नेतृत्व में भगोडीह पावर ग्रिड पर, मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह चौक पर तथा व्यवसायी वर्ग एवं स्वर्णकार संघ के द्वारा रमना सर्वेश्वरी चौक पर पूर्व सीएम एवं विधायक भानु प्रताप शाही का भव्य स्वागत किया गया। बताते चलें कि श्री बंशीधर नगर जाने के पूर्व वे स्थानीय विधायक के साथ भगोडीह पावर ग्रिड भी गये। इसके बाद शहीद भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। इस मौके पर मुख्य रूप से चंद्रिका गुप्ता, श्री प्रसाद, विजय सोनी, त्रिपुरारी सोनी, रणजीत सोनी सुनील गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, जोखू सिंह पंकज सिंह प्रभात कुमार, सुमन गुप्ता राजेंद्र गुप्ता रूपनरायन यादव, शंकर चंद्रवंशी, सत्येंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता शिवकुमार विश्वकर्मा बसपा में शामिल

**डंडाई (गढ़वा)।** प्रखंड में भाजपा को सोमवार के दिन उस समय बड़ा झटका लगा जब 10 वर्षों तक प्रखंड अध्यक्ष का कमान संभालने वाले बड़े तबका के नेता शिव कुमार विश्वकर्मा पार्टी को अलविदा कह दिया। उसके बाद उन्होंने राज्य के राजधानी रांची में बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया। बताया जाता है कि पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा को अलविदा कहे शिवकुमार विश्वकर्मा कोई और नहीं बल्कि प्रखंड भाजपा के प्रखंड प्रभारी पंकज विश्वकर्मा के चाचा हैं। शिवकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा का विचारधारा में पहले की अपेक्षा अब काफी बदलाव आ गया है। पहले सिर्फ और सिर्फ उसके नेता व कार्यकर्ता विकास को उंगलियों पर गिना चुनाव के दौरान वोट मांगने का काम किया करते थे। जबकि अब पार्टी के पास न तो कोई विजन रह गया है और ना ही कोई सिद्धांत सिर्फ धर्म के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाते हैं साथ ही हर चुनाव के दौरान उनसे वोट लेने का काम करते हैं जिस की राजनीति में कहीं भी जगह नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी शुरू से लोगों के लिए हक व अधिकार की लड़ाई लड़ते आई है। उक्त पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता का सिर्फ और सिर्फ विकास ही चुनावी मुद्दा रहता है। श्री कुमार ने कहा कि पार्टी के नेताओं के क्रियाकलाप व उनके विचारधारा से प्रभावित होकर मैं बहुजन प्रदेश नेताओं की उपस्थिति में आज बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया हूं। साथ ही कहा कि विकास से विचलित हुआ भाजपा का जनाधार अब प्रखंड क्षेत्रों में बिल्कुल रूप से समाप्त हो गया है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रभारी सतीश बौद्ध, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार प्रसाद इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# कन्वर्जन स्कीम लेने को लेकर बैठक आयोजित

**मेराल (गढ़वा)।** उपायुक्त गढ़वा के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ प्रवेश कुमार साव के अध्यक्षता में कन्वर्जन स्कीम लेने को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बीपीओ, सहायक अभियंता, प्रखंड पंचायती राज कोऑर्डिनेटर पंचायत सचिव ग्राम रोजगार सेवक शामिल हुए। बीडीओ श्री साव ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायतो में 4 तरह की योजना का चयन कर सूची उपलब्ध करायें ताकि ससमय यह योजना चालू कर ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इन चार तरह की योजनाओं में सोख्ता, वर्मी कंपोस्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग करना है। ताकि सभी पंचायतों में छोटी-छोटी सौ- सौ योजनाएं स्वीकृत कर ग्रामीणों तक लाभ पहुंचाने का उद्देश्य है। इन सभी योजनाओं ने 15वें वित्त मद से मटेरियल का भुगतान एवं मजदूरों का मजदूरी का भुगतान मनरेगा से किया जाएगा। वहीं बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने बीस पंचायत में से सात पंचायत में हासनदाग, बाना, करकोमा, पढ़ूआ, ओखरगाड़ा बिखताम, अरंगी के पंचायत सचिव व स्वयंसेवक के साथ बैठक कर अधूरे पड़े आवास एक सप्ताह के अंदर 143 आवास विंडो सिल एवं 77 आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



नवीन मेल संवाददाता

**डंडाई (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के लावा दोनी गांव में हत्या का मामला प्रकाश में आया है। घटना रविवार रात्रि 9 बजे की है। ओझा गुनी के आरोप में उक्त रात्रि को एक ही समुदायों के बीच हुए विवाद में गांव के ही सोहन कोरवा ने बसंत कोरबा को गला दबाकर हत्या कर दिया। वहीं जानकारी पाकर थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी दल बल के साथ उक्त रात्रि को घटनास्थल पर पहुंची। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर हत्यारोपी के खोजबीन में जुट गयी। दर्जनों घर का मुआयना करने के बाद अपने घर के बजाय दूसरे के घर से हत्यारोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल हो गई। उसके बाद हत्यारोपी के साथ-साथ मृतक के शव को भी लेकर पुलिस थाना लौट आई। वहीं अहले सुबह सोमवार को अंत्य परीक्षण के लिए मृतक के शव को गढ़वा सदर भेज दिया गया। जबकि गिरफ्तार आरोपी को भी उनके द्वारा न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेजने का काम किया गया। जानकारी के अनुसार हत्यारोपी सोहन कोरबा की पत्नी सबीना देवी का 1 माह पहले मृत्यु हो गयी थी। पत्नी की मौत के बाद हत्यारोपी सोहन कोरवा बार-बार मृतक बसंत कोरवा पर ओझा गुनी कर पत्नी को मौत के घाट उतारने का आरोप लगाते आ रहा था।

उसी मामले को लेकर रविवार रात्रि सोहन ने बसंत का बेरहमी से गला दबा दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं सोमवार को एक तरफ शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर भेजा गया तो दूसरी तरफ हत्यारोपी को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेजने का काम किया गया। मौके पर थाना प्रभारी शहबाज अंसारी के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार व नवीन शर्मा के साथ साथ शशी कुमार बिंद व सतीश कुमार पांडे उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेंट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DWSD/SVS/CLUSTER/MED-29/2022-23 (3rd Call) जो PR No. 293577 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के SVS/CLUSTER-41 का PWA Code के कंडिका-159(XI) के आलोक में तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

| विवरण | प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.04.2023 / 05.00 P.M. | 08.04.2023 / 05.00 P.M. |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 05.04.2023 / 05.00 P.M. | 10.04.2023 / 05.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.04.2023 / 04.00 P.M. | 11.04.2023 / 04.00 P.M. |

यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 294470 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(नक्सल शाखा)**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राँची जिला के धुर्वा थानान्तर्गत नोटिफिकेशन सं0- RSCCL/Master Plan/43/2107/5794 दिनांक 07.09.2017 से अधिसूचित रांची स्मार्ट सिटी, रांची के प्लौट संख्या- 34, 59, 60, 17, 37 (Green Area), [Eco Park Area] 61, 7, 63, 54, 58 (Green Area Near 58), 32 में भण्डारित पत्थर खनिज अपशिष्ट पत्थर सहित (औपबंधिक) 58256 घनमीटर को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमवली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम निलामी (चतुर्थ प्रयास) दिनांक 17.04.2023 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्त्ता, (नक्सल), रांची की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लौक 'ए', कमरा नं0 207 में सम्पन्न की जाएगी। आवेदन सहित अन्य वांछित कागजात दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.04.2023 के 05:00 बजे अपराह्न तक है। भण्डारण की विवरणी, लोक निलामी की प्रक्रिया की शर्तें website www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है। भण्डारण की विवरणी लोक निलामी की प्रक्रिया एवं शर्तें निम्नवत् है :-

अपर समाहर्त्ता, (नक्सल),
रांची

PR 294502 District(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेंट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DWSD/SVS/CLUSTER/MED-20/2022-23 (2nd Call) जो PR No. 293382 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के SVS/CLUSTER-9 का PWA Code के कंडिका-159(XI) के आलोक में तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

| विवरण | प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.04.2023 / 05.00 P.M. | 08.04.2023 / 05.00 P.M. |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 05.04.2023 / 05.00 P.M. | 10.04.2023 / 05.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.04.2023 / 04.00 P.M. | 11.04.2023 / 04.00 P.M. |

यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 294453 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



**कार्यालय जिला परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए दिनांक-20.03.2023 को नावघाट बंदोबस्ती की तिथि निर्धारित की गयी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था। पुनः सुरक्षित जमा राशि के आलोक में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2023-24 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक-11.04.2023 दिन-मंगलवार को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं। वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगी, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण-पत्र तथा ऑन लाईन निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य है।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने के लिए अधोहस्ताक्षरी सक्षम हैं।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0 सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि(15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 874000.00 | 131100.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 201250.00 | 30188.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 33063.00 | 4960.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 46115.00 | 6918.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 149500.00 | 22425.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 81075.00 | 12162.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 70297.00 | 10545.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 106925.00 | 16039.00 |

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 294415 Rural Development(23-24).D

# भाजपा का छिपादोहर में चौपाल कार्यक्रम आज, शामिल होंगे रघुवर दास



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास आज बरवाडी में कई कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में बाबूलाल मरांडी का दौरा और फिर अप्रैल माह के पहले सप्ताह में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का पलामू प्रमंडल का दौरा होना भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने के संकेत हैं। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे राज्य में तैयारी शुरू कर दी गई है और इसी के तहत आज मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर के गांधी मैदान में भाजपा द्वारा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शिरकत करेंगे। इस दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मनिका बरवाडीह , गारू महुआडांड़ और लातेहार प्रखंड से जुड़े पार्टी कार्यकर्ता और आम लोगों से मुलाकात कर उनके अंदर चुनाव की तैयारी को लेकर ऊर्जा भरने का काम करेंगे। भाजपा के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के द्वारा रघुवर दास के आगमन को लेकर छिपादोहर में सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। जहां इस कार्यक्रम में पार्टी से जुड़े मंडल कमेटी, जिला कमेटी, प्रदेश कमेटी के पदाधिकारियों के साथ भाजपा से जुड़े सभी जनप्रतिनिधि समर्थक और कार्यकर्ता शिरकत करेंग। वही रघुवर दास के आगमन के कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है छिपादोहर मंडल कमेटी के साथ-साथ बरवाडीह मंडल कमेटी के कार्यकर्ता पदाधिकारी लगातार चौपाल को सफल बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## बालूमाथ में शिशु विद्या मंदिर में हनुमान चालीसा के पाठ के साथ सत्र आरंभ



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नए सत्र का आरंभ हवन के साथ प्रारंभ किया गया है जिसके बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य मणिकांत पाठक ने बताया कि बीते 28 मार्च को विद्यालय का परीक्षा फल घोषित हुआ था इसमें शत प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए जिसकी नया सत्र के प्रारंभ सभी विद्यालय के भैया बहन एवं प्राचार्य मिलकर एक साथ हवन किया गया एवं हनुमान चालीसा के पाठ के साथ सत्र का आरंभ किया गया। मौके बहन पर पुष्पांजलि कुमारी, माही, सुधा, सान्या, प्रीति, नेहा, पूजा, निकी, आचार्य, निहारिका, दीपक, अनीता, आरती आदि उपस्थित थे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**बालूमाथ।** धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले टोरी बालूमाथ शिवपुर रेलवे लाइन में बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम अंतर्गत महुआटांड़ के पास रेल पटरी पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। जिसकी पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम अंतर्गत महुआताड़ टोला निवासी सुनील गंजू की पत्नी गुड़िया देवी 30वर्ष के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी महुआ चुनने के लिए रेल पटरी पार कर रही थी कि इसी दौरान गुजर रहे मालगाड़ी की चपेट में आ गई जिससे उसका दोनों पैर और एक हाथ कट गया। जिसे गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ अमरनाथ प्रसाद ने उसकी स्थिति को गंभीर और चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात रांची रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन घायल महिला की रांची रिम्स में पहुंचने के साथ ही उसकी मौत हो गई। मृतक महिला के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## 8 को मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित

**बालूमाथ।** रामेश्वर नेत्रालय के द्वारा आगामी 8 अप्रैल को बालूमाथ में मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपन शिविर का आयोजन किया गया है। संचालक प्रमोद उरांव ने बताया कि राँची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक एनके मुर्मू के द्वारा चिंहित नेत्र मरीजों का ऑपरेशन तथा लेंस प्रत्यारोपन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल से 7 अप्रैल तक मरीजों की जाँच की जायेगी। जाँच के बाद 8 अप्रैल को नेत्र चिकित्सक द्वारा आधुनिक फेको विधि से बिना चीरा टांका का मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा लेंस प्रत्यारोपन किया जायेगा।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**कुंदा(चतरा)।** पुलिस ने एनडीपीएस के फरार चल रहे कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेदवाडीह निवासी अभियुक्त मणिभूषण यादव पिता धंकेश्वर यादव के घर सोमवार को इस्तेहार चिपकाया। प्रभारी थाना प्रभारी मोतीराम देवगम ने बताया की कुंदा कांड संख्या 16/21 एनडीपीएस एक्ट के नामजद अभियुक्त है, जो पिछले दो सालों से पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर उसके घर पर इश्तेहार चिपका कर परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए जल्द ही न्यायालय में सरेंडर करने को कहा गया है।

## मनिका में कांग्रेस की बैठक



**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिन सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राहुल गांधी के सदस्ता खत्म होने के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन लातेहार मुख्यालय में किया जाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि राहुल गांधी को मौजूदा सरकार प्रताड़ित करने का काम कर रही है।और सच्चाई बोलने पर राहुल गांधी की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। इसी को लेकर उनका सदस्ता भी चली गई और मौजूदा सरकार को इतनी क्या हड़बड़ी है की उनका बंगला भी खाली करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल को लातेहार मुख्यालय में सत्याग्रह कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में झारखंड के प्रभारी विकास पांडे भी आ रहे हैं उसी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आज हम लोग बैठक रखें हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान आदि उपस्थित थे।

### 24 घंटे से कम समय में हत्या मामले का खुलासा

# मनिका पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
मनिका पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे से कम समय में हत्या के मामले का उद्भेदन कर दिया है और हत्यारे को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित देवतवा टोंगरी के पास बीते दिन शुक्रवार को संध्या में नावाडीह ग्राम निवासी विकास भुइयां की हत्या कर दिया गया था दिन सोमवार को मनिका थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा ने बताया की हत्या की संगीनता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पुलिस की एक टीम का गठन किया गया था। जो लगातार घटनाक्रम पर नजर रखते हुए हत्यारे को पकड़ने में लगी हुई थी। गठित टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने हत्या करने मे शामिल अभियुक्त हरेन्द्र प्रसाद उर्फ बब्लु जो छिपादोहर थाना क्षेत्र के कुचिला ग्राम के लाहीबार टोला का रहने वाला है हत्या में प्रयुक्त हथियार चाकु के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना का खुलासा करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री लोहरा ने आगे पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की हत्यारा हरेन्द्र प्रसाद से मृतक विकास भुईया ने 45000 रुपए ईट भट्ठा मे मजदूर भेजने के नाम पर लिया था। परंतु मृतक न तो मजदूर भेज रहा था और न ही पैसा वापस कर रहा था। दिन शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार के दिन दोनों संध्या के समय देवतवा टोंगरी मे जाकर शराब पिया उसके बाद हरेन्द्र प्रसाद ने झाड़ी मे छिपाकर रखे लोहे की एक बड़े चाकु से गोंदकर विकास भुइयां की हत्या कर फरार हो गया। पुलिस ने हत्या के दौरान खुन से सन्ना अभियुक्त का कपड़ा मृतक का टुटा मोबाइल फोन हत्यारे का मोबाइल फोन एक ग्लैमर मोटरसाईकिल व हत्या मे प्रयुक्त चाकु को भी बरामद किया है। हत्यारे को पकड़ने के लिए पुलिस दल की गठित टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलावा पुन -बबलु कुमार लातेहार अंचल, थाना प्रभारी राणा भानुप्रताप सिंह, छिपादोहर थाना के पुअनि अभिषेक कुमार, पुअनि राजकुमार तिग्गा मनिका थाना, पुअनि प्रदीप कुमार राय मनिका थानासमेत सैट 207 व थाना पुलिस के जवान शामिल थे।

## फरार दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**महुआडांड़।** थाना प्रभारी आशुतोष यादव के निर्देशानुसार सोमवार को पुआनि रतन टूडू के नेतृत्व में थाना पुलिस गांव सरनाडीह में छापेमारी अभियान चलाकर कई महीनो फरार चल रहे कांड संख्या 66/22 के नामजद प्राथमिक दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। पुआनि रतन टूडू ने बताया कि फरार अभियुक्त सलाम अंसारी उर्फ सद्दाम अंसारी (29) और आजाद अंसारी (20) गांव तम्बोली नवाटोली निवासी दोनो कांड 66/22, धारा 323, 341, 354, 504, 506/34 भादवि, फरार अभियुक्त थे। गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि आए हुए हैं, जहां दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, छापामारी अभियान में पुआनि अजय कुमार दास, रौशन कुमार और जिला पुलिस बल जवान मौजूद थे।

# चंदवा : टोली फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण नहीं होने से नाराजगी

### केक काटकर जताया विरोध



- टोरी फ्लाई ओवरब्रिज का हो चुका है शिलान्यास
- निर्माण शुरू कराने के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
एनएच 99 (अब 22) रांची-चतरा मुख्य पथ पर बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पर फ्लाई ओवरब्रिज (आरओबी) के शिलान्यास के दो वर्ष पूरे होने पर कामता पंचायत समिति सदस्य सह माकपा नेता अयुब खान के नेतृत्व में केक काटकर दूसरी वर्षगाँठ मनायी गयी। निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर केंद्र व राज्य सरकार और एनएचआई विभाग का ध्यान खींचा गया। दो वर्ष से लंबित फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। साथ ही ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि दिनांक 03 अप्रैल 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी समेत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम की उपस्थिति में टोरी - चंदवा का फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य की ऑनलाइन आधारशिला रखी गई है। करोड़ों की लागत से यह फ्लाई ओवरब्रिज बनना था लेकिन इसका निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं हो पाया है। तब मंत्री नीतिन गडकरी ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया था कि दो साल में आरओबी का कार्य पूरा हो जाएगा। शिलान्यास होने से प्रखंड वासियों को लगा था कि अब टोरी रेलवे क्रॉसिंग की जाम से निजात मिल जाएगी लेकिन आधारशिला के दो वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया।

# सेवानिवृत सामो खातून को सम्मानित कर दी विदाई

### डीसी व अन्य वरीय पदाधिकारी रहे मौजूद



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय की अनुसेविका सामो खातून के सेवानिवृत्ति के पर विदाई समारोह का आयोजन सोमवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में किया गया। समारोह में उपायुक्त अबु इमरान समेत उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, भूमि सुधार उप समाहर्ता गौरांग महतो समेत समाहरणालय के कार्यालय कर्मी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपायुक्त ने सामो खातून द्वारा उत्तरदायित्व की पूर्णता एवं कार्यों के सकुशल निर्वहन के लिए प्रशंसा करते हुए पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने सामो खातून के सुखद पारिवारिक जीवन एवं स्वस्थ दीघार्यु जीवन हेतु शुभकामनाएं भी दी। वहीं उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता ने भी कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शॉल देकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित कार्यालय कर्मियों ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी।

## कान्हाचट्टी में खरवार समाज की बैठक

**कान्हाचट्टी(चतरा)।** उत्तरी छोटानागपुर खरवार महासभा के कार्यकारी युवा अध्यक्ष बिजय सिंह खरवार के आदेशानुसार एक कान्हाचट्टी प्रखंड में खरवार समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता टीकम सिंह खरवार एवं संचालन सिकेंद्र खरवार ने किया। बैठक में चतरा, हाजरीबाग एवं गया (बिहार) के खरवार आदिवासी समाज के लोंग शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में खरवार लोक सेवक संघ झारखण्ड सदस्य शिक्षक जितेंद्र सिंह खरवार शामिल हुए। मौके पर दो दिवसीय महासम्मेलन कराने को लेकर चर्चा करते हुए सभी लोगों नें सहमति प्रदान किया एवं घर के प्रति चूल्हा 500 सौ रुपया चंदा लगाया गया एवं सभा स्थल का चयन (साहू भवन) फारेस्ट विभाग, चौपारण जिला हजारीबाग में 3 व 4 जून 2023 को खरवार समाज का महासम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन को सफल संचालन को तीनों चतरा, हजारीबाग व गया से मिलाकर 40 सदस्य की कमिटी बनाया गया। जिसे चंदा कमिटी, व्यवस्थापक कमिटी, प्रचार-प्रसार कमिटी व निगरानी कमिटी में बांटा गया।

# कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज पर मेहरबान हैं अधिकारी

### सेवा अवधि खत्म होने के बाद भी लिया जा रहा हैं ऑपरेटर से काम, ऑपरेटर पर लगे हैं कई आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
लातेहार जिला खाद्य आपूर्ति विभाग में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज प्रसाद की सेवा अवधि समाप्त हो गई है। इसके बावजूद वह गलत तरीके से विभाग में कार्य कर रहा है। उक्त विभाग के अधिकारी उसपर इतना मेहरबान है कि कार्यालय में बैठाकर निरंतर उससे काम लिया जा रहा हैं। ऑपरेटर पर कई भी आरोप लगे हैं। जिसकी जांच अबतक नहीं की गई । जिससे ऑपरेटर का मनोबल काफी बढ़ा हुआ हैं । सोमवार को भी वह जिला खाद्य आपूर्ति विभाग में मन लगाकर काम करते देखे गए। जब इस बारे में उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बड़े साहब बोले हैं ,काम करने के लिए। संविदा खत्म होने के बाद भी कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज द्वारा गत चार दिनों से लिया जा रहा कार्य कई सवालों को जन्म देता हैं। अभी तक अधिकारियों ने ऑपरेटर पर कोई कार्रवाई नहीं की हैं। बता दें कि आईएमपीडीएस योजना अंतर्गत गठित डीपीएमयू के तहत बाह्य स्त्रोत से उक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर को एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक के लिए रखा गया था। आईएमपीडीएस योजना 31 मार्च 2023 को समाप्त हो गई। इसके साथ ही उक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवा अवधि भी समाप्त हो गई है, लेकिन बावजूद उक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर विभाग के सरकारी कार्यो का कम्प्यूटर से निष्पादन कर ही रहा है।

## सड़क हादसे में चालक गंभीर, रिम्स रेफर

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा थाना क्षेत्र में एनटीपीसी गेट के समीप ईंट ढुलाई में लगे एक ट्रेक्टर ने दोपहिया वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे चालकगंभीर रूप से घायल हो गया और मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संदर्भ में एसआइ अभिनव आनंद ने बताया कि ईंटा लदे ट्रेक्टर के धक्के से श्याम ट्रांसपोर्ट के कोयला लदे हायवा जेएच 10 सीजे 2821 में जाकर बाइक जेएच 13 डी 0603 फंस गया। आनन-फानन में दोपहिया वाहन चालक थाना क्षेत्र के पांडे मोड़ स्थित दुंदुआ निवासी 22 वर्षीय टेकलाल महतो पिता भुनेश्वर महतो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहा प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर घटना की सूचना पाकर आक्रोशित परिजन समुचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

**बच्चों में हर्ष** पुष्प वर्षा, तिलक अभिनंदन, चाकलेट्स देकर नए नामांकित बच्चों का हुआ स्वागत

# डीएवी लातेहार में नए शैक्षणिक सत्र शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
स्थानीय जलता स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल ,लातेहार में आज नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नामांकित नए बच्चों एवं साथ ही साथ नई कक्षाओं में उतीर्ण हुए बच्चों का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। आज इस अवसर पर आर्य संस्कृति परंपरा के अनुसार विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने वैदिक हवन- यज्ञ -मंत्रोच्चार के साथ पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया। संगीत शिक्षक सूरज मिश्रा के नेतृत्व व निर्देशन में बच्चों के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जो वैदिक हवन यज्ञ और गायत्री मंत्र सहित कई वेद मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ।वैदिक हवन यज्ञ में कक्षा एल के जी से आठवीं तक के सभी विद्यार्थी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया ।इस अवसर पर सभी बच्चे और उनके अभिभावक काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। प्रभारी प्राचार्य श्री प्रभात रंजन ने बच्चों के समुचित तथा सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों को प्रयासरत रहने की अपील की। उन्होंने बच्चों से परिश्रम के फल और अनुशासन विषय पर भी चर्चा किये। उन्होंने शिक्षा में बदलाव और बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को परखने के लिए सभी कक्षाओं में सीसीए ,ड्राइंग , भाषण, क्विज ,पेंटिंग, संगीत जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विद्यालय में प्रवेश परीक्षा प्रारंभ कर दिया गया है। विद्यालय कार्यालय से नामांकन फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर विद्यालय के राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, सुशील कुमार दुबे ,रवि प्रकाश तिवारी, विश्वनाथ साहा,शकुंतला पाल, अजीत कुमार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विधि विधान व हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखण्ड मुख्यालय मे संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विधि विधान व हवन के साथ सोमवार को नए सत्र 2023-24 का शुभारंभ किया गया। नए सत्र को लेकर विद्यालय परिसर में आचार्य श्री राजकिशोर मिश्र के द्वारा सामूहिक प्रातः स्मरण, एकात्मता स्तोत्रम्, एकात्मता मंत्र, हनुमान चालीसा पाठ, मानस पाठ, सरस्वती वंदना, ओंकार का पाठ, गायत्री मंत्र का पाठ ,भारत माता की स्तुति, शांति मंत्र का पाठ एवं विधिवत हवन पूजन के साथ कराया गया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया की यह कार्यक्रम विद्या भारती योजना के अनुसार किया गया है। विद्या भारती द्वारा संचालित सभी शिशु विद्या मंदिर में नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ से करने की परंपरा रही है। इसी के आलोक में आज पूर्व सूचना के अनुसार एक कुंडीय गायत्री हवन यज्ञ बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। माता गायत्री से प्रार्थना की गई। गायत्री मां विद्यालय परिवार को वर्ष भर विद्या, ज्ञान, बल, और बुद्धि से परिपूर्ण रखें । प्रधानाचार्य राम ने आगे कहा कि सभी अभिभावक बंधु /भगिनी अपने बच्चों को प्रातः 7:30 बजे से विद्यालय भेजेंगे विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य प्रातः 7:30 से 11:30 बजे तक संचालित होगी।पूजन एवं हवन कार्यक्रम में यजमान के रूप में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी एवं पुरोहित के रूप में आचार्य राज किशोर मिश्रा जी उपस्थित थे, हवन कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम आचार्य शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, नितेश कुमार ठाकुर ,बसंत कुमार , आचार्या वीणा देवी, किरण देवी, खुशबू कुमारी, मनीषा कुमारी, विनीता कुमारी उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### भंडरा के ब्राह्मणडीहा गांव में सरहुल का जुलूस निकाला गया

**भंडरा /लोहरदगा।** भंडरा के ब्राह्मणडीहा गांव में 3 अप्रैल को प्रकृति पर्व सरहुल का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोउल्लास के साथ निकाला गया। लोगों ने पारंपरिक भेष भूसा और मांदर के थाप के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली। इसमें समीपवर्ती गांव के महिला पुरुष भी पारंपरिक गाजे बाजे के साथ शामिल हुए और ढोल नगाड़ों के बीच सरहुल गीतों पर नृत्य किया। गांव के आखाडा में सरना पूजा पाठ के बाद जुलूस निकाला गया। गांव भ्रमण के बाद चट्टी होते हुए जुलूस गांव वापस लौटा। इससे पूर्व स्थानीय पहान, पुजार ने सुख समृद्धि की कामना की। शांति व्यवस्था के लिये पुलिस भी मौजूद थी। इस दौरान विजय उरांव, बंधनु उरांव, मांगे उरांव, जयराम, दुर्गा, एतवा उरांव, रन्थु उरांव, टूनु पहान, हिरु उरांव, प्रवीण, बिरसा, गरभू उरांव, अजय, एतवरिया उरांव, गुड़िया उरांव आदि उपस्थित थे।

### सिमडेगा नगर परिषद में बस स्टैंड की डाक प्रक्रिया हुई संपन्न

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर परिषद कार्यालय सभागार में सोमवार को नगर परिषद की ओर से आयोजित वीर शहीद तेलंगा खड़िया बस स्टैंड की डाक प्रक्रिया संपन्न हुई ।मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ,कार्यपालक पदाधिकारी सह एसडीओ महेंद्र कुमार उपस्थित रहे। जहां पर 2 संवेदक को ने इस डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया में शामिल हुए ।जिनमें मोहम्मद आरशद एवं धनंजय सिंह शामिल हुए । डाक प्रक्रिया शुरू हुई जहां पर दो राउंड तक लगातार जारी रही जिसमें धनंजय सिंह ने 4431260 रुपए में सिमडेगा बस स्टैंड की डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया को उच्च बोली लगाकर अपने नाम किया।

### बस्ती के तालाब में मिले शव के मामले में पति गिरफ्तार

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर पुलिस ने रविवार को तालाब में एक महिला का शव बरामद किया था और इस मामले में छानबीन करने के दौरान पता चला कि महिला के पति द्वारा उसकी हत्या करते हुए शव को छुपाने की नियत से तालाब में फेंका गया था इधर पुलिस द्वारा सोमवार को उसके पति जेवियर बा को गिरफ्तार कर लिया जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने बताया कि जो राम लेबरेटोली निवासी जेबीयर बा अपनी पत्नी सनरति समद को लाठी से पीटकर हत्या कर दी एवं शव को छुपाने के उद्देश्य से अपने ऑटो में डालकर जोराम बस्ती के पास तालाब में फेंक दिया। वही थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या का कारण घरेलू विवाद है ।हत्या में उपयोग करने वाला लाठी एवं टेंपो को पुलिस ने जप्त कर लिया है। गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध ठेठईटांगर थाना कांड संख्या 12/23 धारा 302/ 201 के तहत मामला दर्ज किया है वहीं शव का पोस्टमार्टम करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

# हवन के साथ नूतन सत्र प्रारंभ




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हुआ ` मां सरस्वती , ओम ,भारत माता एवं हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के समस्त आचार्य आचार्या, भैया -बहनों द्वारा भक्ति पूर्ण वातावरण में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ हुओ सुंदरकांड के संगीतमय पाठ में आनंद पांडेय ,पारस इंद्र गुरु एवं समिति सदस्या शोभा देवी की सहभागिता रही। सभी आचार्य, आचार्या ,भैया/ बहनों एवं अभिभावकों ने हवन कियो इस अवसर पर भैया /बहनों को चंदन का तिलक लगाकर नए सत्र का आगाज किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती शिशु / विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का प्रारंभ होता है। भैया -बहनों के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु भगवान की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।भैया - बहनों में सकारात्मक क्षमता का विकास हो, जिससे भैया - बहन विद्यालय तथा परिवार को समाज में प्रतिष्ठित कर सकें । उन्होंने भैया बहनों एवं उपस्थित अभिभावकों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। नये सत्र में हम सब नई ऊर्जा, नए संकल्प, नई शक्ति के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हों। पूजन का कार्य विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने कराया। पूजन में विद्यालय के आचार्य राजीव कुमार सिह, अमर कांत शुक्ला, प्रमेंद्र सिह , श्याम सुंदर कुमार सहित सभी आचार्य-आचार्या की सहभागिता रही । अंत में भैया - बहनों एवं उपस्थित अभिभावकों के बीच प्रसाद वितरण किया गया ।

### नहाने के क्रम में कुएं में डूबने से युवक की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव ईंट भट्ठा के समीप कुएं पर नहाने के दौरान युवक का पैर फिसल गया जिससे वह कुएं में गिर गया। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से अचेत अवस्था में युवक को निकल कर सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित किया। मृत युवक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुरिया सोवरन टोली निवासी स्वर्गीय पांडुवी उराँव के 40 वर्षीय पुत्र बसंत उराँव के रुप में किया गया। वो राजमिस्त्री का काम करता था। जो 1 अप्रैल को अपने ससुराल भड़गांव आकर अपने ससुर का नवनिर्मित पीएम आवास में दरवाजा खिड़की लगाने का काम कर रहा था। इसी बीच अपने ससुर बासुदेव उराँव को बोल कर निकला कि दीवार को काट कर रखिए नहा कर आते हैं। तो दरवाजा लगाएंगे। उसी समय संदेह उतपन हुई तो कुएं में झांक कर देखा तो रस्सी एवं चप्पल कुएं में तैरता दिखा तो ग्रामीणों के मदद से खोज करते हुए कुएं से अचेत अवस्था में निकाल अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उसकी मौत डूबने से हो चुका था।

# सीता उरांव ने धमकी को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
महिला झारखंड आंदोलनकारी सीता उरांव ने सोमवार को धमकी देने एवं जान-माल की रक्षा करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि मैं सीता उरांव, पति रामदयाल उरांव, ग्राम जीतिया टोली, थाना सेन्हा जिला लोहरदगा की स्थाई निवासी हूँ। मैं झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग ले चुकी हूँ। विगत दिनों निम्नलिखित कथित झारखंड आंदोलनकारी (1) रामनंदन साहु, ग्राम जोगना, थाना-सेन्हा, जिला लोहरदगा, (2) अमानत अंसारी, ग्राम कल्हेपाट, थाना सेन्हा व जिला लोहरदगा, (3) पुष्कर महतो, पिता-स्व. धीराज महतो, मुहल्ला ढुमसा टोली, थाना चुटिया, जिला रांची आदि के द्वारा झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हितीकरण कराने हेतु पैसे की मांग करने के संबंध में मीडिया के समक्ष अपना बयान दी थी। उस बयान को लेकर उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा तब से लेकर अब तक बार-बार मेरे निवास स्थान में आकर धमकियां दी जा रही है। मुझे आशंका है कि उक्त लोगों के द्वारा मेरी जान-माल को नुकाशान पहुंचा जा सकता है। उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कारवाई करते हुए मेरी जान-माल की रक्षा करने की की जाए।

# सत्याग्रह आन्दोलन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के खिलाफ में कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किए गए जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत सोमवार को सिमडेगा शहरी क्षेत्र के हेलेनपुर बस्ती में चलाया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष नवीन वीरेंन तिर्की की अगुवाई में यह कार्यक्रम की गई ।जहां पर सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से सीधे जनता से जुड़कर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव आते ही ईडी सीबीआई जैसी एजेंसी या भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए छोड़ देती है ।प्रधानमंत्री के मित्र पर लाखों करोड़ों के घोटाले के आरोप में लगे हैं। लेकिन एजेंसी उन पर कार्रवाई नहीं करती है। भाजपा के भगोड़े मित्र हजारों करोड़ों लेकर देश से बाहर है लेकिन अब तक एजेंसी उनपर कार्य नहीं की। अगर कोई भाजपा ज्वाइन कर ले तो उसकी जांच बंद हो जाती है। मेघालय में जिस पार्टी को सबसे भ्रष्ट बताया जा रहा था उसी पार्टी के साथ सरकार बना ली गई और प्रधानमंत्री खुद आशीर्वाद देने पहुंचे। कर्नाटक में भाजपा विधायक के घर 8 करोड़ मिला अगले दिन जमानत मिल गई। 40% कमीशन के लिए बदनाम कर्नाटक की भाजपा सरकार में अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। उत्तराखंड गुजरात जैसे भाजपा सरकार वाले राज्यों में भ्रष्टाचार के मामले सामने आए तब तक कार्रवाई नहीं हुई ।देश की जनता यह अत्याचार देख रही है और आने वाले समय में जवाब देगी ।वर्तमान समय में गरीब बेरोजगार असहाय लोगों की आवाज बन कर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आगे बढ़ रहे थे लेकिन अडानी की फर्जी सेल कंपनी में 20000 की इन्वेस्टमेंट की जानकारी मांगने पर उन्हें साजिश के तहत उनकी सांसद सदस्यता रद्द कर दी गई है। इससे पता चलता है कि यह सत्य और सत्ता के बीच युद्ध है और कांग्रेस का साथ जनता जरूर देगी। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सह नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू , प्रदेश सचिव नॉमिता बा , 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पीसीसी डेलिगेट प्रदीप केशरी एवम कौसल किशोर रोहिल्ला , जिला उपाध्यक्ष अजित लकड़ा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन , जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज , आदिवासी जिला अध्यक्ष अनूप लकड़ा , रावेल लकड़ा अरमान खान सोनू नायक मौजूद थे।

# व्यवस्था को लेकर पीडीजे से मिले नवनियुक्त एलएडीसी अधिवक्ता



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के द्वारा 25.03.2023 को अधिवक्ताओं का साक्षात्कार किया गया था जिसका परिणाम 01.04.2023 को झालसा रांची के निर्देश पर जारी कर दिया गया। जिसमें कुल 5 अधिवक्ताओं का चयन किया गया है। उप प्रमुख कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली (एलएडीसी) के रूप में नारायण साहू एवं उमेश कुमार का चयन किया गया, जबकि सहायक (एलएडीसी) के रूप में इंद्रानी कुजुर, भूपेंद्र कुमार एवं सुदामा साहू का चयन हुआ है। सभी नवनियुक्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों ने डालसा सचिव राजेश कुमार के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाल ने (एलएडीसी) के अधिवक्ताओं से कहा कि पुराने वादों में सही ढंग से साक्षी का प्रतिपरीक्षण करें साथ ही जेल में बंद कैदियों को भी समुचित विधिक सहायता प्रदान करें साथ ही लोहरदगा के विभिन्न विद्यालयों में भी समय-समय पर विधिक जागरूकता फैलाएं। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बारे में जानकारी देते हुए, डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य के सभी जिलों में एलएडीसी कार्य कर रही है। जबकि लोहरदगा में इसकी शुरूआत अप्रैल माह से हो रही है। एलएडीसी के सभी पांच अधिवक्ता डालसा के लिए ही कार्य करेंगे जिनके लिए उन्हें मासिक मानदेय दी जाएगी।

# विधिवत पूजन-हवन के साथ नए सत्र की हुई शुरूआत




**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में सोमवार को विधिवत पूजन हवन के साथ नवीन सत्र की हुई शुरूवात। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में नवीन सत्र प्रारम्भ से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से मानस पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ के साथ सत्र प्रारम्भ किया गया। पूरे वर्ष भर योजनानुसार शैक्षिक गतिविधि लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण हो ऐसे कामना ईश्वर से किया गया।पूजन हवन कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहन व अचार्य आचार्या तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के पदादिकारी उपस्थित थे। वही विद्यालय के प्रधनाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से पठन पाठन करवाया जाना उचित है। अपने सांस्कृति के वाहक विद्या भारती के माध्यम से चलने वाले विद्यालय में हवन के साथ सत्रारम्भ करना एक विशेष महत्व है। इस उद्देश्य से लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया गया। मौके पर विद्यालय के अचार्य आचार्या के अलावे सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### शिशु मंदिर स्कूल में हवन पूजन के साथ नए सत्र का आरंभ

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में हवन पूजन के साथ ही सत्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ में प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, आचार्य अशोक सिंह , महेंद्र कुमार मिश्र, नंद किशोर साहू, लक्ष्मी देवी एवं त्रिलोचन साहू भाग लिए। बच्चों का स्वागत दीपिका सिंह, सुनीता कुमारी, गणेश प्रसाद साहू, अशोक कुमार साहू द्वारा किया गया। प्रसाद वितरण का कार्य सुनीता कुमारी एवं गणेश प्रसाद साहू द्वारा किया गया। महेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा बच्चों को सदाचार एवं अनुशासन की प्रेरणा प्रद बातें बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने बच्चों को शुभ आशीष प्रदान करते हुए कहा कि इस नए सत्र में बच्चे और अधिक लगन पूर्वक अपने पढ़ाई में ध्यान दें तथा विद्यालय के अनुशासन को सुदृढ़ रखें।

### पीएलवी की हुई मासिक बैठक

# शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मार्च माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी माह में झालसा द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सुचारू रूप से करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में डालसा सचिव ने कहा कि निर्धारित सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना है जिसके लिए अब आप लोगों के सहयोग के लिए एलएडीसी पैनल के अधिवक्ता भी सहयोग करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि माह के फर्स्ट वीक में डोर टू डोर कंपेन और सभी पीएलवी को दो लीगल लिटरेसी क्लब करना है। साथ ही 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस और 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता लाना है। इसके अलावा इस माह क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में किया जाएगा। डालसा सचिव ने यह भी कहा कि समय-समय पर माननीय उच्च न्यायालय से स्कूल ड्राप आउट बच्चों को लेकर दिशा निर्देश आते रहते हैं जिसका अक्षरशः अनुपालन हम सब को करना है। मौके पर रोहित तमेडा, नेमहंती मिंज, मंजू खाखा, सुनेश्वर उरांव, पुन्नु देवी, दुखिंता मिंज, छाया देवी, दिलीप साहू, आशीष वर्मा, सीमा कुमारी, रवि लोहरा, प्रियांशु यादव, जितेंद्र राम, दीपक साहू, अजहर अहमद आदि उपस्थित थे।

### बैठक ग्राम सभा की बैठक में पूर्व विधायक हुए शामिल

# घेराबंदी के कार्य पर जताई नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड के जामुड़सोया ग्राम में ग्राम सभा का हुआ आयोजन मौके पर पहुंचे तोरपा पूर्व विधायक पौलुस सुरीन, ज्ञात हो कि बानो प्रखंड के बिन्तुका पंचायत के ग्राम जाम्बुडसोया में वन विभाग के द्वारा वृक्षारोपण कार्य में गांव के घेराबंदी किए जाने को लेकर पूर्व विधायक पौलुस सुरीन की उपस्थिति में ग्रामीणों में बैठक का आयोजन किया ।इस बैठक की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष जूनास सुरीन ने की, बैठक के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्या सुनाते हुए पूर्व विधायक को बताया कि वन विभाग के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होने की बात कही ।ग्रामीणों की सुनने के बाद पूर्व विधायक पौलुस सुरीन ने कहा की ग्राम सभा का बैठक करके ही कार्य आरंभ करना चाहिए ग्राम सभा के बिना वृक्षारोपण एवं घेराबंदी करना गलत है इसके लिए प्रखंड के अधिकारियों व ग्राम सभा की बैठक कर आपसी सहमति से हल निकालना चाहिए किंतु विभाग द्वारा फर्जी ग्राम सभा का आयोजन किया गया जो कि गलत है ।गांव के बगल से घेराबंदी के नाम पर खुदाई किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि अब इस तरह की खुदाई की जाएगी तो ग्रामीण या मवेशी कैसे आ जा पाएंगे। हम सभी ग्रामीण का अन्योन्याश्रम संबंध जंगलों से ह। जंगलो से आपसे नहीं है बल्कि सदियों से हमारा रिश्ताहै हमारी आय का मुख्य स्त्रोत पास के जंगल में मिलता है ऐसे में जंगलों में घेराबंदी हो जाने से ग्रामीण अपनी स्वरोजगार नहीं कर पाने की जानकारी दिया बैठक में कोंग्रेस पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष अजितकंडुलना ने बिभाग के कार्य को गलत। कहते हुए कहा कि कार्य के पूर्व आपसी बिचार कर कार्य आरंभ करना चाहिए।बैठक में।बिंतुका पंचायत के मुखिया प्रति बुड़, बेरनादित लुगुन, रोसलिया बागे, महेश सिंह, प्रभु साव लुगुन, मनीष हेमरॉम सहित जामुड़ सोया, जामटोली, महुआ टोली, तीतलिंग,गांझूटोली टूड़यू , सिकरोम आदि ग्राम के ग्रामीण मौजूद थे। मालूम हो कि जाम्बुडसोया के जंगलों में35 हेक्टेयर वन भूमि (सरकारी)में 35000 पेड़ लगाना है।

### कोलेबिरा विधायक ने कांग्रेस के महासचिव से की मुलाकात

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन मिक्सर कोंगाडी भारतीय कांग्रेस कमेटी के बुलावा पर दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल से औपचारिक मुलाकात की। उनके साथ खिचरी विधायक राजेश कच्छप, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी भी शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केसी वेणुगोपाल से मुलाकात करते हुए उसको देखकर अभिवादन किया जिसके बाद उन्होंने कोलकाता में कैश कांड में साजिश के तहत फसाकर उन्हें निलंबित करने के मामले में विस्तार पूर्वक चर्चा किया और बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी करते हुए निर्दोष बताया है और अब तक संगठन की ओर से उनकी निलंबन वापसी नहीं हुई है। जिसके बाद संगठन महासचिव श्री वेणुगोपाल ने कहा कि आप लोग कांग्रेस के भविष्य हो और आप लोगों का भविष्य उज्जवल है इसलिए मन लगाकर कांग्रेस का कार्य करें।

### अवैध बालू खनन के रोकथाम के लिए चलाया गया छापेमारी

# बालू घाट से पांच वाहनों को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता।** लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्रों के नदी और बालू घाटों में खनन विभाग द्वारा अवैध बालू खनन की रोकथाम के लिए सोमवार की अहले सुबह से छापेमारी अभियान चलाया गया । इस अभियान के दौरान खनन विभाग ने नदी से तीन अवैध बालू खनन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया वही खनन विभाग और पुलिस बल को देख नदी में ही अवैध बालू उठाव कर रहे एक ट्रैक्टर को छोड़कर बालू उठाव कर रहे लोग भाग निकले। वही जांच के दौरान स्टोन लदा दो हाईवा को भी खनन विभाग ने जब्त किया है। इस अभियान के दौरान दो स्टोन लदा हाईवा सहित तीन अवैध बालू खनन कर रहे ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। लोहरदगा डीएमओ राजा राम प्रसाद के नेतृत्व में यह अभियान अवैध खनन को रोकने के लिए चलाया गया जिसमे पुलिस बल भी शामिल हुए ।इस अभियान से बालू माफियाओं में हलचल मची हुई है। जिले में सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी, मेढ़ो और जोगना नदी से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उठाव किया जाता है जिसके रोकथाम के लिए अब खनन विभाग ने कमर कस ली है और शहरी क्षेत्र में करवाई करते हुए पांच गाड़ियों को जब्त किया है ।जल्द ही जिले के अलग अलग जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया जाएगा जिससे अवैध खनन पर रोक लगेगी।

# पीएसबी ने 35,012 करोड़ रु. की जमा राशि आरबीआई को ट्रांसफर की




**एजेंसी। नई दिल्ली**
पब्लिक सेक्टर बैंक ने आरबीआई को 35,012 करोड़ रुपये की बगैर दावे वाली जमा राशि (फरवरी 2023 तक) को ट्रांसफर कर दी है। लोकसभा को सोमवार को इसकी जानकारी दी गई। पीएसबी में, एसबीआई 8,086 करोड़ रुपये की बगैर दावे वाली राशि के साथ लिस्ट में सबसे ऊपर है, जबकि पंजाब नेशनल बैंक के पास 5,340 करोड़ रुपये और केनरा बैंक के पास 4,558 करोड़ रुपये हैं। सोमवार को लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड के एक लिखित जवाब के अनुसार, एसबीआई ने सूचित किया है कि वह दावों के सभी मामलों को निपटाने में मृतक के परिवार की सहायता करते है। उन्होंने कहा, मृत ग्राहक के खातों का निपटान एसबीआई द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। एसबीआई कर्मचारियों को संवेदनशील बनाया गया है और नियमित आवृत्ति पर बैंकों के सभी मंचों पर निर्देश दोहराए जाते हैं। जवाब में आगे कहा गया, एसबीआई ग्राहकों की सुविधा के लिए, मृत ग्राहकों के खाते के संबंध में कानूनी प्रतिनिधित्व के बिना दावों के निपटान का विवरण या प्रक्रिया, साथ ही आसानी से समझने के लिए अपडेटेड एफएक्यू को एसबीआई की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। एसबीआई शाखा में मृत ग्राहक के खातों के निपटान के लिए प्राप्त प्रत्येक आवेदन की विधिवत स्वीकृत दी जाती है। अगर दस्तावेज अधूरे हैं या क्रम में नहीं हैं या दावा खारिज कर दिया गया है, तो दावेदारों को सलाह के तहत, उसके कारणों के साथ विधिवत रूप से दर्ज किया गया है। बैंकों में ग्राहक सेवा पर अपने मास्टर सर्कुलर द्वारा बैंकों को आरबीआई द्वारा जारी निदेशों के अनुसार, बैंकों को उन खातों की वार्षिक समीक्षा करने की आवश्यकता है, जिनमें एक वर्ष से अधिक समय से कोई संचालन नहीं है, और वे ग्राहकों से संपर्क कर सकते हैं और सूचित कर सकते हैं। यह लिखते हुए कि उनके खातों में कोई परिचालन नहीं हुआ है और इसके कारणों का पता लगाएं।

## स्पाइसजेट ने कार्गो और लॉजिस्टिक्स कारोबार की अलग एक इकाई बनाई




**एजेंसी। नई दिल्ली**
निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी स्पाइसजेट लिमिटेड ने अपने कार्गो और लॉजिस्टिक्स डिवीजन को विभाजित कर अलग इकाई बनाने का काम पूरा कर लिया है। स्पाइसजेट एयरलाइंस ने इस नई इकाई का नाम स्पाइसएक्सप्रेस एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड रखा है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि एक अप्रैल को स्पाइसजेट ने कार्गो और लॉजिस्टिक्स डिवीजन को विभाजित करने का काम पूरा कर लिया है। इससे स्पाइसजेट को 2,555.77 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ होगा। इससे उसके नकारात्मक शुद्ध मूल्य में बड़ी कमी आएगी। साथ ही स्पाइसएक्सप्रेस को स्वतंत्र रूप से कोष जुटाना भी संभव हो सकेगा। स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह ने बताया कि स्पाइसएक्सप्रेस को विभाजित करने का निर्णय कंपनी की दीर्घकालिक कारोबारी योजना के मुताबिक है। इससे लॉजिस्टिक्स कारोबार का मूल्यांकन बढ़ सकेगा। उन्होंने कहा कि कार्गो और लॉजिस्टिक्स इकाइयों को अलग करने का फैसला आने वाले समय में हमारी वृद्धि की नींव साबित होगा।

## सोना-चांदी के दाम में फिर हुई गिरावट



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 के पहले ट्रेडिंग सेशन में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। वायदा बाजार में आज सोना और चांदी दोनों लाल निशान के साथ खुले। 3 अप्रैल को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 24 कैरेट सोना 59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला था। इसके बाद सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई और दिन में एक बजे तक यह 59,168 रुपये पर कारोबार कर रहा है। वहीं आखिरी कारोबार दिन सोना 59,612 रुपये पर बंद हुआ. चांदी की बात करें तो मल्टी कमोडिटी एक्सचेंजपर चांदी भी आज गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। बाजार खुलने के साथ चांदी 71,811 रुपये पर कारोबार कर रहा था। दोपहर एक बजे तक चांदी गिरकर 71,670 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। वहीं आखिरी कारोबारी सेशन में चांदी 72,218 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

## मेडिसिन बिल से अब नहीं होगा हाल-बेहाल

# 651 जरूरी दवाओं के दाम घटे

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दवाओं के बढ़ते दाम की वजह से परेशान जनता के लिए सरकार ने एक राहत की खबर सुनाई है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने कहा है कि 651 आवश्यक दवाओं की कीमत को 1 अप्रैल से औसतन 6.73 प्रतिशत कम कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले साल सितंबर में आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में संशोधन किया था। इसमें कुल 870 दवाओं को शामिल किया गया है, जिसमें से 651 आवश्यक दवाओं की कीमत में कैपिंग सीलिंग प्राइस को तय कर दिया गया है। राष्ट्रीय दवा मूल्य नियामक ने अपने एक ट्वीट में कहा कि सरकार आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची के तहत सूचीबद्ध कुल 870 दवाओं में से अब तक 651 दवाओं की अधिकतम कीमत तय करने में सफल रही है।



इससे हर व्यक्ति तक जरूरी दवाओं की पहुंच को बढ़ाया जा सकेगा। एनपीपीए ने कहा है कि अधिकतम कीमतों की कैपिंग के साथ 651 आवश्यक दवाओं की कीमत में पहले ही 16.62 प्रतिशत की कमी की गई थी। आवश्यक दवाओं की कीमत 12.12 प्रतिशत बढ़नी थी, लेकिन अब 1 अप्रैल से इसे 6.73 प्रतिशत कम कर दिया गया है। एनएलईएम के मुताबिक, दवाओं की कीमत कम होने का सबसे बड़ा फायदा उपभोक्ताओं को होगा। अगर पिछले आंकड़ों को देखें तो थोक मूल्य सूचकांक (हढक) पर आधारित दवाओं की कीमतों में 12.12 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। 2022 के लिए वार्षिक परिवर्तन 12.12 प्रतिशत था। हालांकि, फिर भी कीमतों को कम करने में सफलता मिली है। यह पहली बार नहीं है जब आवश्यक दवाओं की अधिकतम कीमत तय की जा रही है। कीमतों को तय करने का आदेश डीएसपीओ द्वारा 2013 से दिया जा रहा है। यह एक विशेष चिकित्सीय खंड द्वारा की जाती है, जो 1 प्रतिशत से अधिक की बिक्री वाली सभी दवाओं के सामान्य औसत पर आधारित है।

## डीएमआई फाइनेंस ने जुटायी 40 करोड़ डॉलर की पूंजी

**नई दिल्ली।** डीएमआई फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप इंक की अगुवाई में अपनी कंसोलिडेटेड सब्सिडियरी एमयूएफजी बैंक लिमिटेड (एमयूएफजी) के माध्यम से मौजूदा निवेशक सुमितोमो मित्सुई ट्रस्ट बैंक लिमिटेड (सुमी ट्रस्ट बैंक) की भागीदारी के साथ 40 करोड़ डॉलर के इक्विटी निवेश राउंड को पूरा करने की घोषणा की। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस राउंड में प्राइमरी और सेकेंडरी ट्रांजैक्शन शामिल है। डीएमआई फाइनेंस एक पूरी तरह से डिजिटल ऋणदाता कंपनी है, जिसके उत्पादों में उपभोग, व्यक्तिगत और एमएसएमई लोन शामिल हैं. यह बिक्री और अंडरराइटिंग से लेकर ग्राहक सेवा और संग्रह तक लेंडिंग स्टैक में हर कदम को अनुकूलित करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करती है। कंपनी कई डिजिटल चैनलों के माध्यम से ग्राहकों को जोड़ता है और उन्हें सेवाएं प्रदान करता है। विशेष रूप से यह सैमसंग, गूगल पे और एयरटेल सहित प्रमुख कंपनियों के लिए पसंदीदा एम्बेडेड डिजिटल फाइनेंस पार्टनर है, जो पूरे भारत में अपने ग्राहकों को विविध वित्तीय उत्पाद प्रदान करने के लिए डीएमआई फाइनेंस के साथ काम करती हैं।

## सस्ता एक्सबॉक्स एक्सपेंडेबल स्टोरेज कार्ड लॉन्च करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** माइक्रोसॉफ्ट कथित तौर पर एक नया और सस्ता एक्सबॉक्स एक्सपेंडेबल स्टोरेज विकल्प लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। द वर्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, इससे पहले, एक्सबॉक्स सीरीज एस/एक्स कंसोल के लिए एक नया वेस्टर्न डिजिटल 1टीबी एक्सपेंशन कार्ड बेस्ट बाय पर देखा गया था, जिसकी कीमत 179.99 डॉलर थी। तकनीकी दिग्गज ने लगभग तीन साल पहले अपने एक्सबॉक्स सीरीज एस/एक्स कंसोल के साथ एक्सबॉक्स एक्सपेंडेबल स्टोरेज कार्ड पेश किए थे। 1टीबी कार्ड की कीमत 219.99 डॉलर थी और इसे सीगेट द्वारा विशेष रूप से बनाया गया था। रिपोर्ट में कहा गया, हमने देखा है कि सीगेट से 512 जीबी और 2 टीबी विकल्प दिखाई देते हैं, पीएस5 कंसोल के लिए समान स्टोरेज के बावजूद कीमतें काफी अधिक बनी हुई हैं।

## बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई।** आज वित्त वर्ष 2023-24 के पहले कारोबारी दिन यानी 3 अप्रैल को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 114 अंक चढ़कर 59,106 पर पहुंच गया। निफ्टी में भी 38 अंकों की तेजी रही। यह 17,398 के स्तर पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली है। अडाणी ग्रुप के 10 में से 8 शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.85% की गिरावट रही। अडाणी ट्रांसमिशन और ग्रीन एनर्जी के शेयर 5-5% की गिरावट के साथ बंद हुए।अंबुजा सीमेंट और अउउ के शेयरों में बढ़त रही। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी दिन यानी 31 मार्च को भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 1,031 अंकों की बढ़त के साथ 58,991 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी करीब 279 अंकों की तेजी रही थी। यह 17,359 के स्तर पर बंद हुआ था।

## अमेरिका के कई राज्यों में बवंडर के बाद मरने वालों की संख्या 32 हुई

**वाशिंगटन।** सप्ताहांत में अमेरिका के दक्षिण और मध्यपश्चिम में कई राज्यों में तेज बवंडर और तूफान के कारण कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक रिपोर्ट में, सीएनएन ने कहा कि कम से कम सात राज्यों में 1 अप्रैल को 50 से अधिक बवंडर रिपोर्ट दर्ज किए गए। शक्तिशाली बवंडर ने घरों और व्यवसायों को नुकसान पहुंचाया, इमारतों की छतें उखड़ गईं, पेड़ टूट गए और वाहन उड़ गए। लगभग 100 मील दक्षिण-पश्चिम में, नॉर्थ लिटिल रॉक में एक और व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि अरकंसास, इंडियाना और टेनेसी में मौतों की पुष्टि की गई है, जहां रविवार को राज्यव्यापी मौत का आंकड़ा बढ़कर 15 हो गया। मेम्फिस पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि तीन मौतें मेम्फिस में हुईं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**(2023–2024) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–DWSD/RM/38/2022-23 (2nd Call)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड / डाउनलोड की तिथि / समय :– 05.04.2023 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय :– 10.04.2023 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि / समय :– 10.04.2023 को 04.00 बजे अपराहन् में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :– नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उँटारी रोड + पाण्डू | 400 | 391340.00 | 8,000.00 | 750.00 | 04 माह |
| 2 | पाँकी (13 पंचायत) | 400 | 391340.00 | 8,000.00 | 750.00 | 04 माह |

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 294501 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## जिला नियोजनालय, लोहरदगा

**स्थानीय भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 06.04.2023 को ''कार्यालय'' जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र (लोहरदगा) के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 8 |
| 1. | | Operator | 100 | 10th/ITI/Diploma (Candidates Must Carry Academic Certificate, Aadhar Card, Caste Certificate & BPL Card) | 18 above | -- | Rs. 11,000 to 14,000 (Job Location - Delhi-NCR) |
| | Smart Brains Engineers & Technologist Pvt. Ltd., Noida, Uttar Pradesh | Technician | 100 | 10th/ITI/Diploma (Candidates Must Carry Academic Certificate, Aadhar Card, Caste Certificate & BPL Card) | 18 above | -- | Rs. 11,000 to 14,000 (Job Location - Delhi-NCR) |
| | | Diploma Engg. Trainee (DET) | 100 | 10th/ITI/Diploma (Candidates Must Carry Academic Certificate, Aadhar Card, Caste Certificate & BPL Card) | 18 above | -- | Rs. 12,500 to 15,500 (Job Location - Delhi-NCR) |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प मे नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा 02(दो) कॉपी ,फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो । साक्षात्कार सुबह 11:00 बजे से होगी । **कोविड 19** को देखते हुए सामाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा । जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है । नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार ,रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

**District Employment Officer,**
**Lohardaga.**

PR 294466 Lohardaga(23-24).D



## GOVT.OF JHARKHAND
## WATER RESOURCES DEPTT.
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR

**Tenderinviting Very Short Notice**

**Very Short e-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar-$F_2$-01/2023-24Dated :-03.04.2023**

| Sl. No. | Block | Name of Work | Sanction BOQ Amount | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Tender Paper | Last date/Time forreceipt of e-Tender upto | Date of Publication of e-Tender on website | Date & Time of Opening Bid | Name & Address of Office inviting tender | Contact No. of E.E. Procurement officer | Help line number of e-Procurement Cell | Last date of received of cost of bid document & EMD. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Chhatarpur | GRAM-KUNDAULI KE KHATA -42, PLOT 383, ME BUDHWA AHARBANDH KA JIRNODHAR | 2973581.92 | 59500.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 2 | Chhatarpur | GRAM-SHUSIGANJ KE KHATA -75, PLOT 437 ME SARKARI AHAR BANDH KA JIRNODHAR | 2076071.04 | 41600.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 3 | Chhatarpur | GRAM-MURUMDAG KE KHATA -49, PLOT 240, BADKA AHARBANDH KA JIRNODHAR | 6422900.98 | 128500.00 | 10000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 4 | Naudiha Bazar | GRAM-NAMUDAG KE KHATA -190, PLOT 1080,1000 ME RAMSAGAR JAMINDARI BANDH KA JIRNODHAR | 4694853.99 | 93900.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 5 | Naudiha Bazar | GRAM-MAUHARI KE KHATA -20, PLOT 83,135,212 ME BAGHMARIYA JAMINDARI BANDH KA JIRNODHAR | 4594244.93 | 91900.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 6 | Naudiha Bazar | GRAM-SILDAKHURD KE KHATA -60, PLOT 32, ME GOHADIYA JAMINDARI BANDH KA JIRNODHAR | 1055785.26 | 21200.00 | 2500.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 7 | Naudiha Bazar | GRAM-DAGRA KE KHATA -50, PLOT 483, ME BANJHI JAMINDARI BANDH KA JIRNODHAR | 2144607.50 | 42900.00 | 5000.00 (Non Refundable) | 15.04.2023 (05:00 P.M.) | 05.04.2023 (Till 02:00 P.M.) | 19.04.2023 (2:00 P.M.) | Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar | 9430195390 | 06562-240841 | 17.04.2023 (05:00 P.M.) | 90 Days |
| 8 | Pipra | GRAM-GAURIOTA KE KHATA -45, PLOT 242, ME JAMINDARI BANDH KA JIRNODHAR | 5022456.82 | 100500.00 | 10000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 9 | Pipra | GRAM-KHAJITPUR KE KHATA -05, PLOT 30, ME JAMINDARI BANDH KA JIRNODHAR | 4008254.79 | 80200.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 10 | Hariharganj | GRAM-KOKARO KE KHATA -37, PLOT 30, ME JAMINDARI BANDH KA JIRNODHAR | 894664.74 | 17900.00 | 10000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 11 | UTARI ROAD | RENOVATION OF CHHAUR AHAR JAMINDARI BANDH, VILL- BINDUA, PLOT NO 343 UNDER UTARI ROAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 2217599.39 | 44400.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 12 | UTARI ROAD | RENOVATION OF KODWARIYA AHAR JAMINDARI BANDH, VILL- KALYANPUR, PLOT NO 195 UNDER UTARI ROAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 2136087.76 | 42800.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 13 | UTARI ROAD | RENOVATION OF BHAINSASUR JAMINDARI BANDH, VILL- LAHAR BANJARI, PLOT NO 399,370, UNDER UTARI ROAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 1970540.91 | 39500.00 | 5000.00 (Non Refundable) | 15.04.2023 (05:00 P.M.) | 05.04.2023 (Till 02:00 P.M.) | 19.04.2023 (2:00 P.M.) | Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar | 9430195390 | 06562-240841 | 17.04.2023 (05:00 P.M.) | 90 Days |
| 14 | PIPRA | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH VILLAGE CHAPARWAR KHATA 91 PLOT NO 700 UNDER DALATPUR PANCHAYAT PIPRA BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 4643126.03 | 92900.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 15 | PIPRA | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH VILLEGE KODWARIYA KHATA 49 PLOT NO 219 UNDER TENDUI PANCHAYAT PIPRA BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 6440363.16 | 128900.00 | 10000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 16 | LESLIGANJ | RENOVATION OF JAMIDARI BANDH , VILLAGE-FULANG, KHATA -22, PLOT NO. -533, UNDER JAMUNDIH PANCHAYAT LESLIGANJ BLOCK PALAMU | 1931426.80 | 38700.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |
| 17 | MEDNINAGAR | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH WARD NO-05 POKHRAHAKHURD KHATA 84 PLOT NO 786 UNDER MUNICIPAL AREA MEDNINAGAR | 2927607.95 | 58600.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |

**Note :-** Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in
Mentioning of you GSTIN number is essential.

**Executive Engineer,**
**Water Ways Division, Medininagar**

PR.NO. 294498 Water Resource(23-24):D

**ज्ञान की बात**

**ब्रह्मा अपनी त्रिगुणात्मक प्रकृति के माध्यम से यह श्रृष्टि रचते हैं और आगे का सारा प्रपंच उस प्रकृति के तीनों गुणों का ही है। इस दृष्टि से कर्ता या तो ब्रह्मा है अथवा उसकी प्रकृति। विद्या माया भी उन्हीं की है और अविद्या माया भी। परा शक्ति भी उन्हीं की है और अपरा शक्ति भी।**
**– ठाकुरजी**



# विकास और हमारे गांव

***गांव*** की सरकार को मजबूती देकर ही राज्य का विकास संभव है। ऐसे में हेमंत सरकार योजनाबद्ध कार्य शुरू करने की योजना बना रही है। अब पंचायत सचिवालय भवनों के दिन बहुरेंगे। यहां बिजली-पानी की समस्या का समाधान होगा। गांव की सरकार और ग्रामीण इसमें स्मार्ट टीवी, इंटरनेट सुविधाओं का आनंद भी उठा सकते हैं। भवन की सुरक्षा के लिए भी व्यवस्था होगी। असल में राज्य सरकार के स्तर से इसके लिए पहल जारी है। पिछले दिनों पंचायती राज विभाग, झारखंड ने पंचायत सुदृढीकरण योजना को स्वीकृति दे दी है। इससे राज्य की पंचायतों को लाभ मिलेगा। इसके अंतर्गत मिलने वाले पैसे कई पंचायतों में अभी तक नहीं पहुंचने की शिकायत है। अब सवाल उठता है मार्च समाप्त हो गया है। जबकि पंचायतों में पैसे अभी तक पहुंच जाने चाहिए थे। ऐसे में पंचायतों की रूपरेखा बदलने की कवायद जो चल रही है,उसे लेकर शंका का होना लाजिमी है। बहरहाल पंचायत भवन गांव की सरकार का वह घर है,जहां से विकास की अवधारणा शुरू होती है। वहां बैठने वाले अधिकारी की कलम की ताकत का कोई जवाब नहीं है। लेकिन देखा जाता है कि ग्रामीण स्तर पर भी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इस वजह से विकास की गति काफी धीमी है। किसी भी राज्य के विकास में गांव की अहम भूमिका होती है। इस बात से शायद कोई इंकार भी नहीं कर सकता है। बावजूद यह सपना आज भी अधूरा है। ऐसे में पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना की स्वीकृति के बाद लोगों को कई उम्मीदें बढ़ गयी हैं। सभी ग्राम पंचायत सचिवालय भवनों को अगर पक्की सड़कों से जोड़ दिया जायेगा तो यातायात की सुविधा बहाल हो जायेगी। इस ओर इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि पंचायत सचिवालय में एक प्रज्ञा केंद्र का संचालन हर हाल में हो। इसके लिए उन्हें एक कमरा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाये। सभी पंचायत सचिवालय में बैंक ब्रांच, एटीएम, पेमेंट बैंक या इंडियन पोस्टल बैंक के ब्रांच की स्थापना करायी जाये। जहां वाईफाई के माध्यम से इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो। इस स्थिति में ग्रामीणों को शहर की ओर नहीं भागना पड़ेगा। साथ ही बिजली कनेक्शन, पेयजल, साफ-सफाई रहने से गांव की इस अदालत की गूंज समीप के शहरों में अवश्य सुनाई पड़ने लगेगी। इससे फायदा यह होगा कि ग्रमीणों को शहर पर कम आश्रित रहना पड़ेगा। अब सवाल उठता है कि आखिर सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना क्यों होनी चाहिए?इसका जवाब यही होगा कि पंचायतों को वित्तीय संसाधन हेतु 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा से प्राप्त अनुदान की राशि उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी। साथ ही ऐसे में वित्त आयोग की अनुदान राशि से सेवाओं और सुविधाओं की सतत उपलब्धता तय करना कठिन नहीं होगी। बहरहाल यह देखा जाता है कि पंचायत सचिवालय नक्सल क्षेत्र में है। ऐसे में इन जगहों को सबसे पहले सड़क से कनेक्ट करना जरूरी है। साथ ही यहां मूलभूत सुविधाओं को देकर ग्रामीणों का भरोसा जगाना होगा। कारण ये पंचायत सचिवालय लोगों को सुविधा मुहैया कराते हैं। इसे सजा देने से गांव की एक बड़ी समस्या का समाधान यही पर हो जायेगा। ग्रामीणों की समस्या हल होने के बाद इन्हें शहर पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। हालांकि इस दिशा में राज्य की हेमंत सरकार काम कर रही है, लेकिन दुखद पहलू यह है कि इससे जुड़े अधिनस्त अधिकारी ध्यान नहीं दे रहें है।

**पिछले दिनों पंचायती राज विभाग, झारखंड ने पंचायत सुदृढीकरण योजना को स्वीकृति दे दी है। इसके अंतर्गत मिलने वाले पैसे कई पंचायतों में अभी तक नहीं पहुंचने की शिकायत है।**

# स्क्रैप पॉलिसी से कम होगा प्रदूषण





लालजी जायसवाल

***उत्तर*** प्रदेश में केंद्र सरकार की व्हीकल स्क्रैप पालिसी को पूरी तरह से लागू करने की तैयारी चल रही है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश की सड़कों पर दौड़ने वाले 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ घोषित किया जायेगा। एक अप्रैल 2023 से 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ में भेजे जाने की तैयारी है। लिहाजा केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। नया नियम निगमों और परिवहन विभाग की बस एवं अन्य गाड़ियों के लिए भी अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार 15 वर्ष से ऊपर के निजी वाहनों के साथ-साथ विभागों में लगे पुराने वाहनों को भी स्क्रैप में बदलने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ने यह निर्णय निरंतर बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए लिया है। पर्यावरणीय प्रदूषण को देखते हुए वित्त मंत्री ने आम बजट 2021-22 में पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए 'स्क्रैप पालिसी' की घोषणा की थी। ध्यातव्य है कि देश में एक करोड़ से अधिक वाहन ऐसे हैं जो आम वाहनों की तुलना में 10 से 12 गुणा अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। स्क्रैप पालिसी से गाड़ियों की वजह से होने वाले प्रदूषण में 25 से 30 प्रतिशत की कमी होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कहना है कि स्क्रैप पालिसी से पर्यावरण को अधिक नुकसान पहुंचाने वाले वाहनों की संख्या में कमी आयेगी। अनुमान है कि वाणिज्यिक वाहन, जो कुल वाहन बेड़े का लगभग पांच प्रतिशत हैं, प्रदूषण में लगभग 65-70 प्रतिशत तक का योगदान देते हैं। वर्ष 2000 से पहले निर्मित वाहन कुल बेड़े का एक प्रतिशत हैं, लेकिन कुल वाहनों के प्रदूषण में इनका योगदान लगभग 15 प्रतिशत है। इनकी तुलना यदि आधुनिक वाहनों से करें तो पुराने वाहन 10 से 15 गुना अधिक प्रदूषण उत्सर्जित करते हैं। सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहनः उल्लेखनीय है कि 'स्क्रैप पॉलिसी' के पीछे सरकार की मंशा निजी वाहनों की बढ़ती संख्या को कम करना और सार्वजनिक परिवहन के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देना है। आज स्थिति यह है कि देश में बड़ी संख्या उन लोगों की है जो अपने निजी वाहनों से चलना पसंद करती है। ऐसे लोग ट्रेन या बसों में यात्रा करने से परहेज करते हैं। कुल यात्रियों की तुलना में सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से यात्रा करने वालों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1994 में जहां भारत के सभी बड़े शहरों में 60 से 80 प्रतिशत नागरिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते थे, वहीं यह संख्या 2019-20 में घटकर 25-35 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। वर्तमान में यह संख्या और कम हुई होगी, क्योंकि कोरोना महामारी के बाद अधिकांश सक्षम लोगों ने निजी वाहन खरीदने को प्राथमिकता दी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 10 किलोमीटर की यात्रा बस से करने में औसतन एक व्यक्ति द्वारा 0.01 ग्राम पर्टिकुलेंट मैटर (पीएम) उत्सर्जित होता है। जबकि उतनी ही दूरी यदि कार से तय की जाय तो उससे 0.08 ग्राम यानी आठ गुना और दोपहिया वाहन से 0.1 ग्राम यानी दस गुना अधिक पर्टिकुलेंट मैटर उत्सर्जित होता है। डीजल चलित ऑटो रिक्शा भी अत्यधिक प्रदूषण (.46 ग्राम पीएम प्रति 10 किमी) फैलाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में चंडीगढ़ में एक वाहन द्वारा औसतन 26.46 ग्राम पीएम और 250 ग्राम कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जित किया जाता है, जबकि दिल्ली में यह औसत 9.91 और 120 ग्राम है। चंडीगढ़ में निजी वाहनों के अधिक और सार्वजनिक परिवहन (बस, लोकल ट्रेन) आदि के कम प्रयोग के कारण ऐसा हो रहा है। चूंकि आज अधिकांश लोग निजी वाहन से यात्रा को प्राथमिकता दे रहे हैं, लिहाजा वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सार्वजनिक वाहन की समुचित व्यवस्थाः निजी वाहनों के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का ढांचा लुंज-पुंज होने से जुड़ा है। सार्वजनिक परिवहन के नाम पर केवल बसें ही हैं और वह भी अपर्याप्त हैं। बसों के लिए कई बार लंबा इंतजार करना पड़ता है। दिल्ली-एनसीआर में वाहनों की संख्या एक करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रदूषण के बढ़ने के बड़े कारणों में यह शामिल है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) अदालत में दिल्ली पाल्यूशन कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) के अधिकारियों ने बताया था कि दो-पहिया और डीजल गाड़ियां पेट्रोल की गाड़ियों से कहीं अधिक प्रदूषण फैलाती हैं। वायु प्रदूषण में दो-पहिया वाहनों का कुल 30 प्रतिशत तक का योगदान रहता है, जो सबसे ज्यादा हानिकारक गैस फैलाते हैं। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें स्वयं जिम्मेदार नजर आती हैं। इसलिए जब तक सभी राज्य सरकारें शहरों के लिए समन्वित सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को विकसित करने के लिए समुचित योजना तैयार नहीं करेंगी, तब तक शहरों की परिवहन व्यवस्था में सुधार नहीं लाया जा सकता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021-22 के बजट में जोर देते हुए कहा था कि स्क्रैप पालिसी से प्रदूषण में भारी कमी आयेगी। परंतु ऐसा तब होगा जब अधिक से अधिक लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे, लेकिन चिंता की बात यह है कि उसकी व्यवस्था देश में अभी भी अपर्याप्त है। सरकार 'स्क्रैप पालिसी' से प्रदूषण की समस्या को कम करना तो चाहती है, परंतु सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किये बिना ऐसा होना संभव नहीं है। देश का मध्यम वर्ग अधिकतर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर निर्भर रहता है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह इसका सुचारु रूप से प्रबंधन करे। यहां पर ध्यान देने वाली बात यह भी है कि वर्ष 2014 से 2017 के बीच दो-पहिया वाहनों और कार से चलने वाले यात्रियों की संख्या में हर साल आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं सरकारी बसों की संख्या निरंतर घटती जा रही है। वहीं दूसरी ओर निजी बस मालियों या कंपनियों द्वारा संचालित बसों में अपेक्षाकृत अधिक किराया होने और सुविधाएं कम होने के कारण भी कई लोगों का सार्वजनिक परिवहन सेवाओं से मोहभंग हो रहा है। यदि केंद्र और राज्य सरकारें वास्तव में निजी वाहनों के प्रति लोगों को हतोत्साहित कर सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाना चाहती हैं तो उसे कई देशों से सीख लेकर अपने यहां सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार लाना होगा। उल्लेखनीय है कि लग्जमबर्ग विश्व का पहला ऐसा देश है जहां सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करना पूरी तरह से निःशुल्क है। ट्रैफिक जाम कम करने के उद्देश्य से सरकार ने यह निर्णय लिया है। इससे वहां बड़ी संख्या में लोगों को आर्थिक रूप से भी लाभ होगा। भारत भी इस ओर अपने सामर्थ्य के अनुसार कदम बढ़ा सकता है। वैसे भारत की जनसंख्या सभी यूरोपीय देशों से कई गुना अधिक है। इस लिहाज से यहां पर सार्वजनिक परिवहन को सुचारू बनाने के लिए वाहनों का बेड़ा भी बड़ा चाहिए होगा, जिसका भार सरकार पर पड़ेगा।

**वर्ष 2000 से पहले निर्मित वाहन बेड़े का एक प्रतिशत हैं, लेकिन कुल वाहनों के प्रदूषण में इनका योगदान लगभग 15 प्रतिशत है। यदि आधुनिक वाहनों से करें तो पुराने वाहन 10 से 15 गुना अधिक प्रदूषण उत्सर्जित करते हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

***तत्पश्चात*** भूमिका भार बढ़ाने वाले यादवकुल का भी ब्राह्मणों के शाप के बहाने मूसल के द्वारा संहार कर डाला। अनिरूद्ध के पुत्र वज्र को राजा के पद पर अभिषिक्त किया। तदनन्तर देवताओं के अनुरोध से प्रभासक्षेत्र में श्रीहरि स्वयं ही स्थूल शरीर की लीला का संवरण करके अपने धाम को पधारे वे इंद्रलोक और ब्रह्मलोक में स्वर्गवासी देवताओं द्वारा पूजित होते हैं। बलराम जी शेषनाग के स्वरूप थे, अतः उन्होंने पातालरूपी स्वर्ग का आश्रय लिया। अविनाशी भगवान श्रीहरि ध्यानी पुरुषों के ध्येय हैं। उनके अंतर्धान हो जाने पर समुद्र ने उनके निजी निवासस्थान छोड़ शेष द्वारकापुरी को अपने जल में डुबा दिया। अर्जुन ने मरे हुए यादवों का दाह-संस्कार करके उनके लिये जलांजलि दी और धन आदि का दान किया। भगवान श्रीकृष्ण की रानियों को, जो पहले अप्सराएँ थीं और अष्टावक्र के शाप से मानवीरूप में प्रकट हुई थीं, लेकर हस्तिनापुर को चले। मार्ग में डंडे लिये हुए भीलो ने अर्जुन का तिरस्कार करके उन सबको छीन लिया। यह भी अष्टावक्र के शाप से ही संभव हुआ था। इससे अर्जुन के मन में बड़ा शोक हुआ। फिर महर्षि व्यास के सांत्वना न देने पर उन्हें यह निश्चय हुआ कि 'भगवान श्रीकृष्ण के समीप रहने से ही मुझमें बल था।' हस्तिनापुर में आकर उन्होंने भाइयों सहित राजा युधिष्ठिर से, जो उस समय प्रजावर्ग का पालन करते थे, यह सब समाचार निवेदन किया। वे बोले- 'भैया! वही धनुष है, वे ही बाण हैं, वही रथ है और वे ही घोड़े हैं, किंतु भगवान श्रीकृष्ण के बिना सब कुछ उसी प्रकार नष्ट हो गया, जैसे अश्रोत्रिय को दिया हुआ दान। ' यह सुनकर धर्मराज युधिष्ठिर ने राज्य पर परीक्षित को स्थापित कर दिया इसके बाद बुद्धिमान राजा संसार की अनित्यता का विचार करके द्रौपदी तथा भाइयों को साथ ले हिमालय की तरफ महाप्रस्थान के पथ पर अग्रसर हुए।

*(क्रमशः)*

# प्रासंगिक हैं तीर्थकर भगवान महावीर के विचार



योगेश कुमार गोयल

***'अहिंसा*** परमो धर्म' का सिद्धांत प्रतिपादित करने वाले भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है। प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। जैन धर्म के जानकारों के अनुसार भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस साल चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 03 अप्रैल की प्रातः 6:24 बजे शुरू होगी, जिसका समापन 04 अप्रैल की प्रातः 8:05 बजे होगा। ऐसे में महावीर जयंती 04 अप्रैल को है। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है। भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कमार्नुसार ही देव, मनुष्य, नारक व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रुग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं। भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। अहिंसा की तुलना संसार के सबसे महान व्रत से करते हुए उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और ह्यजीओ व जीने दोह्न का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है। उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दण्ड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान्व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है। धर्म को लेकर भगवान महावीर का मत था कि धर्म उत्कृष्ट मंगल है और अहिंसा, तप व संयम उसके प्रमुख लक्षण हैं। जिन व्यक्तियों का मन सदैव धर्म में रहता है, उन्हें देव भी नमस्कार करते हैं। अपने प्रवचनों में वह कहते थे कि ब्राह्मण कुल में पैदा होने के बाद यदि कर्म श्रेष्ठ हैं तो वही व्यक्ति ब्राह्मण है किन्तु ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी यदि वह हिंसाजन्य कार्य करता है तो वह ब्राह्मण नहीं है जबकि नीच कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति अगर सुआचरण, सुविचार एवं सुकृत्य करता है तो वह बाह्मण है।

**भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कमार्नुसार ही देव, मनुष्य, नारक व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा।**

**जयंती विशेष**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Saryu Roy
@roysaryu

छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट के इस किरदार के हाथ में झारखंड शराब सिंडिकेट की नकेल भी है. इसका तकनीकी कार्यालय सरकारी भवन में किराया पर चल रहा है. नक़ली होलोग्राम की झारखंड में भरमार है. इसके कार्यालय के कम्प्यूटरों की फ़ॉरेंसिक जाँच #ED कराए,इसमें लिबरेशन कॉरपोरेशन की भूमिका भी जाँचे.

## फेसबुक वॉल से

Yogesh N Dixit
1 दि ·


किसी के पांव में फिर वही पायल की जोड़ी देखी है
यादों में खपरैल बाजार और सामने वो ही निगोड़ी है।

अठारह की उम्र और शायद इंटर का क्लास होता था
सब दोस्त चिढ़ाते थे,वो अभी इमली चौराहे से गुजरी है।

वो दौर हवाई अरमानों वाला आज फिर आंखों से गुजर गया
पचास पार है,पर जिंदगी कालेज के उसी मोड़ पर ठहरी है।

Rishi Renu Nagar
4 अप्रैल 2022 ·

Monday! Planning to go to job after the weekend!



# बड़े बांधों के साये में है दुनिया की बड़ी आबादी



मुकुंद

***यूनाइटेड*** नेशंस यूनिवर्सिटी ने 2021 में अपनी रिपोर्ट में दुनिया को बड़े बांधों के खतरों के संदर्भ में आगाह किया था। इसमें चेतावनी दी गई थी कि अगले 29 वर्षों में दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी ऐसे बड़े बांधों के साये में होगी जो या तो अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं या पूरी करने वाले हैं। इस हालात से भारत की संसद भी अवगत है। देश के पुराने बांधों की सुरक्षा पर गठित एक संसदीय समिति ने पिछले महीने चिंता जताई है। उसने अपनी रिपोर्ट 20 मार्च को संसद को सौंपी है। समिति ने अपनी रिपोर्ट देश के 100 साल से अधिक पुराने बांधों पर चिंता जताते हुए इन्हें बंद करने की सलाह दी है। समिति ने कहा है कि भारत में 100 साल से अधिक पुराने 234 बड़े बांध हैं। इनमें से कुछ तो 300 साल से भी ज्यादा पुराने हैं। देश में इस समय 5,334 बड़े बांध हैं। 411 अन्य बड़े बांध निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। महाराष्ट्र 2,394 बांधों के साथ पहले स्थान पर है,। मध्य प्रदेश और गुजरात बांधों की संख्या के लिहाज से दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं। इसके बाद जल शक्ति मंत्रालय की तंद्रा भंग हुई है। उसने सिफारिश की है कि बांधों के जीवन और संचालन का आकलन करने और एक व्यवहार्य तंत्र को विकसित किया जाय। मंत्रालय का कहना है कि राज्यों को भी उन बांधों को बंद करने के लिए राजी किया जाय, जो अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं। वर्ल्ड रजिस्टर ऑफ लार्ज डैम्स का कहना है कि दुनिया में 58,713 बड़े बांध हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चीन में 23841 बड़े बांध हैं। इसके बाद अमेरिका 9,263 का नंबर आता है। करीब 93 फीसदी बड़े बांध केवल 25 देशों में स्थित हैं। ऐसे देशों में भारत भी एक है। दुनिया में बड़े बांधों का निर्माण पिछले 100 से भी ज्यादा वर्षों से किया जा रहा है। पारम्परिक रूप से इनका मकसद नदी जल को नियंत्रित करना था। मगर तेजी से बढ़ते समय चक्र के साथ अब इन्हें जल प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी और जलापूर्ति के लिए बनाया जाता है। इंटरनेशनल कमीशन ऑन लार्ज डैम्स बड़े बांधों को परिभाषित भी करता है। इस कमीशन केअनुसार 15 मीटर या उससे ऊपर की ऊंचाई और 30 लाख क्यूबिक मीटर से ज्यादा पानी को संजोने वाले बांधों को बड़े की श्रेणी में रखा जा सकता है। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक अमेरिका में छोटे-बड़े सभी 90,580 बांधों की औसत उम्र 56 वर्ष है। इनमें से करीब 85 फीसदी अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। चीन में करीब 30000 बांध उम्रदराज हो चुके हैं। भारत में 1,115 बड़े बांध 2025 तक 50 वर्ष या उससे ज्यादा पुराने हो जायेंगे। 2050 तक भारत के करीब 4,250 बड़े बांध 50 वर्ष की उम्र पार कर जायेंगे। 64 बड़े बांध 150 वर्ष या उससे ज्यादा पुराने होंगे। भारत में केरल के इडुक्की जिले का मुल्लापेरियार बांध 125 साल से ज्यादा का हो चुका है। इसे 1895 में अंग्रेजों ने बनाया था। यह बड़ा सच है कि पहाड़ी राज्यों में प्राकृतिक आपदा के समय बड़े बांधों के टूटने और उससे जानमाल की भारी क्षति होने की आशंका बरकरार रहती है। मगर कुछ लोग इसके विपरीत भी सोचते हैं। मसलन साल 2013 में उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने कहा था कि यदि टिहरी बांध न होता तो ऋषिकेश, हरिद्वार और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जलप्लावित हो गए होते। तब केंद्रीय विश्वविद्यालय गढ़वाल के आपदा प्रबंधन शोध अधिकारी डॉ. एसपी सती ने कहा था कि यह अर्द्धसत्य है। इसे हमेशा के लिए सच नहीं माना जा सकता। वैसे बहुगुणा की इस टिप्पणी से एक बार फिर पहाड़ी राज्य में यह बहस छिड़ गई थी कि बड़े बांध उत्तराखंड के लिए वरदान हैं या अभिशाप ? विजय बहुगुणा की टिप्पणी के दस साल बाद संसदीय समिति की रिपोर्ट ने बड़े बांधों के मोहपाश में बंधे नेताओं को असलीयत से रूबरू कराया है। अब बड़ा सवाल यह है कि पुराने हो चुके इन बांधों से कैसे मुक्ति मिले।

**महाराष्ट्र 2,394 बांधों के साथ पहले स्थान पर है,। मध्य प्रदेश और गुजरात बांधों की संख्या के लिहाज से दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं। इसके बाद जल शक्ति मंत्रालय की तंद्रा भंग हुई है।**

**पहाड़ पर विवाद**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कितने दिनों के गैप पर कराना चाहिए फेशियल



स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने के लिए महीने में 2 बार फेशियल करवाना चाहिए। फेशियल की मदद से हमारा फेस डीप क्लीन होता है। जिससे स्किन अधिक हेल्दी और ग्लोइंग बन जाती है। आप चाहें तो घर पर भी फेशियल कर अपनी स्किन को निखार सकती हैं। स्किन को हेल्दी और मुलायम बनाए रखने के लिए हर कुछ दिनों बाद इसे डीप क्लीन करने की जरूरत होती है। स्किन का नरिशमेंट भी बेहद अहम होता है। इन दोनों जरूरतों को पूरा करने का काम फेशियल काफी अच्छे से करता है। यही वजह है कि स्किन एक्सपर्ट भी आपको फेशियल करवाने की सलाह देता है। आमतौर पर महीने में एक या दो बार महिलाएं फेशियल करवाती हैं। लेकिन आपको बता दें कि यदि हर 15 दिन के अंतर पर एक बार फेशियल करवाया जाए तो इससे आपकी स्किन को ज्यादा फायदा मिलेगा।

## 15 दिन में फेशियल

आपको बता दें कि 15 दिन में एक बार फेशियल करवाने से स्किन को क्लीन रखने में मदद मिलती है। फेशियल के जरिए पोर्स को साफ और डेड स्किन को रिमूव किया जाता है। इसके अलावा यह ब्लेकहेड्स और वाइटहेड्स को भी हटाने का काम करता है। इसलिए जब महीने में दो बार फेशियल करवाया जाता है तो स्किन को डैमेज करने वाली चीजें हट जाती हैं। जिससे आपकी स्किन पहले से अधिक ग्लोइंग और हेल्दी हो जाती है।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

हाल ही में डमेटॅलॉजिस्ट रश्मी शेट्टी ने एक वीडियो शेयर कर जानकारी दी कि कितनी बार फेशियल करवाना चाहिए। हालांकि इसको लेकर कोई रूल सेट नहीं है। रश्मी शेट्टी ने बताया कि अगर आपकी स्किन ड्राई है तो महीने में 2 बार फेशियल करवाने से स्किन को हाइड्रेशन और चेहरे को प्लम्प लुक देने में मदद करता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन लोगों के पोर्स जल्दी क्लॉग हो जाते हैं या उनके फेस पर वाइटहेड्स एंड ब्लैकहेड्स आ जाते हैं। उन लोगों को 15 दिन में एक बार क्लीनअप करवाना चाहिए। वहीं सेंसिटिव स्किन वाले लोगों को सोच-समझकर फेशियल करवाना चाहिए।

## ऐसे काम करता है फेशियल

फेशियल एक प्रकार का स्किनकेयर ट्रीटमेंट है। जिसमें अलग-अलग तरह के प्रॉडक्ट्स और टेक्नीक्स के कॉम्बिनेशन इस्तेमाल किए जाते हैं। फेशियल के दौरान स्किन को डेढ़ घंटे के अंदर ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। फेशियल में एक्सफॉलिएशन के माध्यम से डेड स्किन और इम्प्यूरिटी को हटाया जाता है। इसके अलावा सूदिंग मास्क एंड क्रीम्स से स्किन को हाइड्रेशन दिया जाता है। फेशियल करने के दौरान जिन हैंड्स मूव्स का इस्तेमाल किया जाता है। वह एजिंग साइन्स को कम करने और फेस के शेप को उभारने में मदद करते हैं।

## कैसे होता है फेशियल

सबसे पहले चेहरे को क्लेन्जर से साफ किया जाता है।
इसके बाद स्क्रब का यूज कर स्किन एक्सफॉलिएट की जाती है।
फिर फेस की टैनिंग को हटाने के लिए मास्क लगाया जाता है। यह फेस पर 10 से 15 मिनट के लिए रखा जाता है।
फेशियल के लिए खास क्रीम्स से चेहरे की मसाज की जाती है। यह मसाज करीब 20 से 30 मिनट तक की जाती है।
फिर फेस को क्लीन करने के बाद फेस पैक अप्लाई किया जाता है। यह फेस पैक 15 से 20 मिनट लगाया जाता है।
सबसे लास्ट स्टेप में फेस को क्लीन कर फेस क्रीम और सनस्क्रीम लगाया जाता है।

## घर पर करें फेशियल

पहले जेंटल फेस वॉश से चेहरे को साफ करें।
फिर स्क्रब से करीब 5 मिनट तक फेस की स्क्रबिंग करें।
इसके बाद फेस स्टीम लें। ताकि बाद में जो भी क्रीम्स यूज की जाएं वह अच्छे से स्किम में एब्जॉर्व हो सकें।
अब चेहरे पर मॉइस्चराइजर से 10 मिनट तक मसाज करें।
फिर चेहरे पर 10 से 15 मिनट के लिए फेस पैक अप्लाई करें।
फेस को हल्के गुनगुने पानी से साफ करने के बाद क्रीम लगाएं।
क्रीम की जगह पर अगर आप चाहें तो बादाम का तेल या आपकी स्किन को सूट करने वाला कोई एसेंशियल तेल भी अप्लाई कर सकते हैं।

❖ **अनन्या मिश्रा**



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**
**प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

# भूतियापा

यहां सब मरे जा रहे हैं। हर पल हर मिनट हर घंटे। यह छद्म अमरता का भूतियापा जब किसी के सिर पर चढ़ जाता है तो वह उसे भूखा नंगा और दंगाई बनाकर छोड़ता है। अमरता की चाभी और भूतियापा का ताला मानो एक दूसरे के लिए बने हैं। जो इंसान बुखार में भी अमरता का स्वास्थ चाहता है वही सबसे जुनूनी कहलाता है। अब आपको क्या बताएं यहां अमरता प्राप्ति के लिए कौन-कौन, क्या-क्या और कैसे-कैसे जुगाड़ लगा रहा है। यहाँ अजीब होड़ लगी है। यहां जीतने के लिए दौड़ने की नहीं गिराने की जरूरत पड़ती है। अमरता की पागलपंती के लिए कोई लिख लिखकर बावला हुए जा रहा है तो कोई होर्डिंग, पोस्टर, ब्राउचर तो कोई पंपलेट पर लेट लेट कर अपनी हंसती छवि में खुद को पहुंची ही हस्ती सिद्ध करने में मरा जा रहा है। कोई भगवान के नाम पर चंदा तो कोई चंदे के नाम पर भगवान का धंधा कर रहा है।चंदे के धंधे में अमरता के बंदे हर गली चौराहों पर उछल कूद करते हुए मिल जाएंगे। यहां कोई पद पाने के लिए पदयात्रा कर रहा है तो कोई कुर्सी पाने के लिए कुर्सासन रहा है। कोई तुक्के के नाम पर बेतुकी बातें कर रहा है तो कोई तन मन धन की बात कर रहा है। सब के सब अमरता के भूतियापे में आकंठ डूबे हुए हैं।
अमरता की इमरती के लिए कोई भेष बदलकर अवतारी बनने पर तुला है तो कोई अपनी ताकत के पेपरवेट के नीचे कागज सरीखे लोगो को दबाए रखा है। कुछ अपने मत के पथ पर तो कुछ पथ के मत पर अड़े हुए हैं। इनकी सार्वभौमिकता आतंक का पर्याय है। नैतिकता से शून्य अमरत्व पिपासु मूल्यों पर लंबी लंबी फेंके जा रहे हैं। गुरु की गुरुताई और चेले की धूरताई एक दूसरे पर भारी पड़ रही है। वेद पुराण उपनिषद का ज्ञान इन के लिए वनलाइनर बनकर रह गया है। नौजवानों की दुनिया में अमरता का खेला बुद्धिजीवी खेले जा रहे हैं। दिन को रात और रात को दिन बताए जा रहे हैं। झूठ को सच की तरह परोस कर हरिश्चंद्र को मात दिए जा रहे हैं। वहीं नौजवान सोशल मीडिया में ड्रीम एलेवन खेल-खेलकर अपनी तरह की भूतियापा पाना चाहते हैं। मृत्यु को अमरता में बदलने का दावा करने वाले आजकल चोला बदल बदल कर अमरता की आंख मिचौनी खेले रहे हैं।

# बात करते ही कलेश करने लगती है गर्लफ्रेंड तो ऐसे करें उसे हैंडल

एक पुरुष के प्यार में पड़ी महिला उसे किसी अन्य व्यक्ति के साथ शेयर करना पसंद नहीं करती है। बहुत सी लड़कियों को उनके बॉयफ्रेंड का अन्य महिलाओं के साथ बात करना भी बिलकुल पसंद नहीं होता है। अगर बॉयफ्रेंड गलती से ऐसा कर दे तो रिश्ते में कलेश हो जाता है। बहुत से लोगों के रिश्ते में प्यार तो ढेर सारा होता है, लेकिन भरोसा उसका आधा भी नहीं होता है। रिश्तों की नीव विश्वास पर टिकी होती है। मगर कुछ लोग चाहकर भी अपने पार्टनर पर चाहकर भी विश्वास नहीं कर पाते हैं। ऐसा रिश्ते में रह रहे हर दूसरे व्यक्ति के साथ कभी न कभी हो ही जाता है। आमतौर पर पुरुषों को रिश्ते में ज्यादा इनसिक्योर व्यक्ति के तौर पर दिखाया जाता है। हालांकि, ऐसा बिलकुल भी नहीं है। महिलाएं भी पुरुषों के ही जितनी इनसिक्योर होती हैं। एक पुरुष के प्यार में पड़ी महिला उसे किसी अन्य व्यक्ति के साथ शेयर करना पसंद नहीं करती है। बहुत सी लड़कियों को उनके बॉयफ्रेंड का अन्य महिलाओं के साथ बात करना भी बिलकुल पसंद नहीं होता है। अगर बॉयफ्रेंड गलती से ऐसा कर दे तो रिश्ते में कलेश हो जाता है। गर्लफ्रेंड के इतना इनसिक्योर होने की कई वजह हो सकती हैं, जिसमें खुद पर और रिश्ते पर विश्वास की कमी एक बड़ी वजह है। अब गर्लफ्रेंड भले ही इनसिक्योर हो, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि उसे छोड़ना अच्छा ऑप्शन है। चलिए हम आपको बताते हैं कि कैसे आप एक इनसिक्योर गर्लफ्रेंड को संभाल सकते हैं।

**गर्लफ्रेंड को दोस्तों से मिलवाएं :** बहुत से लोग अपने दोस्तों से अपनी गर्लफ्रेंड को नहीं मिलवाते हैं, जो एक बहुत ही बड़ी गलती है। लोगों की यह आम सी गलती गर्लफ्रेंड को इनसिक्योर बना देती है। इसलिए बेहतर यही होगा कि आप अपनी गर्लफ्रेंड को अपने दोस्तों से मिलाएं। ऐसा करना आपकी गर्लफ्रेंड की इनसिक्योरटी को दूर करेगा।

**गर्लफ्रेंड के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं :** अगर आपकी गर्लफ्रेंड इनसिक्योर होती जा रही है तो इसके पीछे आपका उनके साथ समय नहीं बिताना कारण हो सकता है। महिलाएं अपना ज्यादातर समय अपने पार्टनर के साथ बिताना चाहती हैं और आप उनका समय किसी और महिला को देंगे तो वह इनसिक्योर होंगी ही। इसलिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा समय देने की कोशिश करें।

❖ **एकता**

# मिनटों में छिपाएं आखों के नीचे के काले घेरे

कई बार आखों के नीचे डार्क सर्कल, झुर्रियां और ड्राई स्किन हमारे पूरे लुक को खराब कर देती हैं। ऐसे में आप भी अगर इस समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं तो कंसीलर इसके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इससे आपके डार्क सर्कल भी छिप जाएंगे और आपको लुक भी परफेक्ट होगा। पूरे चेहरे की रौनक बड़ी-बड़ी आंखों के साथ बढ़ जाती है। इसलिए महिलाएं और लड़कियां अपनी आखों में काजल, आई लाइनर से हाईलाइट करना नहीं भूलतीं। लेकिन आजकल आंखों के आसपास कई समस्याएं हो जाती हैं। जो सुंदरता में दाग लगाने का काम करती हैं। आंखों के पास झुर्रियां, ड्राई स्किन, डार्क सर्कल और पफीनेस आदि जैसी कई समस्याएं होती हैं। जिससे निजात पाने के लिए कई तरह के उपाय आजमाए जाते हैं।

**ब्यूटी ट्रीटमेंट का सहारा :** कई बॉलीवुड एक्ट्रेस भी इस समस्या से परेशान रहती है। इससे निजात पाने के लिए एक्ट्रेस आई क्रीम और ब्यूटी ट्रीटमेंट का सहारा लेती हैं। लेकिन इसके बाद भी यह समस्या पूरी तरह से पीछा नहीं छोड़ती है। ऐसे में डार्क सर्कल आदि को छिपाने के लिए मेकअप का सहारा लिया जाता है। साथ ही मेकअप की मदद से आखों को खूबसूरत लुक दिया जा सकता है। जिससे आपकी सुंदरता गई गुना बढ़ जाती है। ब्यूटी फील्ड में 20 साल से अधिक का अनुभव रखने वाली पूनम शुक्ला बताती हैं कि आई मेकअप करने के दौरान छोटी-छोटी सावधानियों को ध्यान में रखना जरूरी होता है। जिससे आपके डार्क सर्कल गायब हो जाएंगे। इसके अलावा आई मेकअप के दौरान कुछ अन्य बातों का भी ध्यान रखा जाता है।

## कई प्रकार के होते हैं डार्क सर्कल

एजिंग डार्क सर्कल्स
ब्लू या पर्पल डाक सर्कल
टेंपरेरी डार्क सर्कल्स
सनकेएन डार्क सर्कल्स
एलर्जी से होने वाले डार्क सर्कल
पिगमेंटेड डार्क सर्कल

सही कंसीलर का करें इस्तेमाल
आखों के नीचे डार्क सर्कल को छिपाने के लिए सही कंसीलर का चुनाव करना जरूरी होता है। इसके लिए आपको कलर व्हील की कुछ बारीकियां समझनी होंगी। हालांकि कलर व्हील एक बेसिक थियरी है। लेकिन अगर आपको कलर की अच्छी समझ है तो कंसीलर चुनने के दौरान दिक्कत नहीं होगी। आपने देखा होगा कि कंसीलिंग पेलेट्स में मुख्य रंग होते हैं। कंसीलिंग पेलेट्स में येलो, ग्रीन, पर्पल, ऑरेंज, रेड, और ब्लू कलर होते हैं। अगर आपके पास भी ऐसा ही पेलेट्स है तो आप भी डार्क सर्कल्स के कलर के हिसाब से उनको कंसील कर सकते हैं। डार्क सर्कल्स का रंग हल्का भूरा है तो येलो कलर से इसे कंसील कर सकते हैं। वहीं अगर आपके अगर डार्क सर्कल्स कुछ गहरे रंग यानि की जिसका टोन ब्लैकिश या ग्रीनिश हो तो इसको आप ऑरेंज कलर के कंसीलर से छिपा सकते हैं। इंडियन स्किन टोन में ज्यादातर येलो और ऑरेंज कंसीलर से डार्क सर्कल कंसील हो जाते हैं। लेकिन किसी कारण यदि अंडर आई एरिया पर रेड या पीच कलर का निशान हो तो इसे आप ग्रीन कलर के कंसीलर से कंसील कर अपनी आखों के डार्क सर्कल छिपा सकते हैं।

**ऐसे खरीदें कंसीलर :** ध्यान रखें कि जो कंसीलर आप खरीद रहे हैं वह ऑयली या क्रीमी नहीं होना चाहिए। ऐसा कंसीलर लंबे समय तक नहीं टिक पाता है। इसलिए मैट फिनिश का कंसीलर खरीदना चाहिए। केक व लिक्विड फॉर्म में आपको कंसीलर आसानी से मिल जाएंगे। डार्क सर्कल को मेकअप से छिपाने के लिए अच्छे ब्रांड का कंसीलर लेना चाहिए। क्योंकि इससे आपको 100% कवरेज मिलता है। क्योंकि अंडर आई एरिया नाजुक और पतला होता है। इसलिए लाइट वेट कंसीलर का ही इस्तेमाल करना चाहिए।

**ऐसे करें अप्लाई :** कंसीलर अप्लाई करने के लिए आखों के नीचे का एरिया अच्छे से साफ कर लें। इसके बाद फिर स्किन टाइप के हिसाब से प्राइमर का चुनाव करें। प्राइमर लगाने के बाद डार्क सर्कल के कलर के अनुसार ही कंसीलर का चुनाव कर उसे अप्लाई करे। इसके बाद ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से कंसीलर को अच्छे से सेट कर लें। फिर स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन अप्लाई करें और इसे अच्छे से ब्लेंड कर लें। इसके बाद लूज पाउडर से बेस सेट कर लें।

**ध्यान रखें जरूरी बातें :** आई मेकअप कैसा भी हुआ हो, लेकिन आखों के नीचे फैलने वाले काजल को लगाने से बचना चाहिए। ऐसा करने से आपका मेकअप खराब हो सकता है। काजल की जगह पर आप जेल लाइनर या वाटरप्रूफ लाइनर का प्रयोग करें।

❖ **अनन्या मिश्रा**

## सूडोकु नवताल- 6659

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6658 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## दैनिक पंचांग

**04 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2023 वर्ष का 94 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 08.06 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 09.36 बजे को समाप्त। **योग** वृद्धि 03.39 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 08.06 बजे तदनन्तर गर 20.46 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | मीन में | **मेष** | 06.25 बजे से |
| **चंद्र** | सिंह में | **वृष** | 08.05 बजे से |
| **मंगल** | मिथुन में | **मिथुन** | 10.03 बजे से |
| **बुध** | मेष में | **कर्क** | 12.17 बजे से |
| **गुरु** | मीन में | **सिंह** | 14.33 बजे से |
| **शुक्र** | मेष में | **कन्या** | 16.45 बजे से |
| **शनि** | कुंभ में | **तुला** | 18.55 बजे से |
| **राहु** | मेष में | **वृश्चिक** | 21.10 ब.से |
| **केतु** | तुला में | **धनु** | 23.26 बजे से |
| **राहुकाल** | | **मकर** | 01.31 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | **कुंभ** | 03.18 बजे से |
| बजे तक | | **मीन** | 04.51 बजे से |

**चन्द्रायु** 13.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 30'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871573
**जूलियन दिन** 2460038.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रमजान
**तारीख** 12
**विशेष** महावीर जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **रोग** | 05.53 से | 07.22 बजे तक | **काल** | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| **उद्वेग** | 07.22 से | 08.15 बजे तक | **लाभ** | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| **चर** | 08.15 से | 10.19 बजे तक | **उद्वेग** | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| **लाभ** | 10.19 से | 11.48 बजे तक | **शुभ** | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| **अमृत** | 11.48 से | 01.16 बजे तक | **अमृत** | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| **काल** | 01.16 से | 02.45 बजे तक | **चर** | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| **शुभ** | 02.45 से | 04.13 बजे तक | **रोग** | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| **रोग** | 04.13 से | 05.42 बजे तक | **काल** | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7722

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण -4
25. फिज़ूल, व्यर्थ-3

**ऊपर से नीचे**
2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला -4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

**शब्द पहेली -7721 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ■ |
| ■ | च | ■ | ह | ■ | ड़ी | ■ | अ | ■ |
| आ | ना | ■ | मा | ल | वा | ■ | दा | म |
| रा | ■ | म | न | ■ | न | ल | ■ | न |
| म | ही | न | ■ | ■ | ■ | ल | की | र |
| दे | ■ | न | स | ■ | ह | क | ■ | ख |
| ह | त्या | ■ | र | न | र | ■ | का | ना |
| ■ | ग | ■ | ह | ■ | द | ■ | फि | ■ |
| ■ | ■ | ब | द | ना | म | क | र | ना |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होना आरंभ हो जाएगा और आप धन संबंधी मामलों में राहत का अनुभव करेंगे। रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

**वृष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। कारोबार के प्रति गंभीर रहेंगे और धनलाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। कार्यक्षेत्र में सक्रियता बढ़ेगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक आयोजन भी कर सकेंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ रहेगा और आमदनी में वृद्धि होगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक समस्या आ सकती है।

**सिंह राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। साहित्य एवं लेखनकार्य के लिए समय अच्छा है। इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कन्या राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आय में स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक विषयों में संभलकर निर्णय लें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सकारात्मक संभावनाओं से भरा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अचानक धन लाभ होने की संभावना जरूर बन रही है, लेकिन व्यापार करने वालों को कड़ी मेहनत करने पर सफलता मिलेगी।

**धनु राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूलता बनी रहने की संभावना है। कारोबार में अच्छा लाभ होगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं।

**मकर राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा मिल सकता है। किसी दोस्त या जीवनसाथी से शुभ समाचार मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निवेश के लिए समय अधिक अनुकूल है। धनप्राप्ति के योग हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**मीन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आय के नवीन साधन प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष कमजोर रहने से तनाव रह सकता है। ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। सरकारी कार्य संपन्न होंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

## पीएम मोदी से मिले यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्या

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के बाद राज्य की सभी लोक सभा सीटें जीतने का दावा किया है। उत्तर प्रदेश में 80 लोक सभा सीटें हैं। संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद, उनसे हुई मुलाकात की जानकारी देते हुए यूपी के उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश में होने वाले निकाय और 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज उन्होंने प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया है।

## बंगाल सरकार ने केंद्र से कोविड-19 की 5.75 लाख खुराक मांगी

**कोलकाता।** देश भर में कोविड-19 मामलों में ताजा बढ़ोतरी के मद्देनजर, पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र से कोविड-19 टीकों की 5.75 लाख खुराक की आपूर्ति की मांग की है। 5.75 लाख खुराक में से पांच लाख कोविशील्ड की और शेष 75 हजार कोवाक्सिन के लिए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार से कोविड-19 टीकों के लिए नया अनुरोध इस आशंका के मद्देनजर किया गया है कि सक्रिय मामलों में हालिया वृद्धि के बीच राज्य में बूस्टर खुराक की नई मांग हो सकती है।

## भाजपा पर राउत का दंगा भड़काने का आरोप

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपने राजनीतिक हितों के लिए पूरे देश में दंगे भड़काने की साजिश का आरोप लगाया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने विशेष रूप से देश में इस तरह की गड़बड़ी पैदा करने के लिए एक विंग की स्थापना की है। उन्होंने कर्नाटक में हुबली दंगों, छत्रपति संभाजीनगर और महाराष्ट्र में अन्य स्थानों पर हुई हिंसा का हवाला दिया। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि इनके पीछे कौन है, जो पूरे देश में सांप्रदायिक अशांति पैदा कर रहा है। भाजपा की रणनीति 2024 के चुनाव होने तक पूरे देश में दंगे भड़काने की है और फिर इसे स्थगित करने का 'बहाना' बनाना है।

# एनसीईआरटी पुस्तकों से 'मुगल साम्राज्य' का अध्याय डिलीट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनसीईआरटी द्वारा इतिहास की पुस्तक के सिलेबस में बदलाव किया गया है। यह बदलाव 12वीं कक्षा में पढ़ाई जाने वाली इतिहास की पाठ्य पुस्तक में किया गया है। इसके तहत मुगल साम्राज्य के अध्याय को हटा दिया गया है। इसके साथ ही एनसीआरटी ने कई अध्याय हटाने का निर्णय लिया है। पाठ्य पुस्तकों में किए गए बदलाव के अंतर्गत एनसीईआरटी ने 'किंग्स एंड क्रॉनिकल्स, मुगल दरबार (सी. 16वीं और 17वीं सदी)' 'थीम्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री-पार्ट 2' से हटा दिया है।




नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग यानी एनसीईआरटी द्वारा किए गए बदलाव के बाद अब 12वीं कक्षा के छात्र मुगल साम्राज्य का इतिहास नहीं पढ़ेंगे। सिलेबस में यह बदलाव देशभर के उन सभी स्कूलों व छात्रों के लिए लागू होगा जहां एनसीईआरटी की किताबें कोर्स का हिस्सा हैं।

गौरतलब है कि सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में एनसीईआरटी द्वारा तैयार की गई पुस्तकें लागू होती हैं, इस हिसाब से सीबीएसई बोर्ड के लगभग सभी स्कूलों में यह बदलाव देखने को मिलेगा। सीबीएसई के अलावा यूपी बोर्ड ने भी एनसीईआरटी की कई किताबों को लागू किया है, इसलिए वहां भी इतिहास की पाठ्यपुस्तक में यह बदलाव देखने को मिल सकता है। एनसीईआरटी ने इसी तरह से हिंदी की पुस्तकों में से भी कुछ कविताएं व पैराग्राफ हटाने का निर्णय लिया है।

एनसीईआरटी के मुताबिक सिलेबस में जो भी बदलाव किया गया है उसे मौजूदा शैक्षणिक सत्र यानी बदलाव 2023-24 से ही लागू कर दिया जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं है कि एनसीईआरटी ने केवल यही बदलाव किया है बल्कि इतिहास के अलावा भी अन्य पुस्तकों में कई छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं।

एनसीईआरटी ने सिविक्स की पुस्तक में बदलाव करते हुए 'विश्व राजनीति में अमेरिकी आधिपत्य' और 'द कोल्ड वॉर एरा' नामक अध्याय हटाने का निर्णय लिया है। बदलावों को जारी रखते हुए एनसीईआरटी ने कक्षा 12वीं की पाठ्यपुस्तक 'स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति' से 'लोकप्रिय आंदोलनों का उदय' और 'एकदलीय प्रभुत्व का युग' अध्याय हटाए हैं।

मौजूदा शैक्षणिक सत्र से होने जा रहे बदलाव केवल 12वीं कक्षा तक ही सीमित नहीं है बल्कि 10वीं और 11वीं कक्षा की पुस्तकों से भी कई अध्यायों को हटाया गया है। कक्षा 11वीं की पाठ्यपुस्तक 'थीम्स इन वर्ल्ड हिस्ट्री' से 'सेंट्रल इस्लामिक लैंड्स', 'संस्कृतियों का टकराव' और 'औद्योगिक क्रांति' जैसे अध्याय हटा दिए गए हैं।

इसी प्रकार कक्षा 10वीं की पाठ्यपुस्तक 'लोकतांत्रिक राजनीति-2' से 'लोकतंत्र और विविधता', 'लोकप्रिय संघर्ष और आंदोलन', 'लोकतंत्र की चुनौतियां' पर अध्याय हटा दिए गए हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों ने इन बदलावों की पुष्टि करते हुए कहा है कि तैयार किए गए नए सिलेबस व पाठ्य पुस्तकों को इसी वर्ष से अपडेट किया गया है और इन्हें विभिन्न स्कूलों में लागू किया जा रहा है। वहीं यूपी बोर्ड ने भी बदलाव के साथ नए सिलेबस को अपने स्कूलों में अपडेट किया है।

अमृतपाल की तलाश

## फुटेज गायब मिलने पर यूपी गुरुद्वारा जांच के घेरे में

**पीलीभीत।** पीलीभीत का मोहनापुर गुरुद्वारा अब पुलिस की नजर में है। 25 मार्च की शाम तक के गुरुद्वारे के सीसीटीवी फुटेज गायब हो गए हैं। फरार 'वारिस पंजाब दे' नेता अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगी पापलप्रीत सिंह से जुड़े मामले की जांच कर रही पुलिस टीम मामले की जांच करने रविवार को पीलीभीत पहुंची। गुरुद्वारा में एक कारसेवक (स्वयंसेवक) जोगा सिंह को 28 मार्च को पंजाब में फगवाड़ा के पास पाए गए एक लावारिस वाहन की बरामदगी के बाद 30 मार्च को लुधियाना में पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने ड्राइवर गुरवंत सिंह को 29 मार्च को होशियारपुर से गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम ने यह भी पाया कि निगरानी कैमरों ने 26 मार्च से रिकॉर्डिंग फिर से शुरू कर दी। उस तारीख के बाद रिकॉर्ड किए गए फुटेज में, उत्तराखंड नंबर प्लेट वाला वाहन पीलीभीत में बाधपुरा गुरुद्वारे के प्रमुख जत्थेदार मोहन सिंह के नाम पर पंजीकृत, देखा गया था।

# राहुल को मिली जमानत

मानहानि केस में 13 को होगी सुनवाई



**एजेंसी। सूरत**

निचली अदालत के फैसले को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सूरत की सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। सोमवार को राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने जमानत दे दी है। अब 13 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। राहुल गांधी भी सुनवाई के लिए सूरत कोर्ट पहुंचे थे। राहुल गांधी के साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी सूरत पहुंची। साथ ही कांग्रेस शासित तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी गुजरात पहुंचे थे। सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की कोर्ट ने मोदी सरनेम को लेकर राहुल गांधी की ओर से की गई एक टिप्पणी के संबंध में दायर आपराधिक मानहानि के मुकदमे में उन्हें 23 मार्च को दोषी करार देते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि, अदालत ने राहुल गांधी को उसी दिन जमानत भी दे दी थी और उनकी सजा के अमल पर 30 दिन के लिए रोक लगा दी थी, ताकि वह ऊपरी अदालत में अपील दाखिल कर सकें। सूरत की अदालत की ओर से दोषी ठहराए जाने के बाद लोकसभा सचिवालय ने 24 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया था।

अरुणाचल पर दावा जताने के लिए

# चीन ने नामों की तीसरी सूची जारी की

**एजेंसी। ईटानगर**

चीन भारत के खिलाफ अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। बीजिंग ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे पर फिर से जोर देने के मकसद से भारत के इस राज्य के लिए ह्यचीनी, तिब्बती और पिनयिनह्ल अक्षरों में नामों की तीसरी सूची जारी की है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 जगहों के मानकीकृत नाम जारी किए, जिसे वह स्टेट काउंसिल, चीन की कैबिनेट की जारी भौगोलिक नामों पर नियमों के अनुसार 'तिब्बत का दक्षिणी भाग जंगनान' बताता है। चीनी सरकार के संचालित ह्यग्लोबल टाइम्सह्ल ने सोमवार को अपनी एक खबर में कहा कि मंत्रालय ने रविवार को 11 जगहों के आधिकारिक नाम जारी किए। इनमें दो भूमि क्षेत्रों, दो आवासीय क्षेत्रों, पांच पर्वत चोटियों और दो नदियों सहित सटीक निर्देशांक भी दिए गए हैं। इसके अलावा, स्थानों के नाम और उनके अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी सूचीबद्ध की गई है। चीनी मंत्रालय के अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों की यह तीसरी सूची है। अरुणाचल में छह जगहों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में जारी की गई थी। इसके बाद 15 जगहों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी।

# दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस और डीयू को किया तलब

## कॉलेज फेस्ट में लड़कियों के यौन उत्पीड़न का मामला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कॉलेज फेस्ट के दौरान लड़कियों के बार-बार यौन उत्पीड़न की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सोमवार को मामले की जांच शुरू की। जांच के हिस्से के रूप में, दिल्ली पुलिस और दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिकारियों को भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए तैयार दिशानिर्देशो के विवरण के साथ तलब किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और दिल्ली पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसपीयूडब्ल्यूएसी) को सोमवार सुबह समन जारी किया गया। पिछले हफ्ते आयोग ने एक कॉलेज फेस्ट के दौरान छात्राओं के यौन उत्पीड़न की खबरों के बाद दिल्ली पुलिस और आईपी कॉलेज के प्रिंसिपल को नोटिस जारी किया था। इसमें कहा गया है कि कुछ लड़के फेस्ट के दौरान कॉलेज में घुसे और लड़कियों को परेशान किया। डीसीडब्ल्यू ने नोटिस में कहा, आपको 6 अप्रैल 2023 को दोपहर 2 बजे आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन किया जाता है। यदि आप बिना वैध कारण के इस आदेश का पालन करने में विफल रहते हैं, तो आप कार्रवाई के अधीन होंगे।

# बिहार में हिंसक झड़प को लेकर विधानसभा में भारी हंगामा

**एजेंसी। पटना**

मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रकट दिवस को लेकर मनाए जाने वाले रामनवमी पर्व को लेकर बिहार के नालंदा और सासाराम में हुई हिंसा का मुद्दा सोमवार को बिहार विधानसभा में भी उठा। सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने हो गए। लगातार हंगामा होते देख विधानसभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा के सदस्यों ने राज्य के विभिन्न इलाकों में हुई हिंसक झड़प को जोरदार तरीके से उठाया। इस दौरान भाजपा




के सदस्यों ने नारेबाजी और शोरशराबा करते दिखे।

विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने बिहार में हुई हिंसा को लेकर नीतीश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि तुष्टिकरण की नीति के कारण अल्पसंख्यकों पर कारवाई नहीं की जा रही है और हिंदुओं को अपमानित किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के बड़े अधिकारी ऐसे उपद्रवी तत्वों को बचा रहे हैं। इधर, सत्ता पक्ष के लोगों ने इसके लिए आरएसएस और बजरंग दल को जिम्मेदार ठहराया। भाकपा माले के विधायक महबूब आलम ने दंगा फैलाने का आरोप आरएसएस और बजरंग दल जैसे संगठनों पर लगाते हुए कहा कि ये सभी बिहार को अशांत करना चाहते हैं। उन्होंने ऐसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने हंगामा कर रहे सदस्यों को शांत कराने की कोशिश की।




## ऋषि सिंह को मिली 'इंडियन आइडल 13' की ट्रॉफी, 25 लाख का चेक



**अयोध्या** के ऋषि सिंह, जिनकी अरिजीत सिंह जैसी आवाज और गायन शैली के प्रशंसकों में स्टार क्रिकेटर विराट कोहली भी शामिल हैं, को रविवार देर रात 'इंडियन आइडल 13' का विजेता घोषित किया गया। शुरूआत से ही पसंदीदा रहे ऋषि 25 लाख रुपये का चेक और एक कार भी घर ले गए। देबस्मिता रॉय और चिराग कोतवाल पहले और दूसरे उपविजेता रहे। ग्रैंड फिनाले शो में जगह बनाने वाले अन्य हैं सोनाक्षी कर, शिवम सिंह और बिदिप्त चक्रवर्ती। लोकप्रिय रियलिटी शो को हिमेश रेशमिया, विशाल ददलानी और नेहा कक्कड़ ने जज किया। शो के मुख्य आकर्षण में से एक ऋषि की कहानी थी कि कैसे उनके माता-पिता ने उन्हें गोद लिया था। जैसा कि उन्होंने कहा, वरना मैं सुर नहीं साध रहा होता, कहीं मर रहा होता।

## करिश्मा कपूर ने टॉम हॉलैंड, जेंडया के साथ फोटोज की शेयर



**नीता** मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) के उद्घाटन समारोह में पहुंची एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने हॉलीवुड सितारों टॉम हॉलैंड और जेंडया के साथ कई फोटोज ली और सोशल मीडिया पर शेयर कीं। करिश्मा ने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर की, जिसमें वह अमेरिकी एक्टर्स जेंडया, टॉम हॉलैंड और नीता अंबानी के साथ नजर आ रही हैं। करिश्मा ने लिखा, नीता जी, मुकेश जी, ईशा और अंबानी परिवार का एनएमएसी कला और संस्कृति का संगम है, जो सदियों की परंपरा को कायम रखता है। भारतीय संस्कृति और विरासत को एक वैश्विक मंच पर लाना गर्व की बात है। पिछले 2 दिन कल्चर, फैशन, ब्यूटी के साथ शानदार रहे। वास्तव में मुंबई शहर के लिए यह एकग्रैंड एडिशन था। इवेंट में शामिल होने वाली अन्य हस्तियों में गिगी हदीद, टॉम हॉलैंड, जेंडया, पेनेलोप क्रूज, कार्ली क्लॉस, सलमान खान, वरुण धवन, आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस, करीना कपूर और सैफ अली खान शामिल थे।

## अमिताभ बच्चन स्टार 'सेक्शन 84' में डायना पेंटी आएंगी नजर



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस डायना पेंटी रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित अपकमिंग कोर्ट रूम ड्रामा 'सेक्शन 84' में मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। डायना ने अमिताभ बच्चन और रिभु दासगुप्ता के साथ काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया। डायना ने कहा, सेक्शन 84 मेरे लिए बहुत खास है। न केवल इसलिए कि यह एक दिलचस्प कहानी है, बल्कि इसलिए भी कि महानायक बच्चन के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। एक सपना आखिरकार साकार हुआ, रिभु दासगुप्ता का विजन हटकर है और मैं इस फिल्म में उनके साथ सहयोग कर बहुत खुश हूं।

## एक्ट्रेस नयनतारा ने अपने जुड़वा बेटों के नामों का किया खुलासा



**एक्ट्रेस** नयनतारा ने आखिरकार अपने जुड़वा बच्चों के पूरे नामों का खुलासा कर दिया है, जिन्हें उन्होंने सरोगेसी के जरिए जन्म दिया है। नयनतारा एक अवॉर्ड फंक्शन में थीं, जहां उन्होंने अपने जुड़वा बच्चों के नामों के बारे में बताया, जिनके पहले नाम उयिर और उलागम हैं। नयनतारा को अपने जुड़वां लड़कों का पूरा नाम शेयर करने के लिए कहा गया और उन्होंने कहाः मेरा पहला बेटा उयिर रुद्रोनिल एन. शिवन है और मेरा दूसरा बेटा उलाग धैवाग एन. शिवन है। बता दें, जून 2022 में नयनतारा ने फिल्म निमार्ता विग्नेश शिवन से चेन्नई में एक अंतरंग समारोह में शादी की थी। शादी में रजनीकांत और शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार शामिल हुए थे। उसी साल विग्नेश शिवन ने इंस्टाग्राम पर यह घोषणा की, कि उन्होंने सरोगेसी केजरिए जुड़वा बच्चों के पिता बन गए हैं।

तंज कसा | निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए मेरठ पहुंचे डिप्टी सीएम

# सपा-बीजेपी के बीच जुबानी जंग तेज

## दुखती रग पर हाथ रखते हुए छिड़का जले पर नमक

**एजेंसी। लखनऊ**

यूपी निकाय चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और बीजेपी के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए मेरठ पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा को 'साफ' पार्टी कहा तो चाचा शिवपाल यादव ने उन्हें करारा जवाब दिया है। शिवपाल यादव ने सिराथू सीट पर केशव मौर्य को मिली हार का जिक्र करते हुए उनकी दुखती रग पर हाथ रख दिया और कहा कि इसी समाजवादी पार्टी ने उन्हें सिराथू में निपटाने का काम किया है।



दरअसल, मेरठ में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि सपा अब साफ पार्टी हो चुकी है। सपा का कोई भविष्य नहीं है। सपा की साइकिल पंक्चर हो चुकी है। उनके साथ जो जाएंगे वो भी जानते हैं कि सपा डूबेगी तो वो भी डूब जाएंगे, इसलिए कोई उनके साथ नहीं जाएगा। उनकी साइकिल का पंक्चर अब जनता नहीं लगाने वाली है। सपा अब समाप्तवादी पार्टी बनने जा रही है।

केशव मौर्य के इस बयान पर पलटवार करते हुए शिवपाल यादव ने बेहद दिलचस्प तरीके से जवाब देते हुए तंज कसा और कहा कि केशव मौर्य को सिराथू में जो हार मिली, उसके पीछे समाजवादी पार्टी ही थी। आज भी वो टीस केशव मौर्य को चुभ रही है। शिवपाल यादव ने ट्वीट किया, 'सरकार' को सपा ने ही सिराथू से निपटाने का कार्य किया है। यकीनन 'कमल' की लहलहाती फसल का आने वाला 'कल' खतरे में है। आप अपने भविष्य की चिंता करें सरकार, क्योंकि सिराथू का जो किस्सा है, उसमें साइकिल का ही हिस्सा है। शायद इसी किस्से की टीस है जो अभी तक आपको चुभ रही है।

गौरतलब है कि पिछले साल हुए यूपी विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य को सपा उम्मीदवार और अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष पल्लवी पटेल ने हरा दिया था। चुनाव में हार के बावजूद बीजेपी ने एक बार फिर से केशव मौर्य को डिप्टी सीएम बनाया।

### विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस मनाया गया

# ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों की हुई जांच 15 को मिली नि:शुल्क औषधियां

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कचहरी चौक स्थित यूएस पॉलीक्लिनिक में विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस मनाया गया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी व यूएस पॉलीक्लिनिक के मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. उमाशंकर वर्मा ने समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में डॉ. सुचित्रा सिन्हा, डॉ. प्रेम प्रकाश वर्मा, मनोज वर्मा, अभिषेक कुमार, दीपा वर्मा, कृष्णा श्रीवास्तव, कैशीला देवी, सरस्वती कुमारी, गीता कुमारी, उर्मिला एक्का, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के दिन डॉक्टर वर्मा ने ऑटिज्म से ग्रसित 15 बच्चों की जांच की तथा निशुल्क औषधियां दी। जागरुकता दिवस पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर वर्मा ने बताया कि ऑटिज्म एक न्यूरो डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, इस व्याधि से ग्रसित बच्चे ना अपनी बात दूसरे से सही तरीके से कह पाते हैं ना दूसरे के बातों को समझ पाते हैं और ना उस से संवाद स्थापित कर पाते हैं। यह लक्षण बचपन में ही परिलक्षित होने लगते हैं तथा अटेंशन डिफिशिएंट सिंड्रोम, डिप्रेशन या अवसाद, शिजोफ्रेनिया इत्यादि से बिल्कुल ही अलग होता है। इसके होने का कारणों में जेनेटिक,



न्यूरोलोजिकल, अनुवांशिकी दोष एवं पर्यावरण दोष के कारण मानसिक विकास प्रभावित होना माना गया है। यदि बच्चों को ठीक ढंग से इलाज किया जाए तो यह अपने कामकाज में पारंगत भी हो सकते हैं, अन्यथा जीवन भर अपने परिवार के लिए कठिनाइयां बनी रहती है। अंग्रेजी दवाओं में विटामिंस मिनरल्स के साथ-साथ रेसिपीडोन तथा कुछ अन्य औषधियां दी जाती है। होम्योपैथिक दवाइयां अत्यंत सफल पाई गई है इसमें यूवी 29 गोल्ड, यूवी 25 गोल्ड, बेलाडोना, जेलसिमियम, हेलीबोरस, इग्नेशिया, लाइकोपोडियम, कैलकेरिया कार्ब, काली फॉस, काली ब्रोम, सेलेनियम, कैमोमिला इत्यादि दवाइयां सर्वाधिक सफल होते देखी गई है। उन्होंने कहा कि अधिक उम्र में गर्भधारण करना, जन्म के समय कुछ हार्मोनल असंतुलन, गर्भ में कम वजन रहना, कुपोषण जेनेटिक/क्रोमोसोमल कंडीशन जैसे ट्यूबरस स्क्लेरोसिस या फ्रेजाइल एक्स सिंड्रोम, गर्भ के समय खाई गई कुछ दवाइयों के दुष्प्रभाव तथा अन्य अज्ञात कारणों में एक कारण हो सकता है तथा बच्चियों की अनुपात में बच्चों को यह बीमारी अधिक होते देखा गया है। चिकित्सक के बताए गए दवा व साथ-साथ उनके मार्गदर्शन के अनुसार स्पीच थेरेपी, सामाजिक मेलजोल से संबंधित थैरेपी, फिजियोथेरेपी, व्यवहारिक शिक्षा देने का प्रयास करें। जो कमजोर पक्ष है उसको मजबूत करने पर अधिक ध्यान दें।

# नन्हे रोजेदार रोजा रख राज्य की खुशहाली की मांग रहे दुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कहते हैं जब जागो तभी सवेरा। ईश्वर से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। रमजान माह में रोजेदारो के साथ नन्हे रोजेदार रोजा रखकर ईश्वर की इबादत कर रहे हैं। और राज्य की तरक्की, खुशहाली की दुआ मांग रहे हैं। बिशप स्कॉट स्कूल की छत्रा जिशू राज स्कूल के साथ साथ रोजा भी रख रही है। जिशू



कहती है कि रोजा रखने से बहुत फायदा है। अम्मी अब्बु कहते हैं की रोजेदार की दुआ अल्लाह कुबूल करते है। इस लिए हम रोजा रखकर अपने लिए घर वालो के लिए राज्य की खुशहाली की दुआ करते हैं। ज्ञात हो कि जिशू राज झारखंड के प्रख्यात गैस्ट्रोलॉजिसट जनरल फिजिशियन डॉ एम हसनैन की पुत्री हैं। उलेमा से सुना है कि बच्चे अपने घर से ही सीखते हैं।


## जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार

**पथकर अंतर राशि भुगतान हेतु वाहन स्वामियों के लिए आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक– /जि0परि0
दिनांक– .03.2023

जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में निबंधित अंकेक्षण आपत्तियों के निराकरण हेतु निम्न वाहनों का पथकर अंतर राशि अबतक जमा नहीं किया गया है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने वाहन के सामने अंकित बकाया पथकर अंतर राशि एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में वाहन–04 साफ्टवेयर के माध्यम से जमा कर रसीद प्राप्त करना सुनिश्चित करें अन्यथा झारखण्ड मोटरवाहन करारोपन (संशोधित) अधिनियम 2011 की धारा–21(क), 22(3) के तहत जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

(राशि रूपये में)

| Sl. No. | Registration No. | Receipt Date | Tax From | Tax Upto | Tax in (Rs.) | Penalty in (Rs.) | tax leviable | penalty leviable | Tax short | Fine short | short |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BHH8191 | 19.07.2021 | 02.07.2021 | 01.10.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 2 | BPM7386 | 02.07.2021 | 12.06.2021 | 11.09.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 3 | BPM7386 | 04.04.2021 | 12.03.2021 | 11.06.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 4 | BPV8351 | 13.08.2020 | 27.07.2020 | 26.10.2020 | 3200 | 0 | 3200 | 800 | 0 | 800 | 800 |
| 5 | BR01GG6836 | 28.07.2021 | 09.01.2021 | 08.10.2021 | 4200 | 0 | 4200 | 5950 | 0 | 5950 | 5950 |
| 6 | BR13G0874 | 04.04.2021 | 17.03.2021 | 16.06.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 7 | BR14H3288 | 28.07.2021 | 28.06.2021 | 27.09.2021 | 3200 | 0 | 3200 | 800 | 0 | 800 | 800 |
| 8 | BR218155 | 08.05.2021 | 14.04.2021 | 13.07.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 9 | BR218155 | 23.08.2021 | 14.07.2021 | 13.10.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 1700 | 0 | 1700 | 1700 |
| 10 | BR23G0421 | 19.11.2020 | 03.11.2020 | 02.02.2021 | 3800 | 0 | 3800 | 950 | 0 | 950 | 950 |
| 11 | BR23G0421 | 29.06.2020 | 03.05.2020 | 02.08.2020 | 3800 | 0 | 3800 | 1900 | 0 | 1900 | 1900 |
| 12 | BR524492 | 26.06.2020 | 22.04.2020 | 21.07.2020 | 3400 | 0 | 3400 | 3400 | 0 | 3400 | 3400 |
| 13 | BRN6175 | 25.09.2021 | 01.09.2021 | 30.11.2021 | 2400 | 0 | 2400 | 600 | 0 | 600 | 600 |
| 14 | BRN6175 | 01.01.2021 | 01.12.2020 | 28.02.2021 | 2400 | 0 | 2400 | 1200 | 0 | 1200 | 1200 |
| 15 | CG12S3974 | 30.03.2021 | 02.01.2021 | 01.07.2021 | 14000 | 0 | 14000 | 7000 | 0 | 7000 | 7000 |
| 16 | CG12S5279 | 14.11.2019 | 20.06.2019 | 19.12.2019 | 11200 | 0 | 11200 | 14000 | 0 | 14000 | 14000 |
| 17 | CG12S5280 | 14.11.2019 | 20.06.2019 | 19.12.2019 | 11200 | 0 | 11200 | 14000 | 0 | 14000 | 14000 |
| 18 | CG13X8391 | 18.01.2021 | 25.11.2020 | 24.02.2021 | 800 | 0 | 800 | 400 | 0 | 400 | 400 |
| 19 | JH01AM6055 | 15.07.2021 | 29.06.2021 | 28.09.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 20 | JH01AS4907 | 25.06.2020 | 24.04.2020 | 23.07.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 |
| 21 | JH01G7437 | 30.09.2020 | 09.09.2020 | 08.12.2020 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 22 | JH01J0937 | 29.10.2020 | 28.08.2020 | 27.11.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 |
| 23 | JH01J2197 | 27.05.2020 | 17.03.2020 | 16.06.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 |
| 24 | JH01T9831 | 20.07.2021 | 20.06.2021 | 19.09.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 25 | JH01T9831 | 09.05.2021 | 20.03.2021 | 19.06.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 2900 | 0 | 2900 | 2900 |
| 26 | JH01T9831 | 03.09.2020 | 20.06.2020 | 19.09.2020 | 5800 | 0 | 5800 | 5800 | 0 | 5800 | 5800 |
| 27 | JH01Y4012 | 29.06.2020 | 17.04.2020 | 16.07.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 |
| 28 | JH02S8715 | 21.06.2021 | 10.05.2021 | 09.08.2021 | 6200 | 0 | 6200 | 3100 | 0 | 3100 | 3100 |
| 29 | JH02S8715 | 30.06.2020 | 10.05.2020 | 09.08.2020 | 6200 | 0 | 6200 | 3100 | 0 | 3100 | 3100 |
| 30 | JH03A1618 | 19.08.2020 | 29.06.2020 | 28.09.2020 | 3400 | 0 | 3400 | 1700 | 0 | 1700 | 1700 |
| 31 | JH03A3685 | 12.05.2021 | 26.04.2021 | 25.07.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 32 | JH03F9975 | 29.06.2020 | 27.04.2020 | 26.07.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 |
| 33 | JH11A3686 | 30.05.2021 | 18.11.2020 | 17.02.2021 | 3400 | 3400 | 3400 | 6800 | 0 | 3400 | 3400 |
| 34 | JH11A6131 | 04.09.2021 | 02.05.2021 | 01.08.2021 | 3400 | 850 | 3400 | 6800 | 0 | 5950 | 5950 |
| 35 | JH11B4512 | 04.01.2021 | 11.12.2020 | 10.03.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 36 | JH11B6234 | 10.09.2021 | 25.08.2021 | 24.11.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 37 | JH12B8412 | 21.09.2020 | 26.08.2020 | 25.11.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 38 | JH12B8412 | 27.03.2021 | 26.11.2020 | 25.02.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 10000 | 0 | 10000 | 10000 |
| 39 | JH19A1065 | 28.05.2021 | 16.04.2021 | 15.07.2021 | 5000 | 1250 | 5000 | 2500 | 0 | 1250 | 1250 |
| 40 | JH19A1134 | 02.09.2020 | 16.08.2020 | 15.11.2020 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 41 | JH19A1233 | 26.06.2020 | 28.05.2020 | 27.08.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 42 | JH19A1324 | 13.08.2019 | 09.04.2019 | 08.10.2019 | 10000 | 12230 | 10000 | 12500 | 0 | 270 | 270 |
| 43 | JH19A1376 | 25.05.2021 | 28.04.2021 | 27.07.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 44 | JH19A1413 | 27.03.2021 | 13.12.2020 | 12.03.2021 | 5000 | 1250 | 5000 | 10000 | 0 | 8750 | 8750 |
| 45 | JH19A1545 | 28.06.2020 | 15.04.2020 | 14.07.2020 | 5800 | 0 | 5800 | 5800 | 0 | 5800 | 5800 |
| 46 | JH19A1672 | 30.06.2020 | 26.03.2020 | 25.09.2020 | 11600 | 0 | 11600 | 11600 | 0 | 11600 | 11600 |
| 47 | JH19A1788 | 23.08.2021 | 06.06.2021 | 05.09.2021 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 |
| 48 | JH19A1788 | 28.05.2021 | 06.03.2021 | 05.06.2021 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 |
| 49 | JH19A1788 | 07.03.2021 | 06.12.2020 | 05.03.2021 | 1600 | 400 | 1600 | 3200 | 0 | 2800 | 2800 |
| 50 | JH19A2161 | 02.05.2021 | 28.03.2021 | 27.06.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 51 | JH19A2182 | 27.07.2021 | 04.07.2021 | 03.10.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 52 | JH19A2281 | 06.01.2021 | 25.11.2020 | 24.02.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 53 | JH19A2281 | 13.08.2021 | 25.02.2021 | 24.05.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 |
| 54 | JH19A2366 | 29.06.2020 | 29.03.2020 | 28.09.2020 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 |
| 55 | JH19A2562 | 20.08.2019 | 11.07.2019 | 10.10.2019 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 56 | JH19A2570 | 02.08.2021 | 17.07.2021 | 16.10.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 57 | JH19A2592 | 28.06.2020 | 25.04.2020 | 24.07.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 |
| 58 | JH19A2812 | 17.07.2020 | 30.06.2020 | 29.09.2020 | 1600 | 0 | 1600 | 400 | 0 | 400 | 400 |
| 59 | JH19A3144 | 27.07.2020 | 11.07.2020 | 10.10.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 60 | JH19A3146 | 27.07.2020 | 11.07.2020 | 10.10.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 61 | JH19A3307 | 27.06.2020 | 20.03.2020 | 19.09.2020 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 |
| 62 | JH19A3348 | 25.02.2021 | 26.12.2020 | 25.03.2021 | 2000 | 1000 | 2000 | 2000 | 0 | 1000 | 1000 |
| 63 | JH19A3411 | 01.09.2021 | 07.07.2021 | 06.10.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 64 | JH19A3487 | 25.05.2021 | 26.04.2021 | 25.07.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 65 | JH19A3487 | 06.12.2020 | 26.10.2020 | 25.01.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 66 | JH19A3606 | 27.06.2020 | 28.05.2020 | 27.08.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 67 | JH19A3611 | 02.12.2020 | 28.08.2020 | 27.11.2020 | 7200 | 7200 | 7200 | 14400 | 0 | 7200 | 7200 |
| 68 | JH19A4483 | 09.08.2019 | 28.05.2019 | 27.08.2019 | 6200 | 6000 | 6200 | 6200 | 0 | 200 | 200 |
| 69 | JH19A4699 | 15.01.2021 | 28.10.2020 | 27.01.2021 | 1600 | 800 | 1600 | 1600 | 0 | 800 | 800 |
| 70 | JH19A5129 | 17.12.2020 | 01.08.2020 | 31.10.2020 | 1600 | 1600 | 1600 | 3200 | 0 | 1600 | 1600 |
| 71 | JH19A5154 | 26.06.2020 | 08.05.2020 | 07.08.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 72 | JH19A5169 | 25.06.2020 | 08.05.2020 | 07.08.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 2500 | 0 | 2500 | 2500 |
| 73 | JH19A5183 | 30.10.2019 | 17.06.2019 | 16.09.2019 | 7200 | 1742 | 7200 | 14400 | 0 | 12658 | 12658 |
| 74 | JH19A5269 | 27.06.2021 | 08.06.2021 | 07.09.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 75 | JH19A5391 | 12.11.2019 | 29.06.2019 | 28.09.2019 | 6200 | 0 | 6200 | 12400 | 0 | 12400 | 12400 |
| 76 | JH19A5623 | 13.02.2021 | 28.11.2020 | 27.02.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 |
| 77 | JH19A6230 | 23.11.2020 | 09.08.2020 | 08.11.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 10000 | 0 | 10000 | 10000 |
| 78 | JH19A6233 | 21.09.2021 | 09.08.2021 | 08.11.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 2500 | 0 | 2500 | 2500 |
| 79 | JH19A6233 | 23.06.2021 | 09.05.2021 | 08.08.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 2500 | 0 | 2500 | 2500 |
| 80 | JH19A6475 | 01.10.2020 | 14.09.2020 | 13.12.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 81 | JH19A6503 | 21.08.2021 | 24.06.2021 | 23.09.2021 | 7200 | 1800 | 7200 | 3600 | 0 | 1800 | 1800 |
| 82 | JH19A6672 | 26.06.2020 | 19.04.2020 | 18.07.2020 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 |
| 83 | JH19A7033 | 25.06.2020 | 28.04.2020 | 27.07.2020 | 1600 | 0 | 1600 | 800 | 0 | 800 | 800 |
| 84 | JH19A7422 | 05.02.2021 | 17.01.2021 | 16.04.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 85 | JH19A7423 | 01.12.2020 | 17.10.2020 | 16.01.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 2900 | 0 | 2900 | 2900 |
| 86 | JH19A7484 | 11.08.2019 | 20.07.2019 | 19.10.2019 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 87 | JH19A7493 | 04.06.2021 | 24.04.2021 | 23.07.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 88 | JH19A7523 | 18.08.2019 | 30.04.2019 | 29.10.2019 | 11600 | 12767 | 11600 | 13050 | 0 | 283 | 283 |
| 89 | JH19A7523 | 01.12.2020 | 30.10.2020 | 29.01.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 2900 | 0 | 2900 | 2900 |
| 90 | JH19A7666 | 29.12.2020 | 15.11.2020 | 14.02.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 2900 | 0 | 2900 | 2900 |
| 91 | JH19A7724 | 30.12.2020 | 10.12.2020 | 09.03.2021 | 6200 | 0 | 6200 | 1550 | 0 | 1550 | 1550 |
| 92 | JH19A7770 | 12.07.2019 | 19.06.2019 | 18.09.2019 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 93 | JH19A7786 | 12.01.2021 | 19.12.2020 | 18.03.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 94 | JH19A8185 | 06.06.2021 | 19.02.2021 | 18.05.2021 | 7200 | 7200 | 7200 | 14400 | 0 | 7200 | 7200 |
| 95 | JH19A8421 | 07.08.2020 | 28.06.2020 | 27.09.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 96 | JH19A8554 | 16.08.2021 | 30.07.2021 | 29.10.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 97 | JH19A8654 | 26.06.2020 | 27.05.2020 | 26.08.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 98 | JH19A8703 | 02.07.2019 | 28.05.2019 | 27.08.2019 | 7200 | 1742 | 7200 | 3600 | 0 | 1858 | 1858 |
| 99 | JH19A8713 | 25.06.2020 | 01.06.2020 | 31.08.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 100 | JH19A8794 | 18.10.2020 | 22.09.2020 | 21.12.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |

जिला परिवहन पदाधिकारी
लातेहार

PR 294375 (Transport)23-24*D


# राहुल के लिए आक्रामक हुई कांग्रेस, आन्दोलन की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने और बंगले से बाहर निकालने के नोटिस पर कांग्रेस झारखंड और आक्रामक हो गई है। केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ तीखा प्रहार करने के लिए पार्टी ने बड़ी रणनीति बनायी है। सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम तय किया गया है। पार्टी अप्रैल में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाएगी। राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों में पार्टी आंदोलन करेगी। सबसे बड़ी बात यह है कि सभी जिलों में होने वाले आंदोलन में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय भी शामिल होंगे। इसके लिए



मंगलवार से प्रभारी अविनाश पांडेय 12 दिन के दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। प्रभारी के इतने लंबे दिनों के कार्यक्रम की पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने पुष्टि की है। चर्चा यह भी है कि सत्याग्रह आंदोलन के जरिए कांग्रेस ने चुनावी तैयारियां भी शुरू कर दी है। 2024 में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। हालांकि, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय का मिनट-टू-मिनट प्रोग्राम अभी नहीं आया है, लेकिन प्रदेश से लेकर स्थानीय नेताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। कांग्रेस का मानना है कि देश में ऐसा एक मुद्दा हमारे सामने है, जो कभी नहीं हुआ। पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ पिछले दिनों जितनी घटनाएं हुई हैं, तथ्य के साथ सभी जिलों में मीडिया के सामने रखा जाएगा। लोगों को बताएगी कि कोर्ट के फैसले के बाद लोकसभा से किस तरह से सदस्यता समाप्त की गई। उसके पीछे एक गहरी चाल है। पार्टी यह भी बताएगी कि राहुल गांधी ने तो देश हित में केवल पूछा था कि पीएम नरेंद्र मोदी बताएं कि अडानी के साथ उनका रिश?ता क्या है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सवाल का जवाब देना मुनासिब नही समझा।

## नौ जिलों में 12 अप्रैल से लगेगा मिजल्स रुबेला का टीका



**रांची।** राज्य के नौ जिलों में 12 अप्रैल से मिजल्स रुबेला का टीका लगेगा। इसमें साहेबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद और कोडरमा जिले शामिल हैं। नोडल पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि मिजल्स रुबेला कार्यक्रम की शुरूआत 12 अप्रैल से सभी प्रभावित नौ जिलों में अभियान के रूप में होगी। इसके तहत नौ महीने से 15 वर्ष तक के सभी 45 लाख 62 हजार 492 बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। सभी जिलों को मिजल्स रुबेला अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य स्तर से कम्युनिकेशन प्लान (कार्य योजना) भेजी गई हैं।

# झारखंड में शराब के साथ होलोग्राम में भी घोटाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य में शराब के कारोबार को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। आरोप लगाया है कि झारखंड में शराब घोटाले के साथ होलोग्राम में भी घोटाला हो रहा है। ट्विट कर उन्होंने कहा कि सात साल से शराब की बोतलों में लगने वाला होलोग्राम सुचारू रूप से नासिक की सरकारी प्रेस आपूर्तिकर्ता कंपनी से ली जा रही थी। लेकिन मार्च 2022 में एकाएक उस कंपनी को हटा कर वेणु गुप्ता की कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी एंड सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड को सप्लाई का ठेका दे दिया गया। आखिर ऐसा क्यों किया गया। बाबूलाल ने कहा कि यह आरोप लग रहा है कि शराब आपूर्तिकताओं से ज्यादा पैसा लेकर बड़े पैमाने पर अतिरिक्त होलोग्राम मुहैया करा कर झारखंड में भी करोड़ों का वारा-न्यारा हुआ है। वेणु गुप्ता की कंपनी पर छत्तीसगढ़ शराब घोटाले को लेकर अभी ईडी की छापेमारी और जांच चल रही है। कहा कि गुप्ता जी की धमाचौकड़ी झारखंड के उत्पाद विभाग में भी अक्सर देखी जाती रही है। वेणु गुप्ता से पूछताछ में झारखंड में उनकी पंहुच, रिश्ते, मददगारों और इसके बल पर हुए हेराफेरी की जांच भी ईडी को करनी चाहिए।

# सरकार तीन माह में नियुक्ति की प्रक्रिया करें पूरी : कोर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को राज्य के सभी सिविल कोर्ट में एपीपी नीति की प्रक्रिया तीन माह में पूरी करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश रंजन धारी सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को जिला बार एसोसिएशन से जुड़े रेगुलर प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं में से एपीपी की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आदेश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामशुभग सिंह ने कोर्ट में पैरवी की। प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट में उन्होंने कहा है कि जिस तरह झारखंड हाई कोर्ट में एपीपी की नियुक्ति प्रक्रिया होती है, उसी आधार पर राज्य के सभी सिविल कोर्ट में एपीपी की नियुक्ति होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया नोटिफिकेशन के आधार पर एपीपी नियुक्ति की प्रक्रिया सिविल कोर्ट में शुरू कर दी गई है।

## पृष्ठ एक के शेष

**100 करोड़ के घोटाले में...**

चिकित्सा अधीक्षक ने संजय तिवारी खिलाफ बरियातू थाना में एफआईआर दर्ज कराई। उल्लेखनीय है कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ रुपये एसबीआई की धुर्वा ब्रांच से भानु कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित किए गए हैं। खुलासा होने पर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ ली। वर्ष 2021 में ईडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में अभियुक्त हैं।

**मुठभेड़ में मारा गया...**

बनाने का टेस्ट फेल हो गया था, वह यूट्यूब और इंटरनेट के माध्यम से मिसाइल बनाने की कोशिश कर रहा था।अजित उर्फ चार्लीस माओवादियों के आईडी जिसे लैंड माइंस के कई तरीकों को विकसित किया था।अजित उर्फ चार्लीस लातेहार के बालूमाथ के नैना गांव का रहने वाला था।अजित 8 वर्ष की उम्र में ही माओवादी दस्ते में शामिल हो गया।दस्ते में शामिल होने के बाद वह कभी वापस घर नहीं लौटा।माओवादी दस्ते में अजित को तूफान जी, चार्लीस, चार्लीस उरांव के नाम से जाना जाता था। गौतम पासवान और अजित ने मिलकर ही झारखंड बिहार सीमा पर लैंडमाइंस की कई तकनीक को विकसित किया था और पूरे इलाके को लैंड माइंस से घेरा था। जून 2015-16 में औरंगाबाद गया सीमा पर माओवादियों के हमले में 10 कोबरा के जवान शहीद हुए थे।इस हमले के लिए गौतम और चार्लीस ने ही पूरे इलाके में लैंड माइंस लगाया था। चार्लीस और गौतम छत्तीसगढ़ तेलंगाना सीमा पर माओवादियों के लिए तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण लिया था।गौतम माओवादियों के अन्य कैडर को लैंडमाइंस बनाने के तरीके और उसे लगाने के तरीकों को बताता था।अजित उर्फ चार्लीस माओवादियों के हथियार बनाने के साथ साथ अन्य तकनीक को विकसित करता था।

**जमशेदपुर में होटल ताज...**

परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन व सभी विधायकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री को मोमेंटो भी भी दिया गया। समारोह में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, पोटका के विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, बहरागोड़ा के विधायक समीर महंती, ईचागढ़ की विधायक सविता महतो उपस्थित थे।

**सीएम के लीज आवंटन...**

सोरेन ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए खुद अपने लिए माइनिंग लीज आवंटित कर लिया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन एवं साली सरला मुर्मू की कंपनी को भी माइनिंग लीज आवंटित कर दिया था।

**लेवी वसूलने के आरोप में तीन...**

साव उर्फ बबलु उम्र 32 वर्ष पिता शिवशंकर साव सा० नेउरा थाना चैनपुर जिला पलामू,फिरोज अंसारी उम्र 30 वर्ष पिता. नियाजुदीन अंसारी सा० सेमरा थाना चैनपुर जिला पलामू,अब्दुल वाहिद अंसारी उर्फ गोल्डेन उम्र करीब 25 वर्ष पिता स्व0 नसरूदीन अंसारी सा. सेमरा थाना चैनपुर जिला पलामू शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने रंगदारी मांगने में प्रयुक्त एयरटेल सीम नं0 8521940441 एवं आईटेल का छोटा मोबाईल,विभो कंपनी का टचस्कीन मोबाईल सीम सहित, रेडमी टचस्कीन मोबाईल सीम सहित,वीभो कंपनी का टचस्कीन मोबाईल सीम सहित अन्य सामान बरामद किया है।

**सीबीआई का नाम...**

कहा कि कोटि-कोटि भारतीयों ने आने वाले 25 सालों में भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है और विकसित भारत का निर्माण प्रोफेशनल और प्रभावी संस्थानों के बिना संभव नहीं है। इसलिए सीबीआई पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। पिछले 6 दशक में सीबीआई ने मल्टी डायमेंशनल और मल्टी डिसप्लिनरी जांच एजेंसी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। आज सीबीआई का दायरा बहुत बड़ा हो चुका है। महानगर से लेकर जंगल तक सीबीआई को दौड़ना पड़ रहा है। पीएम ने सीबीआई के काम का जिक्र करते हुए बताया कि मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है।

# नए एमओयू : ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर बड़ी कमाई करने के लिए तैयार

**एजेंसी। मेलबर्न**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन के बीच हुए नए पांच साल के समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के वेतन में 53 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की भारी वृद्धि होगी। नए एमओयू के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई पुरुष और महिला पेशेवर क्रिकेटर अगले पांच वर्षों में अनुमानित 624 ऑस्ट्रेलियन मिलियन डॉलर साझा करेंगे, जो मौजूदा समझौते से 26 प्रतिशत अधिक है। एक प्रमुख कदम के रूप में, देश की महिला क्रिकेटरों को अब 133 ऑस्ट्रेलियन मिलियन डॉलर पूल से भुगतान किया जाएगा, जो पहले 80 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर था। इसके अलावा न्यूनतम और औसत महिला अनुबंध में 25% की वृद्धि होगी, अनुबंधों की संख्या भी 15 से बढ़ाकर 18 कर दी गई है। इस प्रकार, एक टॉप-फ्लाइट केंद्रीय रूप से अनुबंधित महिला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर की वार्षिक कमाई अगले पांच वर्षों के लिए औसतन 800,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर को पार कर सकती है, जिसमें उनका डब्ल्यूबीबीएल अनुबंध, मैच फीस और मार्केटिंग भुगतान शामिल हैं, साथ ही भारत की महिला प्रीमियर लीग और यूके की द हंड्रेड की कमाई को मिलाकर शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर की कमाई




1 मिलियन को पार कर जाएगी। घरेलू स्तर पर, न्यूनतम डब्ल्यूबीबीएल रिटेनर में तत्काल 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। औसत डब्ल्यूबीबीएल रिटेनर अब 26,900 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से लगभग दोगुना होकर 54,200 डॉलर हो जाएगा।

प्रति राज्य दो अतिरिक्त अनुबंधों की पेशकश की जा रही है, आगे बढ़ने पर राष्ट्रीय और घरेलू पक्षों में 130 और डब्ल्यूबीबीएल में अन्य 120 अनुबंध उपलब्ध होंगे। कुल मिलाकर, यह सौदा देश की महिला क्रिकेटरों को ऑस्ट्रेलियाई खेल में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला एथलीट बना देगा। सीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉक्ले ने कहा, यह एमओयू महिला क्रिकेट के उत्थान में एक और बड़े कदम का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम और डब्ल्यूबीबीएल के प्रेरक रोल मॉडल के पारिश्रमिक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो महिला भागीदारी में पर्याप्त वृद्धि कर रहे हैं। उन्होंने कहा, साथ ही, हमने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता को पहचाना है कि बदलते वैश्विक क्रिकेट परिदृश्य में बीबीएल अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बना रहे और हमें विश्वास है कि यह समझौता ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के दिल में अपनी जगह बनाए रखने में मदद करेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### चेल्सी ने पॉटर को टीम के पहले कोच के पद से हटाया

**लंदन।** चेल्सी ने रविवार रात अपने घर में एस्टन विला से मिली 2-0 की हार के बाद कोच ग्राहम पॉटर को बर्खास्त कर दिया, इस दौरान स्टैमफोर्ड ब्रिज पर प्रशंसकों ने गाना गाया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस हार के बाद चेल्सी प्रीमियर लीग में 11वें स्थान पर है, जिसके पास अगले सत्र में यूरोप के लिए क्वालीफाई करने की बहुत कम संभावना है। पॉटर 8 सितंबर को ब्राइटन से चेल्सी पहुंचे और पांच साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, लेकिन अपने 22 लीग गेम में से सिर्फ सात मैच जीतने के बाद क्लब छोड़ना पड़ा। चेल्सी ने पूर्व ब्राइटन डिफेंडर ब्रूनो साल्टर को नया कोच बनाया है।

### रॉयल क्लब ने दिल्ली स्टेट महिला बेसबॉल चैंपियनशिप जीती

**नई दिल्ली।** रॉयल क्लब ने दिल्ली स्टेट बेसबॉल चैंपियनशिप-2023 का महिला वर्ग का खिताब जीत लिया है। लक्ष्मीबाई कॉलेज की टीम दूसरे और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार साधना को दिया गया।

### माइकल स्लेटर पर पुलिस पर हमला करने का आरोप लगा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर पर क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट में टकराव के दौरान पुलिस पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले और चिकित्सा घटना की रिपोर्ट के बाद शुक्रवार आधी रात से पहले क्वींसलैंड पुलिस को नूसा प्रमुखों को बुलाया गया था, जिसके बाद 53 वर्षीय को गिरफ्तार किया गया था। क्वींसलैंड पुलिस की एक प्रवक्ता के अनुसार, स्लेटर ने कथित तौर पर पुलिस के आने में बाधा डाली, बाद में एक अधिकारी के साथ मारपीट की, जिसके हाथ पर कट लग गया था। स्लेटर पर पुलिस पर हमला करने के एक मामले और पुलिस में बाधा डालने के दो आरोप लगाए गए हैं और उन्हें 2 मई को अदालत का सामना करने का आदेश दिया गया है।

## आईपीएल 2023 का आज छठा मुकाबला

# सीएसके ने लखनऊ को 218 का दिया टारगेट




### ऋतुराज गायकवाड़ ने बनाए 57 रन

### मोईन अली ने किया स्टोइनिस को क्लीन बोल्ड

### लखनऊ की आधी टीम लौटी पवेलियन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2023 के छठे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की भिड़ंत लखनऊ सुपर जायंट्स से हो रही है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला एम चिदंबरम के मैदान पर खेला जा रहा है। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 217 रन बनाए। टीम की ओर से रुतुराज गायकवाड़ ने एकबार फिर ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों पर 57 रन कूटे। वहीं, डेवोन कॉन्वे ने 29 गेंदों में 47 रन जड़े। शिवम दुबे ने 27 रनों का योगदान दिया, तो अंबाती रायुडू ने आखिरी ओवरों में 14 गेंदों पर 27 रन ठोके। धोनी ने 4 गेंदों पर 12 रन बनाए। इस मैच को जीतने के लिए लखनऊ को 218 रन बनाने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम तीन साल के लंबे इंतजार के बाद पहली बार अपने घरेलू दर्शकों के सामने आज रात मैदान पर उतरेगी।

पहले मैच में सीएसके को गुजरात टाइटंस के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। ऐसे में चेपॉक के मैदान पर माही की येलो आर्मी सीजन की पहली जीत दर्ज करना चाहेगी। पहले मुकाबले में रुतुराज गायकवाड़ ने बल्ले से जमकर कोहराम मचाया था, लेकिन बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। वहीं, गुजरात के खिलाफ टीम की गेंदबाजी में भी वो धार नजर नहीं आई थी। दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में जमकर गर्दा उड़ाया था। काइल मेयर्स ने बल्लेबाजी में तूफानी पारी खेली थी, जबकि गेंदबाजी में मार्क वुड ने जमकर कहर बरपाते हुए पंजा खोला था। वहीं, रवि बिश्नोई भी गेंद से कारगर साबित हुए थे।

### स्टार पर 13 करोड़ लोगों ने देखा आईपीएल का पहला मैच

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में उपभोक्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की है। डिज्नी स्टार की ओर से सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गये पहले आईपीएल मैच को 13 करोड़ दर्शकों ने देखा। टूर्नामेंट के पहले दिन का वॉच टाइम (कुल प्रसारण समय) 8.7 अरब मिनट रहा, जो पिछले साल की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक है। प्रसारक ने पिछले आईपीएल संस्करण की तुलना में टीवी रेटिंग में भी 29 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की। डिज्नी स्टार के खेल प्रमुख संजोग गुप्ता ने कहा, हम देश भर के प्रशंसकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। देखने के समय में भारी वृद्धि हमारे अभियान की सफलता का वसीयतनामा है। उन्होंने कहा, यह दुनिया में प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट के रूप में आईपीएल की लोकप्रियता का भी प्रमाण है। हम कहानी कहने की शक्ति, सर्वश्रेष्ठ कवरेज और बड़े पैमाने पर अनुकूलन के माध्यम से प्रशंसकों की सेवा करने के अपने प्रयास में बने रहेंगे।

# कोको गॉफ-जेसिका पेगुला की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन के महिला युगल का खिताब

**एजेंसी। मियामी**

कोको गॉफ और जेसिका पेगुला ने मियामी ओपन के महिला युगल का खिताब जीत लिया है। रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में गॉफ-पेगुला की जोड़ी ने लेयला फर्नांडीज और टेलर टाउनसेंड की जोड़ी को 7-6 (6), 6-2 से हराया और 1991 के बाद यह खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी महिला युगल जोड़ी बन गई। वर्ष 1991 में मैरी जो फर्नांडीज और ज़िना गैरीसन की अमेरिकन जोड़ी ने आखिरी बार मियामी ओपन के महिला युगल वर्ग का खिताब जीता था।

गॉफ और पेगुला ने इस साल अब दो चैंपियनशिप जीती है



ली हैं, जिनमें पहला फरवरी में दोहा ओपन और अब मियामी ओपन है। खिताब जीतने के बाद गॉफ ने कहा, यह टूर्नामेंट उन टूनामेंटों में से एक है, जिसे आप देखते हुए बड़े हुए हैं, और मुझे लगता है कि यह हमारे द्वारा जीते गए अन्य खिताबों से अधिक विशेष है। हमारे परिवार के सामने यह खिताब जीतना, बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हम वह परिणाम प्राप्त करने में सक्षम थे, जो हम चाहते थे। मुझे लगता है कि हमारा क्वार्टर, फाइनल कठिन था, हालांकि हमने वहां जीत दर्ज की। ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि हम इससे बेहतर मैच खेल सकते थे।

# सीरी ए में मिलान ने नेपोली को हराया

**एजेंसी। रोम**

सीरी ए क्लैश एकतरफा साबित हुआ। एसी मिलान ने नेपोली को 4-0 से हरा दिया, जिससे इस सीजन में उसकी ये सबसे बड़ी हार है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार के मैच से पहले सिर्फ दो हार से नेपोली इस सीजन में ऊंची उड़ान भर रहा है, जबकि मिलान पिछले तीन मैचों में केवल एक अंक के साथ संघर्ष कर रहा है।

मिलान के राफेल लिओ ने 17वें मिनट में शानदार गोल किया। ठीक 25वें मिनट बाद ब्राहिम डियाज ने दूसरा गोल किया। टीम अब 2-0 से आगे थी। टीम ने पहले हाफ में दो गोल किए। उसके बाद राफेल लिओ ने 59वें मिनट में एक और गोल किया। वहीं, एलेक्सिस सालेमैकर्स ने 67वें मिनट में गोल कर टीम को 4-0 से बढ़त दिलाई।



मनोबल बढ़ाने वाली जीत के साथ, मिलान 51 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर वापस आ गया। वहीं, अन्य मैच में लाजियो ने मोंजा पर 2-0 से जीत हासिल की, जबकि नेपोली अभी भी 16 अंकों की बढ़त के साथ तालिका में सबसे आगे हैं। रोमा ने दूसरे हाफ में सम्पदोरिया को 3-0 से हराया, बोलोग्ना ने उडीनीस को 3-0 से हराया और स्पेजिया ने सार्लेनिटाना के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

# जोकोविच ने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नोवाक जोकोविच मियामी ओपन में कार्लोस अल्कराज की सेमीफाइनल में हार के बाद एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 स्थान पर लौट आए हैं। सर्बियाई महान, जिन्होंने हाल ही में विश्व नंबर 1 के रूप में स्टेफनी ग्राफ के 377 सप्ताह के निशान को पार कर लिया है, अपने 381वें सप्ताह की शुरूआत कर रहे हैं और 9 अप्रैल से शुरू होने वाले मोंटे-कार्लो मास्टर्स में एटीपी टूर पर लौटने वाले हैं। लेकिन मिट्टी के मौसम और उससे आगे नंबर 1 के लिए



लड़ाई में एक मोड़ आ सकता है क्योंकि अल्काराज पर जोकोविच के बढ़त 380 अंक है। हालांकि, अलकराज मोंटे कार्लो में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उसे एक बार फिर नंबर 1 स्थान हासिल करने का मौका मिल सकता है।

जिला स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जिले वासियों एवं छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई।



धर्मदास दया कुजूर
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डोरम सरयू लातेहार।

## आईपीएल 2023 | आरसीबी के खिलाफ मिली हार पर शेन बॉन्ड ने कहा

# छोटे मैदान पर 170 रन का लक्ष्य अपर्याप्त था

**एजेंसी। बेंगलुरु**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 8 विकेट में मिली करारी शिकस्त के बाद मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा कि छोटे मैदान पर 170 रन का लक्ष्य पर्याप्त नहीं था। विराट कोहली की 82 रनों की नाबाद पारी और फाफ डु प्लेसिस की धमाकेदार 73 रनों की तूफानी पारी की बदौलत आरसीबी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को मुंबई इंडियंस पर आठ विकेट से जीत दर्ज की।

मुंबई इंडियंस ने 2012 के बाद से सीजन का पहला मैच नहीं जीता है, हालांकि टीम ने पांच बार खिताब जीता है। मुंबई के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने टीम की ओर से मीडिया से बातचीत में कहा,



₹मुझे लगता है कि इतने छोटे मैदान पर 170 रन पर्याप्त नहीं हैं। अगर हम 190 से अधिक रन बनाते हैं तो हमारे पास एक मौका था। फिर हम गेंद के साथ उतने सटीक नहीं थे जितने की हमें जरूरत थी। कीवी दिग्गज ने उन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जोर दिया जहां मुंबई संभवतः प्रतियोगिता को अपने पक्ष में कर सकती थी। उन्होंने कहा, हम जानते थे कि सलामी साझेदारी को तोड़ना कितना महत्वपूर्ण था, लेकिन हम इसे तोड़ नहीं सके, और हम लंबे समय तक दबाव भी नहीं बना सके। हमारे पास गेंद और फाफ (फाफ डु प्लेसिस) पर नियंत्रण की कमी थी, विराट (विराट कोहली) ने भी खूबसूरती से खेला। इसलिए मुझे लगता है कि आज तीनों चरणों में हम आउट हो गए। आरसीबी के तरफ से मैच की शुरूआत में मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन गेंदबाजी की। बॉन्ड ने कहा कि मैच में आरसीबी के तेज गेंदबाजों का शुरूआती स्पेल काफी महत्वपूर्ण था।

### पिछले छह-आठ महीनों से मैं जसप्रीत बुमराह के बिना खेलने का आदी हूं : रोहित शर्मा

**रॉयल** चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 8 विकेट से मिली हार के बाद, मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले छह-आठ महीनों से वह स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह के बिना खेलने के आदी हैं। विराट कोहली की 82 रनों की नाबाद पारी और फाफ डु प्लेसिस की धमाकेदार 73 रनों की तूफानी पारी की बदौलत आरसीबी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को मुंबई इंडियंस पर आठ विकेट से जीत दर्ज की। जहां प्रशंसक बुमराह को उनके अनोखे गेंदबाजी एक्शन के साथ मैदान पर वापस देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं, वहीं बार-बार चोट लगने के कारण वह टीम में शामिल नहीं हो पाए हैं। अगस्त में पीठ की चोट के कारण एशिया कप से बाहर होने के बाद से उन्होंने एक से अधिक बार वापसी करने का प्रयास किया है। प्रारंभ में, चोट गंभीर नहीं लग रही थी क्योंकि उन्हें सितंबर में भारत के टी20 विश्व कप टीम में नामित किया गया था और यहां तक कि उन्होंने 23 और 25 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैच भी खेले थे, लेकिन उसके बाद से वह मैदान से बाहर हैं। संदीप वारियर ने मुंबई इंडियंस टीम में बुमराह की जगह ली है। रोहित ने मैच के बाद कहा, पिछले छह से आठ महीनों से मैं जसप्रीत बुमराह के बिना खेलने का आदी हूं। बेशक यह एक अलग सेटअप है, लेकिन किसी को अपना हाथ ऊपर करने और कदम बढ़ाने की जरूरत है। हम इस पर ध्यान नहीं दे सकते।

